CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 27°C
न्यूनतम: 16°C

देहरादून, शनिवार 28 मार्च 2026 देहरादून संस्करण: वर्ष 25 अंक 229 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper


shahtimes2015@gmail.com चैत्र कृष्ण पक्ष 10 विक्रमी सम्वत् 2083 8 शव्वाल 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



उत्पाद शुल्क कटौती, जनता से वसूली का खेल: प्रमोद तिवारी पेज 2



बेंगलुरु का एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम किले में तब्दील खेल टाइम्स



नई खोजों ने जैव विविधता की हमारी समझ को नई दिशा दी सम्पादकीय



स्कूल पर हमला गलती नहीं, युद्ध अपराध: अब्बास अराघची पेज 12

# ईरान ने शुरू किया ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस-4 का 83वां चरण

## IRGC ने की इजरायल के ठिकानों पर मिसाइलों की बारिश, खाड़ी देशों में अमेरिकी अड्डों को भी बनाया निशाना

**तेहरान।** पश्चिम एशिया की धरती एक बार फिर दहक उठी है। ईरान ने शुक्रवार तड़के भीषण हमले कर यह साफ कर दिया है कि वह पीछे हटने के मूड में नहीं है। ईरानी रिवोल्यूशनरी गार्ड्स कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस-4 के तहत 83वां चरण शुरू कर दिया है।

इस बार ईरानी सेना ने न केवल इजरायल को चोट दी है, बल्कि खाड़ी देशों में मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों को भी निशाना बनाया है। आईआरजीसी ने आधुनिक बैलिस्टिक मिसाइलों और सुसाइड ड्रोन्स के जरिये इजरायल के अशदोद में तेल डिपो को निशाना बनाया है। हमले के बाद वहां आग लगने की बात कही जा रही है। इसके अलावा, इजरायल के सैन्य ठिकानों पर भी सटीक हमले किए गए हैं। ईरान ने सीधे अमेरिकी अड्डों को अपना निशाना बनाया -शेष पृष्ठ दो पर



- हूती विद्रोहियों ने ईरान के लिए जंग में उतरने की चेतावनी दी, ईरान बोला- भारतीय बच्चों का गुल्लक दान करना कभी नहीं भूलेंगे

### ईरान ने मिसाइलों पर थैंक्यू इंडिया लिखा, इजरायल पर दागीं, मिसाइलों पर पाकिस्तान का भी नाम

**तेहरान/वाशिंगटन।** ईरान ने इजरायल पर 83वीं बार मिसाइल हमला किया। इस बार मिसाइलों पर थैंक्यू इंडिया लिखकर भेजा गया। सोशल मीडिया पर सामने आए वीडियो में दिखा कि ईरानी सैनिक मिसाइलों पर थैंक्यू पीपल ऑफ इंडिया लिख रहे हैं। इसी तरह स्पेन, पाकिस्तान और जर्मनी के लिए भी संदेश लिखे गए। ईरान ने कहा कि यह कदम उन देशों के प्रति आभार जताने के लिए है जिन्होंने उसका समर्थन किया। ईरान की आईआरजीसी के मुताबिक, यह 83वीं स्ट्राइक थी, जिसमें लंबी और मध्यम दूरी की मिसाइलें और ड्रोन इस्तेमाल किए गए। हमलों में इजरायल के ठिकानों के साथ खाड़ी क्षेत्र में अमेरिकी सैन्य ठिकानों को भी निशाना बनाया गया। बहरीन में पैट्रियट एयर डिफेंस सिस्टम से जुड़े एक ठिकाने पर हमला होने का दावा किया गया है।

### अमेरिका को मुंहतोड़ जवाब देने को 10 लाख ईरानी लड़ाके तैयार

**तेहरान।** ईरान ने अमेरिका को कड़ी चेतावनी दी है कि अगर उसने ईरान पर जमीनी हमला किया, तो उसे भीषण नरक यानी मुहंतोड़ कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। ईरान के एक सैन्य सूत्र ने कहा है कि इस संभावित हमले की खबर के बाद देश में लड़ने का जोश बढ़ गया है। सूत्र के मुताबिक, अब तक करीब 10 लाख लड़ाके तैयार किए जा चुके हैं।

# भारत की सैन्य ताकत में होगा बड़ा इजाफा

शाह टाइम्स ब्यूरो

- 2.38 लाख करोड़ के रक्षा सौदों पर डीएसी की लगी मुहर
- एस-400 की अतिरिक्त खरीद को भी दी मंजूरी

**नई दिल्ली।** रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) ने शुक्रवार को विभिन्न प्रस्तावों को मंजूरी दी है, जिसके तहत लगभग 2.38 लाख करोड़ रुपये की लागत के सैन्य हार्डवेयर खरीदे जाएंगे।

भारतीय सेना के लिए एयर डिफेंस ट्रैक्ड सिस्टम, आर्मर्ड पियर्सिंग टैंक एम्यूनिशन, उच्च क्षमता के रेडियो रिले, धनुष गन सिस्टम और रनवे इंडिपेंडेंट एरियल सर्विलांस सिस्टम की खरीद की मंजूरी दी गई है। एयर डिफेंस ट्रैक्ड सिस्टम रियल- टाइम में वायु रक्षा नियंत्रण और रिपोर्टिंग क्षमता प्रदान करेगा। जबकि, उच्च क्षमता वाला रेडियो रिले भरोसेमंद और त्रुटि-रहित संचार सुनिश्चित करेगा। धनुष गन सिस्टम से तोपखाने की क्षमता बढ़ेगी और सभी क्षेत्रों में लंबी दूरी के लक्ष्यों को अधिक प्रभावी और सटीक ढंग से निशाना बनाया जा सकेगा। रनवे इंडिपेंडेंट एरियल सर्विलांस सिस्टम सैन्य इकाइयों को निगरानी की क्षमता देगा और आर्मर्ड पियर्सिंग टैंक एम्यूनिशन टैंक रोधी हथियारों की क्षमता को बढ़ाएगा। भारतीय वायुसेना के लिए मध्यम परिवहन विमान, लंबी दूरी की सतह-से-वायु मिसाइल प्रणाली एस-400, दूर से नियंत्रित हमलावर विमान और सुखोई-30 एयरो इंजन के कलपुर्जों की मरम्मत और ओवरहाल (इंजन के सभी हिस्सों की पूरी तरह जांच करना, खराब या घिसे हुए हिस्सों को बदलना और उसे फिर से पूरी क्षमता के साथ चलाने के योग्य बनाना) के प्रस्ताव मंजूर किए गए हैं। मध्यम परिवहन विमान के शामिल होने से एएन-32 और आईएल-76 के पुराने परिवहन बेड़े को बदलने से वायुसेना की रणनीतिक, सामरिक हवाई परिवहन की सभी आवश्यकताओं को पूरा किया जा सकेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### बालेंद्र शाह नेपाल के 47वें प्रधानमंत्री नियुक्त

**काठमांडू।** नेपाल में राष्ट्रपति राम चंद्र पौडेल ने राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) के संसदीय दल के नेता बालेंद्र शाह को नेपाल का 47वां प्रधानमंत्री नियुक्त किया है। राष्ट्रपति कार्यालय से शुक्रवार को उनकी नियुक्ति की औपचारिक घोषणा के साथ ही नए मंत्रिमंडल के गठन की प्रक्रिया भी तेज हो गई है। श्री शाह को प्रतिनिधि सभा में बहुमत प्राप्त दल के नेता के रूप में संविधान की धारा 76 (1) के तहत यह पद सौंपा गया है। वह काठमांडू महानगर पालिका के मेयर पद से इस्तीफा देकर राजनीति के राष्ट्रीय पटल पर उतरे और लोगों ने उन पर भरोसा जताया। चुनावों में जीत दर्ज करने के बाद श्री शाह पहली बार संसद सदस्य के रूप में प्रवेश करते ही देश के कार्यकारी प्रमुख की जिम्मेदारी संभालेंगे।

### अविमुक्तेश्वरानंद पर हाईकोर्ट के फैसले को शीर्ष कोर्ट में चुनौती

**नई दिल्ली।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती को यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम मामले में अग्रिम जमानत दिए जाने के कुछ दिनों बाद, इस आदेश के खिलाफ सर्वोच्च न्यायालय में अपील दायर की गई है। यह अपील मामले के शिकायतकर्ता आशुतोष ब्रह्मचारी ने दायर की है। उन्होंने उच्च न्यायालय के 25 मार्च के आदेश को चुनौती दी है।

# पेट्रोल-डीजल पर एक्साइज ड्यूटी 10-10 रुपये घटी

## दाम नहीं बढ़ेंगे, वित्त मंत्रालय ने जारी की अधिसूचना

शाह टाइम्स ब्यूरो



सरकार के फैसले से तेल विपणन कंपनियों पर दबाव होगा कम, कटौती तत्काल प्रभाव से लागू

**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उछाल को देखते हुए सरकार ने शुक्रवार को पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में 10-10 रुपये प्रति लीटर की कटौती की घोषणा की। यह कटौती तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है।

सरकार के इस निर्णय से तेल विपणन कंपनियों पर दबाव कम होगा और उन्हें फिलहाल पेट्रोल-डीजल के दाम नहीं बढ़ाने होंगे। वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार को जारी अधिसूचना में बताया कि पेट्रोल पर विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क 13 रुपये प्रति लीटर से घटाकर तीन रुपये प्रति लीटर और डीजल पर 10 रुपये प्रति लीटर से घटाकर शून्य कर दिया गया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में लिखा कि पश्चिम एशिया संकट के मद्देनजर घरेलू इस्तेमाल वाले पेट्रोल-डीजल पर केंद्रीय उत्पाद शुल्क में 10-10 रुपये प्रति लीटर की कटौती की गई है। इससे ग्राहकों को मूल्य वृद्धि से सुरक्षा मिलेगी। उन्होंने बताया कि इसकी जानकारी संसद को भी दे दी है। उल्लेखनीय है कि पश्चिम एशिया संकट के कारण अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में वृद्धि के कारण तेल विपणन कंपनियों पर दोनों जीवाश्म ईंधनों के दाम बढ़ाने का दबाव था। उत्पाद शुल्क में कटौती से उन्हें राहत मिलेगी। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में मार्च का ब्रेंट क्रूड वायदा फिलहाल 0.5 प्रतिशत गिरकर करीब 107.5 डॉलर प्रति बैरल पर है। पश्चिम एशिया संकट के बाद से इसकी कीमत करीब 50 फीसदी बढ़ चुकी है। यह कटौती सार्वजनिक तेल विपणन कंपनियों द्वारा नेपाल, भूटान, श्रीलंका और बांग्लादेश को किए जाने वाले निर्यात पर भी लागू होगी। इसके अलावा, सरकार ने डीजल के निर्यात पर 21.5 रुपये और विमान ईंधन के निर्यात पर 29.5 प्रति लीटर का शुल्क लगाया -शेष पृष्ठ दो पर

### ईंधन की कमी को लेकर देश में लॉकडाउन नहीं लगेगा: सीतारमण



**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने डीजल और पेट्रोल पर उत्पाद शुल्क में कटौती के निर्णय की सराहना करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नहीं चाहते थे कि (पेट्रोलियम) के खुदरा मूल्य बढ़ें। वित्त मंत्री ने ईंधन की कमी को लेकर देश में कोविड महामारी के दौर जैसा लॉकडाउन लगाने की चर्चाओं को भी खारिज किया और कहा कि ईंधन की कोई कमी नहीं है और लॉकडाउन जैसा कुछ नहीं होगा। उन्होंने डीजल -पेट्रोल पर उत्पाद शुल्क में 10-10 रुपये की कटौती के ताजा निर्णय के बारे में कहा कि प्रधानमंत्री चाहते थे कि उपभोक्ता कीमतें न बढ़ें। वित्त मंत्री ने ईंधन पर शुल्क में कमी की सराहना की। उन्होंने लॉकडाउन की चर्चा पर कहा कि मैं लोगों को भरोसा दिलाना चाहती हूं कि कोई लॉकडाउन नहीं होगा।

### सूर्य की किरणों ने किया रामलला का सूर्यतिलक

**अयोध्या।** प्रभु श्रीराम के बालस्वरूप रामलला के जन्मोत्सव पर ठीक 12 बजे राममंदिर स्थित गर्भगृह में स्थापित रामलला की भव्य दिव्य प्रतिमा के ललाट पर भगवान सूर्य की किरणों ने सूर्यतिलक कर उनका अभिषेक किया। राम का जन्म होते ही राममंदिर का संपूर्ण परिसर जय श्री राम के गगनभेदी नारों से गुंजायमान हो गया, घंटा घड़ियाल और मृदंग मंजीरों के मधुर संगीत के साथ प्रगट भए कृपाला दीन दयाला के भजन से रामभक्त श्रद्धालु झूम उठे। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर परिसर राममय हो गया। रामजन्मोत्सव की शुरुआत प्रभु श्रीराम के पंचामृत महाभिषेक से प्रात: 9 बजे ही शुरू हो गई थी। राममंदिर परिसर को फूलों से सजाया गया। प्रभु श्रीराम का श्रृंगार किया गया और रामलला को पीला वस्त्र धारण कराया गया। रामलला को भोग प्रसाद ग्रहण कराने के बाद उनकी आरती उतारी गई।

# इजरायल से दोस्ती, खाड़ी देशों का भी करीबी बना भारत

वाशिंगटन, वार्ता

**पश्चिम एशिया** में बदलते भू-राजनीतिक परिदृश्य के बीच भारत का संतुलित और व्यावहारिक दृष्टिकोण इजरायल के साथ उसकी रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने की ओर आगे बढ़ रहा है।

एक प्रतिष्ठित अमेरिकी थिंक-टैंक मिडिल ईस्ट फोरम की रिपोर्ट के अनुसार, पिछले तीन दशकों में भारत और इजरायल के बीच रणनीतिक साझेदारी में लगातार वृद्धि हुई है, जो सीमित राजनयिक आदान-प्रदान से शुरू होकर सुरक्षा और प्रौद्योगिकी के एक मजबूत रिश्ते में बदल गई है। दोनों देशों के बीच आतंकवाद, क्षेत्रीय अस्थिरता और सुरक्षा चुनौतियों को लेकर साझा चिंताएं उनके रिश्तों को और प्रगाढ़ करने में मददगार रही हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत के लिए इजरायल ने रक्षा और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में एक विश्वसनीय भागीदार के रूप में अपनी पहचान बनाई है। वहीं, नई दिल्ली ने अपनी व्यापक पश्चिम एशिया रणनीति के तहत अरब देशों के साथ भी अपने मजबूत संबंध बनाए रखे हैं। समय के साथ भारत और इजरायल के बीच सहयोग का दायरा बढ़ा है। इसमें खुफिया जानकारी साझा करना, मिसाइल सिस्टम, निगरानी तकनीक और आतंकवाद विरोधी प्रयासों जैसे क्षेत्र शामिल हैं। रक्षा नवाचार, साइबर सुरक्षा और उन्नत सैन्य प्रौद्योगिकी में अपनी नेतृत्व क्षमता के साथ, इजरायल भारत के लिए एक अनिवार्य भागीदार के रूप में उभरा है। दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर 2025 में हस्ताक्षरित संयुक्त विकास और सह-उत्पादन पर एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) है।



- अमेरिकी रिपोर्ट ने बताई नई दिल्ली की रणनीति
- आतंकवाद और सुरक्षा चिंताओं से मजबूत हुए रिश्ते

### कनाडा की विदेश मंत्री से जयशंकर ने होर्मुज संकट पर की बात

**पेरिस।** पश्चिम एशिया में जारी संकट और उसके दुनिया पर पड़ रहे असर को लेकर विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद के साथ अहम बैठक की। दोनों नेताओं की यह बैठक जी7 की बैठक से अलग हुई। जयशंकर गुरुवार को जी-7 के विदेश मंत्रियों की बैठक में हिस्सा लेने फ्रांस पहुंचे। बैठक के बाद कनाडा की विदेश मंत्री ने एक्स पर साझा एक पोस्ट में बताया कि दोनों नेताओं ने इस वर्ष की शुरुआत में पीएम कार्नी के भारत दौरे पर आगे बढ़ाई गई साझेदारी की प्रगति की समीक्षा की। आनंद ने कहा कि बैठक में व्यापार, पश्चिम एशिया की स्थिति और दोनों देशों के सहयोग को और मजबूत करने पर बात हुई।



## संक्षिप्त समाचार

### श्रद्धालुओं से भरी पिकअप ट्राला से टकराई, 8 की मौत

**कौशांबी।** कानपुर-प्रयागराज हाईवे पर शुक्रवार को दर्दनाक सड़क हादसे में आठ लोगों की मौत हो गई। हादसे में 17 श्रद्धालु घायल हो गए है। सैनी थाना क्षेत्र के डोरमा पेट्रोल पंप के समीप उस समय हुआ जब सड़क किनारे खड़े ट्राला में पीछे से तेज रफ्तार पिकअप अनियंत्रित होकर जा भिड़ी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पिकअप के परखचे उड़ गए और उसमें सवार यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। मृतकों में तीन बच्चे, तीन महिला और दो पुरुष शामिल हैं। बताया जा रहा है कि पिकअप में करीब 25 लोग सवार थे, जिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल थे। सभी लोग फतेहपुर जिले के मलवां क्षेत्र के बड़ोखर गांव के रहने वाले बताए जा रहे हैं। वे लोग रामनवमी के अवसर पर बच्चे का मुंडन कराने के लिए प्रयागराज आए थे। यहां संगम स्नान और मुंडन संस्कार कराने के बाद पिकप से फतेहपुर लौट रहे थे कि सैनी इलाके में हादसा हो गया।

### रुपया 34 पैसे टूटकर 94.30 रुपये प्रति डॉलर के रिकॉर्ड निचले स्तर पर

**मुंबई।** अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया शुक्रवार को शुरुआती कारोबार में 34 पैसे टूटकर 94.30 रुपये प्रति डॉलर पर आ गया। बीच कारोबार में पहली बार भारतीय मुद्रा इस स्तर तक कमजोर हुई है। पिछले कारोबारी दिवस पर 25 मार्च को यह 20 पैसे की गिरावट में 93.96 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुई थी जो इसका अब तक का सबसे कमजोर बंद भाव है। रुपया आज 22.75 पैसे की गिरावट में 94.1875 रुपये प्रति डॉलर पर खुला और 94.30 रुपये प्रति डॉलर तक टूट गया। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में वृद्धि और विदेशी संस्थागत निवेशकों के भारतीय पूंजी बाजार में इस

## जनता दर्शन में विभिन्न जिलों से आए लोगों से सीएम ने की मुलाकात

# गुंडागर्दी बर्दाश्त नहीं, पुलिस करे सख्त कार्रवाई: योगी

**गोरखपुर, वार्ता**



■ कमजोर वर्ग के लोगों को कतिपय दबंगों द्वारा डराने, धमकाने की शिकायत पर मुख्यमंत्री का रुख सख्त

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान लगातार दूसरे दिन शुक्रवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में विभिन्न जिलों से आए लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और कहा कि गुंडागर्दी बर्दाश्त नहीं की जाएगी इस दौरान कमजोर वर्ग के लोगों को कतिपय दबंगों द्वारा डराने, धमकाने की शिकायत पर मुख्यमंत्री ने पुलिस अधिकारियों से दो टूक कहा कि गुंडागर्दी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

ऐसे तत्वों के खिलाफ तत्काल कड़ी कार्रवाई की जाए। यदि कोई अभियुक्त जमानत पर छूटने के बाद वादी को धमका रहा हो, तो उसकी जमानत निरस्त कराने की कार्यवाही की जाए। गोरखनाथ मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर आयोजित जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करीब 200 लोगों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश दिया और कहा कि हर व्यक्ति की समस्या का समाधान सरकार का संकल्प है। उन्होंने कहा कि अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि बिना भेदभाव सबको न्याय मिले। हर पात्र को जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिलेए जरूरतमंदों के समुचित इलाज की व्यवस्था हो, जमीन कब्जाने वाले भू-माफिया व दबंगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई हो। अधिकारियों को निर्देशित करने के साथ ही योगी ने लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए प्रतिबद्ध है। जनता दर्शन में गंभीर बीमारियों के उपचार के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर आए लोगों से मुख्यमंत्री ने कहा कि धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा। अस्पताल से इलाज का एस्टीमेट मिलते ही सरकार धन उपलब्ध करा देगी। जनता दर्शन में परिजनों के साथ आए बच्चों को मुख्यमंत्री ने दुलारा और उन्हें चॉकलेट के साथ अपना आशीर्वाद भी दिया। वहीं मातृशक्ति के प्रति असीम श्रद्धा भाव से उनकी सुरक्षा सम्मान और स्वावलंबन के लिए अनेक कार्यक्रमों को आगे बघने वाले मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठा धीश्वर योगी आदित्यनाथ ने वासंतिक चैत्र नवरात्र की नवमी तिथि पर शुक्रवार को गोरक्षपीठ की परंपरा के अनुसार कन्या पूजन किया।

### प्रदेश में सज्जनों का संरक्षण, दुर्जनों के लिए जीरो टॉलरेंस: सीएम

**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश में सुरक्षा के बेहतर माहौल के साथ सरकार रामराज्य की अवधारणा को साकार कर रही है। योगी गोरखनाथ मंदिर में शुक्रवार को कन्या पूजन के बाद प्रदेशवासियों को वासंतिक नवरात्र की नवमी तिथि एवं श्रीरामनवमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यहां हर सज्जन शक्ति का संरक्षण है, लेकिन दुर्जन शक्ति के लिए जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाती है। उन्होंने कहा कि समाज के अंतिम पायदान के व्यक्ति के लिए संवेदना है लेकिन भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारियों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति है उत्तर प्रदेश में विरासत का सम्मान भी है और विकास की गारंटी भी। योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में रामराज्य की अवधारणा से बिना भेदभाव शासन की योजनाओं का लाभ हर व्यक्ति तक पहुंचाया जा रहा है।

## उत्पाद शुल्क कटौती, जनता से वसूली का खेल: कांग्रेस



■ सरकार खुद को राहत देने वाली बताकर सियासी लाभ लेने की कोशिश कर रही: प्रमोद तिवारी



■ आत्मनिर्भरता के प्रयासों के बावजूद भारत की ऊर्जा आयात क्षेत्र में निर्भरता बढ़ी है: जयराम रमेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** राज्यसभा में उप नेता विपक्ष प्रमोद तिवारी ने पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में कटौती को लेकर शुक्रवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि ईधन में उत्पाद शुल्क कटौती 'जनता से वसूली का खेल' है। तिवारी ने आरोप लगाया कि सरकार पहले जनता से भारी वसूलती है और बाद में मामूली राहत देकर उसे 'उपकार' के रूप में पेश करती है।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 में पेट्रोल पर उत्पाद शुल्क 9.48 रुपए प्रति लीटर और डीजल पर 3.56 रुपए प्रति लीटर थी, जो अब बढ़कर क्रमश: लगभग 32.98 रुपए और 31.83 रुपये प्रति लीटर हो गई है। उन्होंने इसे जनता पर बढ़ता आर्थिक बोझ बताते हुए कहा कि सरकार ने इन करों के जरिए लाखों करोड़ रुपये वसूले हैं। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि अब सरकार खुद को राहत देने वाली बताकर राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश कर रही है, जबकि आम लोगों की परेशानी कम नहीं हुई है। अंत में उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि लगता है, जो फाइल है, उसका कुछ असर अब दिमाग पर भी दिखने लगा है। गौरतलब है कि सरकार ने आज पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क को 10 रुपये प्रति लीटर घटा दिया है। इससे पेट्रोल पर उत्पाद शुल्क घटकर तीन रुपये प्रति लीटर हो गई है। वहीं डीजल पर यह जीरो रुपये प्रति लीटर हो गई है। वहीं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने शुक्रवार को ऊर्जा आयात पर बढ़ती निर्भरता को लेकर केंद्र सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि पिछले एक दशक में देश प्रमुख ईंधन क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता से और दूर चला गया है। श्री रमेश ने एक बयान में कहा कि 2014-15 से 2024-25 के बीच कच्चे तेल के आयात पर भारत की निर्भरता 84 प्रतिशत से बढ़कर 90 प्रतिशत हो गई है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि इसी अवधि में एलपीजी आयात पर निर्भरता 46 प्रतिशत से बढ़कर 62 प्रतिशत तक पहुंच गई है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि यह सब तब हो रहा है, जब नारा आत्मनिर्भरता का दिया गया था। कांग्रेस नेता ने कहा कि देश में प्राकृतिक गैस उत्पादन की स्थिति 'और भी अस्पष्ट' बनी हुई है, जिसे उन्होंने गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी के कार्यकाल के दौरान किए गए दावों से जोड़ा। उन्होंने याद दिलाया कि 26 जून 2005 को मोदी ने घोषणा की थी कि गुजरात स्टेट पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन (जीएसपीसी) ने कृष्णा-गोदावरी बेसिन के गहरे समुद्र में देश के सबसे बड़े गैस भंडार की खोज की है, जिसे भारत को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने वाला बताया गया था।

## यूपी के कई जिलों में पेट्रोल पंपों पर लंबी कतारें

■ अफवाहों के चलते मची मारामारी, राज्य सरकार ने कहा-पर्याप्त है स्टॉक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के कई जिलों में पेट्रोल-डीजल की कीमत बढ़ने और संभावित कमी की अफवाहों के चलते गुरुवार को कई जगहों पर पेट्रोल पंपों पर लंबी कतारें लग गईं और यातायात तक प्रभावित हुआ। यह हालात अयोध्या, अंबेडकर नगर और बहराइच समेत तमाम जिलों ने दिखाई पड़े।

प्रयागराज के अलोपीबाग, सिविल लाइंस, करेली और मीरा.पुर जैसे इलाकों में लोगों ने आधा टैंक भरा होने के बावजूद ईंधन भरवाने के लिए लंबी कतारें लगा दीं। कई जगहों पर लाइनें सड़कों तक फैल गईं, जिससे ट्रैफिक व्यवस्था प्रभावित हुई। ग्रामीण क्षेत्रों में भी यही हाल देखने को मिला, जहां पेट्रोल पंप कर्मियों को भीड़ संभालने के लिए पुलिस की मदद लेनी पड़ी। बहराइच में भी शहरी और ग्रामीण दोनों इलाकों में अचानक मांग बढ़ी, हालांकि प्रशासन ने स्पष्ट किया कि जिले के सभी 121 पेट्रोल पंपों पर आपूर्ति सामान्य और पर्याप्त है। अंबेडकर नगर में हालात कुछ ज्यादा बिगड़े नजर आए, जहां कई पेट्रोल पंपों पर 'नो फ्यूल' के बोर्ड लग गए। बस्कहरी, जलालपुर और जहांगीरगंज जैसे इलाकों में पेट्रोल-डीजल खत्म होने की खबरें आईं। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए कई पंपों पर दोपहिया वाहनों के लिए 200 रुपये और चारपहिया के लिए 500 रुपये के ईधन की सीमा तय करनी पड़ी।

## गैस सिलेंडर के लिए सोशल मीडिया पर अपना नम्बर डालें उपमुख्यमंत्री: अखिलेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में एलपीजी सिलेंडर के संकट से जूझ रही जनता के प्रति हमदर्दी का इजहार करते हुए समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य पर हमला बोला है।



उन्होंने कहा कि डिप्टी सीएम को अपना नम्बर सोशल मीडिया पर जारी करना चाहिए, जिससे आम जनता को सिलेंडर आसानी से मिल सके। यादव ने शुक्रवार को एक्स पर लिखा- उप्र के भाजपाई डिप्टी सीएम के बयान से ये साबित हो गया है कि सिलेंडर की जमाखोरी और कालाबाजारी भाजपाई ही कर रहे हैं। डिप्टी सीएम का दावा है कि 'जिसके यहां सिलेंडर न हो वो हमारे यहां सूचना भेज दे, हम सिलेंडर भिजवा देंगे'। इस संदर्भ में आग्रह है कि वो अपना फोन नंबर सोशल मीडिया पर डाल दें या अपने घर, कार्यालय या फिर सीधे अपने जमाखोरीवाले अंडरग्राउंड गोदाम का पता ही दे दें। दरअसल मौर्य ने कहा था कि अगर किसी के पास सिलेंडर नहीं है, तो वे उनके कार्यालय को सूचित करें, सिलेंडर भिजवाया जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि संकट के समय भाजपा कार्यकर्ता जनता की मदद के लिए सक्रिय नहीं दिख रहे हैं। गैस एजेंसियों और पेट्रोल पंपों पर लंबी कतारों के बावजूद पार्टी के लोग कहीं नजर नहीं आ रहे हैं।

### बंगाल चुनाव के बाद पेट्रोल डीजल की कीमतों में भारी बढ़ोत्तरी संभव: रामगोपाल

**इटावा।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव प्रो. रामगोपाल यादव ने मिडिल ईस्ट में चल रहे तनाव के बीच दावा किया है कि पश्चिम बंगाल समेत अन्य राज्यों के चुनाव के बाद पेट्रोल की कीमतों में प्रति लीटर 50 रुपये तक की बढ़ोतरी हो सकती है। इटावा स्थित केदारेश्वर महादेव मंदिर में भगवान श्रीराम और श्रीकृष्ण की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम में शामिल होने के बाद पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि ईरान-इजरायल के बीच बढ़ते तनाव के कारण पेट्रोलियम पदार्थों पर संकट गहराता जा रहा है।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



सेंसेक्स 73583.22
निफ्टी 22819.60



सोना 141000
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 225000
प्रति किलो



## शेयर बाजारों में फिर गिरावट सेंसेक्स 1,690 अंक लुढ़का

**मुंबई, वार्ता**

घरेलू शेयर बाजारों में दो दिन की तेजी के बाद शुक्रवार को फिर गिरावट देखी गई और बीएसई का सेंसेक्स 1,690.23 अंक (2.25 प्रतिशत) टूटकर 73,583.22 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 486.85 अंक यानी 2.09 प्रतिशत नीचे 22,819.60 अंक पर बंद हुआ। विदेशों से मिले नकारात्म संकेतों के कारण आज शुरू से ही बाजार पर दबाव रहा।

डॉलर की तुलना में रुपये के कमजोर पड़ने से निवेश धारणा और प्रभावित हुई। फिलहाल रुपया 94.70 रुपये प्रति डॉलर पर है। पिछले कारोबारी दिवस पर 93.96 रुपये प्रति डॉलर पर बंद होने वाली भारतीय मुद्रा बीच कारोबार में 94.85 रुपये प्रति डॉलर तक टूट गई थी। चौतरफा बिकवाली के बीच मझौली और छोटी कंपनियों पर भी दबाव रहा। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 2.13 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 1.74 प्रतिशत उतर गया। सभी सेक्टर लाल निशान में बंद हुए। सुबह बढ़त में रहने वाला आईटी सूचकांक भी अंत में गिर गया।



बैंकिंग, रियलटी, ऑटो, रसायन, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, वित्त, एफएमसीजी, धातु, तेल एवं गैस और फार्मा सेक्टरों में अधिक दबाव देखा गया। संसेक्स की कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज और इंडिगो के शेयर साढ़े चार प्रतिशत से अधिक टूटे। बजाज फाइनेंस में भी सवा चार फीसदी की गिरावट रही। भारतीय स्टेट बैंक, इटरनल और एचडीएफसी बैंक के शेयर तीन से चार प्रतिशत तक नीचे बंद हुए। बजाज फिनसर्व, हिंदुस्तान यूनीलिवर, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एशियन पेंट्स, अडानी पोर्ट्स, एलएंडटी, मारुति सुजुकी, ट्रेंट, बीईएल और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर दो से तीन प्रतिशत तक फिसल गए।

### विदेशी मुद्रा भंडार 11.413 अरब डॉलर तक घटा

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 20 मार्च को समाप्त सप्ताह में 11.413 अरब डॉलर घटकर 698.346 अरब डॉलर रह गया। विदेशी मुद्रा भंडार 10 सप्ताह बाद 700 अरब डॉलर से नीचे उतरा है। इसकी मुख्य वजह स्वर्ण भंडार में 13 अरब डॉलर से अधिक की साप्ताहिक गिरावट है। गत 27 फरवरी को रिकॉर्ड 728.494 अरब डॉलर को छूने का बाद विदेश मुद्रा का देश का भंडार लगातार तीसरे सप्ताह कम हुआ है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार 20 मार्च को समाप्त सप्ताह में स्वर्ण भंडार 13.495 अरब डॉलर घटकर 117.186 अरब डॉलर रह गया। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति में आलोच्य सप्ताह के दौरान 2.127 अरब डॉलर की वृद्धि हुई है और यह 557.695 अरब डॉलर हो गया। इसमें अमेरिकी डॉलर के अलावा जापानी एन, यूरो और ब्रितानी पाउंड भी शामिल हैं, जिनके मूल्य का निर्धारण डॉलर की तुलना में उनके संदर्भ दर के आधार पर होता है। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि 1.9 करोड़ डॉलर बढ़कर 4.833 अरब डॉलर पर पहुंच गया।

## चांदी की कीमतों में करीब 5380 रुपये का उछाल, सोना रुपये 1.41 लाख पर पहुंचा

**मुंबई, वार्ता**

सुरक्षित निवेश माने जाने वाले सोना और चांदी की कीमतों में शुक्रवार को तेजी देखने को मिली। पश्चिम एशिया के हालात को लेकर बाजार में बढ़ती अनिश्चितता के बीच निवेशकों ने फिर से बुलियन में खरीदारी बढ़ाई। चांदी की कीमत 5380 रुपये बढ़कर 2.25 लाख रुपये प्रति किलो पर पहुंच गई। वहीं सोने का भाव 1320 रुपये बढ़कर 1.41 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया।

अंतर्राष्ट्रीय बाजार में शुक्रवार को सोना और चांदी की कीमतों में गिरावट थमती नजर आई और दोनों धातुएं हल्की बढ़त के साथ कारोबार करती दिखीं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की ओर से ईरान के साथ समझौते की समयसीमा को एक बार फिर आगे बढ़ाने के फैसले से बाजार को अस्थायी राहत मिली है। कामेक्स पर सोना 0.33 प्रतिशत बढ़कर 4,423 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया, जबकि पिछले सत्र में इसमें करीब 3 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई थी। वहीं चांदी की कीमत 0.29 प्रतिशत बढ़कर 68.13 डॉलर प्रति औंस पर ट्रेड कर रही है। डोनाल्ड ट्रम्प ने संकेत दिया है कि ईरान के ऊर्जा ठिकानों को निशाना बनाने की कार्रवाई को फिलहाल 10 दिनों के लिए टाल दिया गया है। इससे निवेशकों की घबराहट कुछ कम हुई है, क्योंकि पिछले एक महीने से जारी संघर्ष ने बाजार में अनिश्चितता बढ़ा रखी थी। हालांकि, सोना और चांदी पर दबाव अभी पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है। इसके पीछे कई बड़े कारण हैं- ऊर्जा कीमतों में तेजी से महंगाई का खतरा बढ़ा है, जिससे केंद्रीय बैंक ब्याज दरें ऊंची रख सकते हैं। इससे बिना ब्याज वाले एसेट जैसे सोना-चांदी की मांग घटती है। डॉलर इंडेक्स करीब 100 के स्तर पर बना हुआ है और संघर्ष शुरू होने के बाद इसमें लगभग 2.3: की बढ़त आई है। मजबूत डॉलर से कमोडिटीज महंगी हो जाती हैं, जिससे मांग कमजोर पड़ती है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक तुर्की के केंद्रीय बैंक ने संघर्ष के शुरुआती दो हफ्तों में करीब 60 टन सोना बेचा या स्वैप किया, जिससे बाजार पर अतिरिक्त दबाव आया।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काज़ीज़ादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**ईरान ने...**

है। कुवैत के अली अल-सलेम एयरबेस और बहरीन के शेख ईसा बेस पर ईरानी मिसाइलें गिरी हैं। बताया जा रहा है कि बहरीन में पैट्रियट मिसाइल सिस्टम के रिपेयर हैंगर और जेट फ्यूल टैंकों को भारी नुकसान पहुंचा है। कुवैत और यूएई के अल-धाफरा बेस पर भी ईरानी ड्रोन्स ने सैन्य साजो-सामान को निशाना बनाया है। पिछले दिनों नौसेना प्रमुख रियर एडमिरल अलीरेजा तंगसिरी की मौत के बाद ईरान भड़क उठा है। इजरायली हमले में तंगसिरी की मौत हुई थी। बताया जा रहा है कि ईरान इसी का प्रतिशोध ले रहा है। 28 फरवरी 2026 को ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला खामेनेई की मौत के बाद शुरू हुआ यह युद्ध अब वैश्विक संकट बन चुका है।

ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट को लगभग बंद कर दिया है। इसका नतीजा यह हुआ है कि पूरी दुनिया में तेल की सप्लाई ठप होने का खतरा पैदा हो गया है। हालांकि अमेरिका ने 6 अप्रैल तक तेल डिपो पर हमले न करने की बात कही है, लेकिन जमीन पर स्थिति इसके उलट दिख रही है। मामले की जानकारी रखने वाले लोगों की माने तो अगर यह सिलसिला नहीं रुका, तो आने वाले दिनों में तेल गैस की भारी किल्लत हो सकती है। वहीं मिडिल ईस्ट में जारी जंग के बीच यमन के हूती विद्रोहियों ने चेतावनी दी है कि अगर अमेरिका और इजरायल ने ईरान पर हमले बढ़ाए, तो वे जंग में उतर सकते हैं। हूती प्रशासन के एक अधिकारी ने कहा कि यमन ईरान के समर्थन में जंग में शामिल हो सकता है। अधिकारी ने इसे धार्मिक, नैतिक और मानवीय जिम्मेदारी बताया। हूतियों ने कहा कि अगर हालात और बिगड़े, तो वे पहले ही हस्तक्षेप कर सकते हैं और बाब-अल-मंदाब स्ट्रेट को बंद करना भी एक विकल्प है। यह स्ट्रेट ग्लोबल शिपिंग के लिए बेहद अहम है और इसके बंद होने से अंतर्राष्ट्रीय व्यापार पर बड़ा असर पड़ सकता है। हालांकि, अभी तक हूती नेतृत्व ने औपचारिक रूप से जंग में शामिल होने का ऐलान नहीं किया है, लेकिन उनकी चेतावनी से क्षेत्र में तनाव और बढ़ गया है। ईरान ने भारतीय बच्चों द्वारा गुल्लक दान करने पर भावुक प्रतिक्रिया दी है। ईरान के भारत स्थित दूतावास ने कहा कि इस मदद को वह कभी नहीं भूलेंगे। दूतावास ने कहा कि भारतीय बच्चों का अपनी गुल्लक दान करना 'प्यार भरा तोहफा' है, जिसे कभी नहीं भुलाया जाएगा। दूतावास ने सोशल मीडिया पर कहा कि छोटे-छोटे बच्चों ने अपने छोटे हाथों से जो मदद दी, वह बेहद खास है और दोनों देशों के रिश्तों की गहराई को दिखाती है। रिपोर्ट्स के मुताबिक जम्मू-कश्मीर समेत कई जगहों पर बच्चों ने अपनी गुल्लक तोड़कर ईरान के लिए पैसे दान किए। ईरान दूतावास ने कहा कि यह दया और समर्थन उनके लिए बेहद मायने रखता है और इसे हमेशा याद रखा जाएगा।

**पेट्रोल-डीजल पर...**

है। वित्त मंत्री ने कहा कि इससे देश में डीजल और विमान ईंधन की ज्यादा उपलब्धता सुनिश्चित हो सकेगी। पेट्रोल डीजल के निर्यात पर विशेष उत्पाद शुल्क में कोई बदलाव नहीं किया गया है। निर्यातित पेट्रोल पर विशेष उत्पाद शुल्क शून्य है, जबकि डीजल पर 18.5 रुपये प्रति लीटर है। इस कटौती के बाद पेट्रोल पर मूल उत्पाद शुल्क 1.40 रुपये, विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क तीन रुपये, कृषि अवसंरचना एवं विकास उपकर 2.50 रुपये और अतिरिक्त उत्पाद शुल्क (सड़क एवं अवसंरचना उपकर) पांच रुपये प्रति लीटर हो गया है। डीजल पर मूल उत्पाद शुल्क 1.80 रुपये, विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क शून्य, कृषि अवसंरचना एवं विकास उपकर चार रुपये और विशेष उत्पाद शुल्क (सड़क एवं अवसं.रचना) दो रुपये प्रति लीटर हो गई है। इन केंद्रीय करों के अलावा पेट्रोल-डीजल पर हर राज्य एवं केंद्र शासित प्रदेश द्वारा अलग.अलग मूल्य वर्द्धित कर (वैट) भी लगाया जाता है। इस बीच, गैर ब्रांडेड पेट्रोल और डीजल के दाम शुक्रवार को भी अपरिवर्तित रहे। देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी में आज पेट्रोल की कीमत 94.77 रुपये और डीजल की 87.67 रुपये प्रति लीटर पर स्थिर रही। गैर ब्रांडेड पेट्रोल-डीजल के मूल्य में 30 अक्टूबर 2024 के बाद से कोई बदलाव नहीं किया गया है।

## मीरवाइज के नेतृत्व में ईरान के राजदूत से मिला एमएमयू का प्रतिनिधिमंडल

**श्रीनगर।** मुत्तहिदा मजलिस-ए-उलेमा (एमएमयू) के प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को नई दिल्ली में ईरान के राजदूत डा. मोहम्मद फथअली से मुलाकात की। इस प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व एमएमयू के संरक्षक मीरवाइज उमर फारूक कर रहे थे। प्रतिनिधिमंडल में कश्मीर के प्रमुख धार्मिक नेता शामिल थे, जिनमें मुफ्ती नासिर-उल-इस्लाम, आगा सैयद हसन अल-मोसवी, आगा सैयद हादी अल-मोसवी और आगा सैयद मुजतबा प्रमुख थे। इस मुलाकात का उद्देश्य ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की हत्या पर शोक व्यक्त करना और ईरान के एकजुटता जताना था। गौरतलब है कि जम्मू-कश्मीर में इस्लामी धार्मिक संगठनों एमएमयू ने खामेनेई की हत्या के विरोध में दो मार्च को कश्मीर में बंद का आह्वान भी किया था। एमएमयू ने कहा कि प्रतिनिधिमंडल ने अयातुल्ला अली खामेनेई, उनके परिवार के सदस्यों और नेतृत्व के अन्य सदस्यों की हत्या पर हार्दिक संवेदना व्यक्त की। साथ ही उन्होंने ईरान की जनता के प्रति गहरी एकजुटता जताई, जिसे उन्होंने उनके कठिनाई के समय के रूप में वर्णित किया। एमएमयू ने कहा कि कश्मीर की जनता की ओर से प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि मुस्लिम उम्माह के एक प्रमुख और सम्मानित नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की शहादत ने उन्हें गहरा दुख पहुंचाया है।

## ईंधन की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने पर प्रधानमंत्री का आभार

**नई दिल्ली, वार्ता**

■ केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने मोदी के प्रयासों को खुलकर सराहा

केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार की तारीफ करते हुए कहा कि जहां दुनिया ईंधन की कमी से गुजर रही है, वहीं भारत में ईंधन की प्रचुर उपलब्धता है।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में पुरी ने कहा कि जहां दुनिया के अन्य देश ईंधन संरक्षण के लिए ऑड-ईवन, सप्ताह में चार दिन काम और स्कूलों-कार्यालयों को बंद करने जैसे कड़े कदम उठा रहे हैं, वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ऊर्जा सुरक्षा और उपलब्धता का एक बेमिसाल उदाहरण बना हुआ है। पुरी ने घोषणा की कि वाणिज्यिक एलपीजी की आपूर्ति को आसान बनाने के लिए भारत सरकार ने राज्यों के वाणिज्यिक एलपीजी आवंटन को बढ़ाकर 70 प्रतिशत करने का निर्णय लिया है। इसमें से 20 प्रतिशत आवंटन स्टील, ऑटोमोबाइल, कपड़ा और अन्य श्रम-गहन उद्योगों को दिया जाएगा। उन उद्योगों को प्राथमिकता दी जाएगी जहां 'पाइप्ड गैस' एक विकल्प नहीं है। केंद्रीय मंत्री ने अंतर्राष्ट्रीय बाजार की स्थिति का हवाला देते हुए बताया कि पिछले एक महीने में कच्चे तेल की कीमतें 70 डॉलर प्रति बैरल से बढ़कर लगभग 122 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई हैं। इसके परिणामस्वरूप दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में 30.50 प्रतिशत, उत्तरी अमेरिका में 30 प्रतिशत, यूरोप में 20 प्रतिशत और अफ्रीकी देशों में 50 प्रतिशत तक की वृद्धि हुई है। पुरी ने कहा कि मोदी सरकार के पास दो विकल्प थे या तो अन्य देशों की तरह नागरिकों के लिए कीमतें बढ़ा दी जाएं या फिर अंतर्राष्ट्रीय अस्थिरता से देशवासियों को बचाने के लिए सरकारी खजाने पर इसका बोझ उठाया जाए। प्रधानमंत्री ने सरकारी खजाने से इस समस्या के समाधान का विकल्प चुना ताकि भारतीय नागरिकों को सुरक्षित रखा जा सके। श्री पुरी के अनुसार, सरकार ने पेट्रोल-डीजल आदि पर कर कम कर दिया है ताकि तेल कंपनियों के उच्च घाटे (पेट्रोल पर लगभग 24 रुपये प्रति लीटर और डीजल पर 30 रुपये प्रति लीटर) को कम किया जा सके। साथ ही, अंतर्राष्ट्रीय कीमतों में उछाल को देखते हुए निर्यात कर भी लगाया गया है।

CMYK



# पीएम मोदी से मिले सीएम धामी, उत्तराखंड आने का दिया न्यौता

## मुख्यमंत्री ने राज्य के विकास में केंद्र के सहयोग के लिए जताया प्रधानमंत्री का आभार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से शिष्टाचार भेंट की। मुख्यमंत्री ने उत्तराखण्ड के विकास के लिये केंद्र सरकार द्वारा प्रदान किए जा रहे सहयोग एवं मार्गदर्शन के लिए प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि केंद्र के सहयोग से राज्य विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को उत्तराखंड आगमन का भी निमंत्रण प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को टिहरी जनपद में स्थित शक्तिपीठ मां सुरकंडा देवी की रेप्लिका, बद्री गाय का घी के साथ ही राज्य के अलग- अलग जिलों से मंगाई पांच प्रकार की राजमा और शहद भेंट किए।




■ मां सुरकंडा देवी की रेप्लिका, बद्री गाय का घी के साथ ही राज्य के अलग- अलग जिलों से मंगाई पांच प्रकार की राजमा और शहद किए भेंट

मुख्यमंत्री ने हरिद्वार कुम्भ-2027 के लिए 500 करोड़ रुपये की सहायता, नदी जोड़ो परियोजना के अंतर्गत नेशनल वाटर डेवलपमेंट एजेंसी द्वारा फिजिबिलिटी स्टडी, राजाजी नेशनल पार्क स्थित चौरासी कुटिया के विकास के लिए 100 करोड़ की स्वीकृति, पिथौरागढ़ के नैनी-सैनी हवाई पट्टी के लिए एमओयू और चारधाम यात्रा के लिए सुरक्षित हेली सेवाओं के लिए संचालन में सहयोग के लिए विशेष धन्यवाद दिया। मुख्यमंत्री ने ऋषिकेश में विद्युत लाइनों के भूमिगतकरण, चम्पावत बाईपास, देहरादून रिंग रोड एवं देहरादून-मसूरी रोड जैसी महत्वपूर्ण आधारभूत परियोजनाओं की स्वीकृति के लिए भी प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया।

भेंट के दौरान मुख्यमंत्री ने उत्तराखंड दौरे पर प्रधानमंत्री के दिए गए सुझावों और मार्गदर्शन पर राज्य सरकार द्वारा की गई कार्यवाही की भी विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उत्तराखण्ड को वैश्विक वेडिंग डेस्टिनेशन के रूप में विक. सित करने के लिए चौपता, दुग्गलबिट्ठा, पटवाडांगर और शारदा कॉरिडोर क्षेत्र में कार्य किया जा रहा है, जबकि रामनगर, देहरादून, ऋषिकेश और त्रियुगीनारायण पहले से लोकप्रिय वेडिंग डेस्टिनेशन बन चुके हैं। राज्य में वेडिंग डेस्टिनेशन के लिए पालिसी भी तैयार की जा रही है। मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य में आध्यात्मिक आर्थिक क्षेत्र के रूप में बेल केदार, अंजनीसैंण-टिहरी तथा लोहाघाट-श्यामलाताल क्षेत्रों को चिन्हित किया गया है। राज्य सरकार ने शीतकालीन यात्रा भी प्रारंभ कर दी है, जिसके परिणामस्वरूप श्रद्धालुओं की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। आदि कैलास यात्रा में वर्ष 2022 में 1761 श्रद्धालुओं की तुलना में वर्ष 2025 में 36453 श्रद्धालुओं द्वारा दर्शन किया गया। यहाँ के लिए हेलीसेवा भी शुरू की गई। इसी तरह राज्य में साहसिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए रिवर राफ्टिंग, पैराग्लाइडिंग, कयाकिंग सहित अनेक गतिविधियों को बढ़ावा दिया जा रहा है। साथ ही स्थानीय रोजगार सृजन के लिए वोकल फॉर लोकल के अंतर्गत हाउस ऑफ हिमालयाज ब्रांड के माध्यम से स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक पहुँचाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने शिक्षा, पर्यटन, ग्रामीण अर्थव्यवस्था एवं स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए "एक जिला-एक मेला", क्लस्टर विद्यालय योजना, भारत दर्शन एवं उत्तराखण्ड दर्शन कार्यक्रम जैसी पहलों की जानकारी भी प्रधानमंत्री को दी।

**राज्य की विशिष्ट पहलों का दिया विवरण:** मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को उत्तराखण्ड में संचा. लित विशिष्ट पहलों एवं प्रमुख सुधारों की भी विस्तृत जानकारी दी।

मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से होम-स्टे योजना के अंतर्गत 6000 से अधिक होम-स्टे पंजीकृत किए जा चुके हैं। आमजन की सुविधा के लिए 'उत्तरास्टेज़' नाम से देश का पहला नि:शुल्क मार्केटिंग पोर्टल विकसित किया गया है।

### परियोजनाओं के लोकर्पण व शिलान्यास का प्रस्ताव

इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उत्तराखण्ड आगमन का निमंत्रण देते हुए विभिन्न परियोजनाओं के लोकार्पण एवं शिलान्यास का प्रस्ताव भी रखा। प्रस्तावित लोकार्पण में दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस-वे तथा टिहरी पम्प्ड स्टोरेज प्लांट शामिल हैं, जबकि शिलान्यास के लिए पंतनगर एयरपोर्ट के विस्तार एवं बनबसा लैंड पोर्ट परियोजना शामिल है। मुख्यमंत्री ने बताया कि चम्पावत जनपद के बनबसा क्षेत्र में भारत-नेपाल सीमा पर विकसित हो रहा लैंड पोर्ट व्यापार, आवागमन एवं क्षेत्रीय सहयोग को नई गति देगा तथा एशियन हाईवे से जुड़कर अंतरराष्ट्रीय कनेक्टिविटी को सुदृढ़ करेगा।

## रेपिड रेल का विस्तार ऋषिकेश तक करने का अनुरोध

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** परियोजना का विस्तार मेरठ से हरिद्वार एवं ऋषिकेश तक किए जाने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने उत्तराखण्ड में रक्षा उपकरण निर्माण इकाइयों की स्थापना के लिए नीति समर्थन एवं प्राथमिकता देने का भी अनुरोध किया। उन्होंने राज्य की सामरिक स्थिति, उपलब्ध प्रशिक्षित मानव संसाधन और विकसित औद्योगिक ढांचे को इस दिशा में उपयुक्त बताया। मुख्यमंत्री ने कोटद्वार, हरिद्वार एवं देहरादून में डिफेंस इक्विपमेंट प्रोडक्शन इंडस्ट्रियल हब की स्थापना पर भी केंद्र से सहयोग का अनुरोध किया। इसके साथ ही रायवाला क्षेत्र में बीआई-डक ब्रिज के विकास तथा उत्तरकाशी जिले में स्थित चिन्यालीसौड़ एयरस्ट्रिप के विस्तार की आवश्यकता पर भी बल दिया।

■ रक्षा उपकरण निर्माण इकाइयों की स्थापना के लिए नीति समर्थन एवं प्राथमिकता देने की भी गुजारिश

### दिल्ली-हल्द्वानी एक्सप्रेस-वे के निर्माण का अनुरोध

मुख्यमंत्री ने टिहरी झील में सी-प्लेन सेवा प्रारंभ करने का प्रस्ताव भी प्रधानमंत्री के समक्ष रखा। मुख्यमंत्री ने दिल्ली-हल्द्वानी एक्सप्रेस-वे के निर्माण का अनुरोध किया। उन्होंने बताया कि इस परियोजना से काशीपुर, रुद्रपुर औद्योगिक क्षेत्र, पंतनगर एयरपोर्ट तथा रामनगर स्थित जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क तक आवागमन सुगम होगा और पर्वतीय क्षेत्रों के लिए यातायात एवं लॉजिस्टिक्स में उल्लेखनीय सुधार आएगा।

रेल कनेक्टिविटी के विस्तार पर बल देते हुए मुख्यमंत्री ने ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना के अंतर्गत ऋषिकेश से व्यासी खंड के शीघ्र लोकार्पण, टनकपुर-बागेश्वर रेल लाइन में रोड-कम-रेल टनल निर्माण, बागेश्वर-कर्णप्रयाग नई रेल लाइन के सर्वे तथा हरिद्वार-देहरादून रेल लाइन के डबलिंग का अनुरोध किया। उन्होंने सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण उत्तरकाशी क्षेत्र को रेल नेटवर्क से जोड़ने हेतु ऋषिकेश-उत्तरकाशी रेल लाइन के निर्माण का भी प्रस्ताव रखा, जिससे गंगोत्री एवं यमुनोत्री धाम की यात्रा सुगम होने के साथ-साथ स्थानीय उत्पादों की आपूर्ति श्रृंखला मजबूत होगी।

# सरकार ने नए सिरे से मंत्रियों को बांटे जिलों के प्रभार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** कैबिनेट विस्तार के बाद अब राज्य सरकार ने नए सिरे से सभी मंत्रियों को जिलों के प्रभारी मंत्री बना दिए हैं। नियोजन विभाग ने शुक्रवार को इसका आदेश जारी कर दिया। मंत्री गणेश जोशी और भरत चौधरी को सरकार ने दो-दो जिलों का प्रभारी मंत्री बनाया है।

प्रमुख सचिव नियोजन आर मीनाक्षी सुंदरम की ओर से जारी आदेश के मुताबिक, कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज को हरिद्वार, गणेश जोशी को टिहरी व रुद्रप्रयाग, डॉ. धन सिंह रावत को अल्मोड़ा, सुबोध उनियाल को देहरादून, रेखा आर्य को पिथौरागढ़, सौरभ बहुगुणा को उत्तरकाशी, खजान दास को नैनीताल, भरत चौधरी को चमोली व चंपावत, मदन कौशिक को पौड़ी, प्रदीप बत्रा को ऊधमसिंह नगर और राम सिंह कैड़ा को बागेश्वर का प्रभारी मंत्री बनाया गया है। पहले छह कैबिनेट मंत्री थे, जिन कारण एक मंत्री पर दो-दो जिलों का प्रभार था। कैबिनेट विस्तार के बाद पांच नए मंत्री बन गए हैं, जिससे मंत्रियों पर जिला प्रभारी का कामकाज हल्का हो गया है। 2027 के विधानसभा चुनाव के लिए ये मंत्री अब जिलों में जनता, कार्यकर्ताओं, योजनाओं के निरीक्षण को ज्यादा समय दे सकेंगे।

# एक अप्रैल से चलेगा प्री-एसआईआर में मैपिंग का सघन अभियान

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ विजय कुमार जोगदंडे ने शुक्रवार को सचिवालय स्थित मीडिया सेंटर में प्रेस कान्फ्रेंस कर आगामी विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की तैयारियों और प्रगति के सम्बंध में विस्तृत जानकारी दी।

अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ जोगदंडे ने बताया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ बीवीआरसी पुरुषोत्तम के निर्देशन में प्रदेश में आगामी विशेष गहन पुनरीक्षण के दृष्टिगत प्री-एसआईआर फेज में 85 प्रतिशत से अधिक मैपिंग का लक्ष्य प्राप्त कर लिया गया है।



उन्होंने बताया कि आगामी अप्रैल माह से प्रदेश में और भी सघन डोर-टू-डोर अभियान चलाकर कम मैपिंग वाले बूथ पर स्पेशल फोकस करते हुए मैपिंग का कार्य पूर्ण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के कम में प्रत्येक बूथ पर एब्सेंट, शिफ्टेड और डेथ (एएसडी) सूची तैयार की जा रही है ताकि मतदाता सूची के शुद्धिकरण कार्य और गहनता से किया जा सके।

■ 85 फीसदी मैपिंग पूरी, कम मैपिंग वाले बूथ पर स्पेशल फोकस
■ एक क्लिक पर अपने बीएलओ के लिए करा सकते हैं बुक
■ फोनकॉल राजनैतिक दलों ने अब तक की 19 हजार बीएलए नियुक्ति

**19 हजार बूथ लेवल एजेंट्स:** अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ विजय कुमार जोगदंडे ने राजनैतिक दलों से शत प्रतिशत बूथ लेवल एजेंट्स की नियुक्त करने का आग्रह किया है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में प्रदेश में 11733 पो. लिंग बूथों के सापेक्ष सभी दलों द्वारा 19116 बीएलए की ही नियुक्ति हुई है। उन्होंने बताया कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा 9276, कांग्रेस पार्टी द्वारा 9506, सीपीआई (एम) द्वारा 217, बीएसपी द्वारा 117 बीएलए की नियुक्ति की गई है।

इस अवसर पर उप मुख्य निर्वाचन अधिकारी किशन सिंह नेगी, सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी मस्तू दास भी उपस्थित रहे।

### एक क्लिक पर बीएलओ के लिए बुक करा सकते हैं फोनकॉल

अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ विजय कुमार जोगदंडे ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाताओं की सुविधा के लिए ष्बुक ए कॉल विद बीएलओष के फीचर से मतदाता एक क्लिक पर अपने बीएलओ के साथ कॉल बुक करा सकते हैं। इसके लिए मतदाता वेबसाइट पर विजिट करके या ईसीआई और एनईटी मोबाइल ऐप को डाउनलोड कर अपनी कॉल बुक करा सकते हैं। कॉल बुक कराने के बाद दो दिन के भीतर बीएलओ द्वारा मतदाता से स्वयं संपर्क किया जाएगा।

# पूर्व सैनिकों के मुद्दों को लेकर मंथन

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी से शुक्रवार को देहरादून के न्यू कैंट रोड़ स्थित शासकीय आवास में गढ़वाल राइफल्स के कर्नल ऑफ द रेजिमेंट लेफ्टिनेंट जनरल दिनेश सिंह राणा ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान जनरल डीएस राणा ने सेना का स्मृति चिन्ह भी भेंट किया।

बैठक के दौरान लेफ्टिनेंट जनरल डीएस राणा ने लैंसडाउन स्थित गढ़वाल राइफल्स रेजिमेंटल सेंटर में आयोजित कार्यक्रमों के लिए आभार जताया। उन्होंने आयोजित कार्यक्रम में हुई घोषणाओं को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने, पूर्व सैनिकों को सेवानिवृत्ति के बाद रोजगार के अधिकाधिक अवसर प्रदान करने तथा वीरता चक्र विजेताओं की सम्मान राशि को बढ़ाये जाने का आग्रह किया। उन्होंने जनपद टिहरी के चंबा में गब्बर सिंह मेमोरियल के सुधारीकरण पर भी चर्चा की। इसके अतिरिक्त, पूर्व सैनिकों के साथ भूमि संबंधी मामलों में हो रही धोखाधड़ी को रोकने के लिए ठोस कदम उठाने की आवश्यकता पर बल दिया। बैठक में चारधाम यात्रा मार्ग पर पूर्व सैनिकों के लिए सीजनल रोजगार के अवसर सृजित करने और उन्हें स्वरोजगार से जोड़ने पर भी विचार-विमर्श हुआ। इस पर सैनिक कल्याण मंत्री जोशी ने सैन्यधाम में प्रत्येक 15 दिवस में आर्मी बैंड-शो आयोजित करने की व्यवस्था बनाने, सेरामोनियल ड्रैस के साथ प्रत्येक दिवस गार्ड रिट्रीट सहित 15 जनवरी को आर्मी-डे पर देहरादून में फुल रिर्हल परेड़ करवाने पर भी सेना अधिकारी से वार्ता की। उन्होंने सैन्यधाम के म्युजियम में गढ़वाल राईफल्स से सहयोग का अनुरोध किया।इस दौरान उपनल के प्रबंध निदेशक बिग्रेडियर जेएनएस बिष्ट (सेनि), 127वीं टेरिटोरियल आर्मी के कमान अधिकारी कर्नल प्रफुल थपलियाल एवं अन्य सैन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



■ सैनिक कल्याण मंत्री जोशी से मिले लेफ्टिनेंट जनरल दिनेश राणा

### 28 मार्च को रात 8:30 से 9:30 बजे तक मनाया जाएगा 'अर्थ ऑवर'

**देहरादून।** उत्तराखण्ड शासन ने 28 मार्च, 2026 को रात्रि 8:30 बजे से 9:30 बजे तक 'अर्थ ऑवर' मनाने का निर्णय लिया है। इस दौरान प्रदेशवासियों से एक घंटे के लिए सभी गैर-जरूरी लाइटें एवं विद्युत उपकरण बंद रखने की अपील की गई है।

यह पहल प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण, पर्यावरण संतुलन बनाए रखने तथा आने वाली पीढ़ियों के बेहतर भविष्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से की जा रही है। यह अभियान डबल्यू डबल्यूएफ इंडिया, नई दिल्ली के पत्र के क्रम में आयोजित किया जा रहा है। प्रदेश के सभी नागरिकों से इस वैश्विक पर्यावरणीय पहल में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील करते हुए निर्धारित समयावधि के दौरान एक घंटे के लिए गैर-जरूरी विद्युत उपकरणों को बंद रखने का आह्वान किया गया है।

# नियोजन विभाग की संस्तुति के बाद मुख्यमंत्री ने बहु-क्षेत्रीय परियोजनाओं को दी मंजूरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड सरकार द्वारा राज्य के समग्र विकास को नई दिशा देते हुए पर्यटन, परिवहन, पंचायती राज एवं खेल अवसंरचना से जुड़ी महत्वपूर्ण परियोजनाओं को वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है। इन निर्णयों से राज्य में आधारभूत सुविधाओं का सुदृढ़ीकरण एवं रोजगार सृजन को बढ़ावा मिलेगा।

**हरिद्वार गंगा कॉरिडोर को मिली गति:** 'नॉर्थ हर-की-पौड़ी डेवलपमेंट वर्क्स' के अंतर्गत ध्66. 34 करोड़ की परियोजना को व्यय वित्त समिति द्वारा अनुमोदित किया गया है।

यह परियोजना भारत सरकार की एसएएससीआई योजना के तहत स्वीकृत है। प्रथम चरण में 10 करोड़ की धनराशि अवमुक्त करने का प्रस्ताव भेजा गया है, जिससे हर की पौड़ी क्षेत्र में पर्यटन सुविधाओं का व्यापक विस्तार होगा।



### चारधाम यात्रा के लिए आधुनिक निगरानी केंद्र

राजधानी देहरादून में 'चारधाम मॉनिटरिंग एंड इंसिडेंट रिस्पॉन्स सेंटर' की स्थापना को मंजूरी दी गई है। 357.84 लाख की लागत से बनने वाला यह केंद्र यात्रियों की सुरक्षा, ट्रैफिक प्रबंधन एवं आपदा प्रतिक्रिया को सुदृढ़ करेगा। परियोजना का क्रियान्वयन उत्तराखंड पेयजल संसाधन विकास एवं निर्माण निगम द्वारा किया जा रहा है।

**पंचायती राज संस्थाओं को 133.68 करोड़ की पहली किश्त जारी:** वित्तीय वर्ष 2025-26 के तहत 15वें वित्त आयोग की सिफारिशों के अनुरूप 133.68 करोड़ रुपए की 'टाइड ग्रांट' जारी की गई है।

ग्राम पंचायतों को 75 फीसदी, क्षेत्र पंचायतों को 10 फीसदी, जिला पंचायतों को 15 फीसदी राशि आवंटित की गई है। यह धनराशि पेयजल, स्वच्छता, वर्षा जल संचयन एवं ओडीएफ, स्थिति बनाए रखने जैसे कार्यों में उपयोग की जाएगी।

समस्त भुगतान आईएफएमएस प्रणाली के माध्यम से 10 कार्य दिवसों के भीतर सुनिश्चित किया जाएगा।

**खेल अवसंरचना को मिलेगा नया आयाम:** एसएएससीआई योजना के अंतर्गत राज्य में खेल सुविधाओं के विस्तार हेतु महत्वपूर्ण प्रस्ताव स्वीकृत किए गए हैं।

हल्द्वानी में अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम को 'खेल विश्वविद्यालय' के रूप में विकसित किया जाएगा, जिसकी कुल लागत 3636.50 लाख (अकादमिक एवं छात्रावास सहित) निर्धारित है।

चंपावत में 'श्री गोलू देवता कॉरिडोर (जोन-ए)' के प्रथम चरण के लिए 117.22 करोड़ की परियोजना स्वीकृत की गई है।

**समग्र विकास की दिशा में सशक्त कदम:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य "विकास और विरासत के संतुलन" के साथ उत्तराखंड को पर्यटन, संस्कृति, खेल और ग्रामीण सशक्तिकरण के क्षेत्र में अग्रणी बनाना है।

इन योजनाओं के माध्यम से राज्य में बुनियादी ढांचे का व्यापक विस्तार और जनसुविधाओं में गुणात्मक सुधार सुनिश्चित होगा।






CMYK

# 27 सूत्रीय मांगों पर अड़े डिप्लोमा इंजीनियर्स

## कीर्तिनगर में डिप्लोमा इंजीनियर्स का धरना प्रदर्शन जारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कीर्तिनगर।** उत्तराखंड डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ के बैनर तले लोक निर्माण विभाग परिसर, कीर्तिनगर में डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ प्रांतीय आह्वान पर 23 मार्च से प्रारंभ अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी है। जिसमें गढ़वाल और कुमाऊं मंडलों की 32 शाखाओं के इंजीनियर सक्रिय रूप से शामिल हैं।

इंजीनियर शाखा संघ कीर्तिनगर ब्लॉक अध्यक्ष विपिन जेल्टा ने जानकारी देते हुए बताया कि शासन के साथ प्रथम दौर की वार्ता विफल होने के बाद प्रांतीय अध्यक्ष इंजीनियर आरसी शर्मा के निर्देश पर यह निर्णय लिया गया है कि जब तक 27 सूत्रीय मांगों के संबंध में शासनादेश जारी नहीं होता, तब तक आंदोलन अनवरत जारी रहेगा। साथ ही कहा गया कि यदि सरकार शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लेती है तो आंदोलन को और अधिक व्यापक रूप दिया जाएगा, जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। इंजी. नियर संघ की 27 सूत्रीय मांगों में मुख्य रूप से कनिष्ठ अभियंताओं की वर्षों पुरानी वेतन विसंगतियों को समाप्त करना, पूरे सेवा काल में न्यूनतम तीन पदोन्नति सुनिश्चित करना, 10 वर्ष की सेवा पूर्ण होने पर 5400 ग्रेड पे बहाल करना तथा पुरानी पेंशन व्यवस्था को पुन: लागू करना शामिल है।इसके अतिरिक्त, उत्तराखंड पेयजल निगम एवं जल संस्थान का एकीकरण, पदोन्नति कोटा 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत करना, सहायक अभियंताओं के वित्तीय अधिकार 25 लाख रुपये तक बढ़ाना, तथा दुर्गम क्षेत्रों में कार्यरत अभियंताओं को 2 करोड़ रुपये तक की सामूहिक दुर्घटना बीमा सुविधा प्रदान करना भी प्रमुख मांगों में शामिल हैं। संघ ने कृषि विभाग और जिला पंचायत में अभियंता पदों के सृजन तथा डिप्लोमा इंजीनियर्स के लिए उच्च शिक्षा को प्रोत्साहित करने हेतु विभागीय व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने की भी मांग उठाई है। मौके पर संघ के सचिव आशुतोष नौटियाल, राजदीप बिष्ट, सत्येंद्र सिंह रावत, सुमन बिष्ट, ज्योति नेगी, सहायक अभियंता मनोज कुमार कोटला, रामलाल शाह, यतेंद्र सिंह रावत, नरेश पंवार, बालकृष्ण सहित आदि मौजूद थे।

### एनसीसी कैडेटस को वितरित की आपदा किट

**श्रीनगर।** 4 यूके बटालियन एनसीसी पौड़ी द्वारा गढ़वाल विवि के नेशनल कैडिट्स कोर (एनसीसी) कैडिट्सों को युवा आपदा मिश्र को आपदा प्रबंधन विभाग के माध्यम से आपदा किट वितरित किए गये। इस मौके पर 4 यूके बटालियन एनसीसी पौड़ी के एडीएम ऑफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल वीएस चौहान और गढ़वाल विवि के अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. ओपी गुसांई द्वारा आपदा किट वित. रित की गई। गढ़वाल विवि के एनसीसी अधिकारी डॉ. नरेंद्र कुंवर ने बताया कि युवाओं को आपदा के समय आमजनमानस को सहायता पहुंचने एवं बचाव कार्य करने के उद्देश्य से आपदा किट वितरित की गई। बताया कि 2 से 9 जनवरी तक हरिद्वार में युवा आपदा कैंप के तहत एनडीआरएफ एवं एसडीआरएफ द्वारा आपदा राहत बचाव कार्य का प्रशिक्षण दिया जायेगा। इस मौके पर 4 यूके बटालियन एनसीसी पौड़ी के एडीएम ऑफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल वीएस चौहान ने एनसीसी कैडिट्स को आपदा के समय सचेत रहने एवं आपदा किट के सदउपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया।

# रिजर्व पुलिस लाइन रतूड़ा में साप्ताहिक परेड का आयोजन

■ 140 जवानों ने किया ड्रिल व शस्त्राभ्यास



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** रिजर्व पुलिस लाइन रतूड़ा में साप्ताहिक परेड का आयोजन किया गया, जिसमें 140 पुलिस कार्मिकों ने प्रतिभाग किया। परेड की सलामी पुलिस अधीक्षक नीहारिका तोमर ने ली और इस दौरान पुलिस बल के टर्नआउट व अनुशासन का गहन निरीक्षण किया।

परेड की शुरुआत हल्की दौड़ से हुई, जिसमें एसपी स्वयं भी जवानों के साथ शामिल हुईं। इसके बाद जवानों को अलग-अलग टोलियों में विभाजित कर ड्रिल, कदमताल और शस्त्रों को खोलने-जोड़ने सहित विभिन्न शस्त्राभ्यास कराए गए। इन अभ्यासों के माध्यम से जवानों की कार्यकुशलता और अनुशासन को परखा गया।

इस अवसर पर प्रशिक्षण ले रहे नए भर्ती रिक्रूट आरक्षियों के लिए विशेष सत्र भी आयोजित किया गया।

एसपी ने रिक्रूटों को संबोधित करते हुए पुलिस सेवा की गरिमा को समझने और पूरे समर्पण के साथ प्रशिक्षण लेने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पुलिस सेवा में सीखने की प्रक्रिया निरंतर जारी रहती है, इसलिए बुनियादी प्रशिक्षण को गंभीरता से लेना आवश्यक है। परेड में पुलिस उपाधीक्षक विकास पुण्डीर, प्रतिसार निरीक्षक कैलाश शर्मा सहित जनपद के विभिन्न थानों, चौकियों और शाखाओं के प्रभारी अधिकारी उपस्थित रहे। परेड समाप्ति के बाद पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन परिसर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

## रैम्प एवं स्टार्ट-अप कार्यशाला में युवाओं को उद्यमिता के लिए किया गया प्रेरित

**कोटद्वार।** जिला उद्योग केंद्र के तत्वावधान में रैम्प एवं स्टार्ट-अप कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में विभिन्न विशेषज्ञों द्वारा प्रतिभागियों को उद्यमिता, नवाचार एवं स्वरोजगार से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गयी।

शुक्रवार को आयोजित कार्यशाला का शुभारंभ जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक सोमनाथ गर्ग द्वारा किया गया। उन्होंने उद्योग विभाग द्वारा संचा. लित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी देते हुए युवाओं को स्वरोजगार अपनाने और नवाचार के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। महाप्रबंधक ने कहा कि यह कार्यशाला युवाओं को उद्यमिता के प्रति जागरूक करने, स्वरोजगार के अवसरों से जोड़ने तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में अत्यंत उपयोगी होगी। कार्यशाला के दौरान उद्योग निद. ेशालय, देहरादून से रोहित श्रीवास्तव ने वर्चुअल माध्यम से रैम्प एवं स्टार्ट-अप योजनाओं की जानकारी साझा की। वहीं संदीप अग्रवाल ने एमएसएमई से संबंधित योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। आईआईएम काशीपुर के प्रशांत कुकरेती ने स्टार्ट-अप प्रारंभ करने की प्रक्रिया, आवश्यकताओं एवं संभावनाओं पर मार्गदर्शन दिया। कार्यशाला में आयुष राज्य मंत्री जयदीप बिष्ट, गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजेंद्र अंथवाल, उत्तराखंड महिला मोर्चा की अध्यक्ष रुचि भट्ट, जिला उद्योग केंद्र के प्रबंधक आरपी आर्य, उपासना सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

# पत्रकार को यूकेडी नेता की धमकी से भाजपा नेता ने उठाया सवाल

■ आखिर आपदा के दौरान कहां गायब थे ये यूकेडी नेता?

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पुरोला।** जिले में इन दिनों यूकेडी नेता की बड़कोट में पत्रकार के खिलाफ दिया गया बयान चर्चा का विषय बना हुआ है ।

दरअसल जनपद के नौगांव विकासखंड के पिंड़की में एक शिक्षक की ग्रामीणों के शिकायत पर जनसरोकारों से जुड़े एक पत्रकार ने समाचार प्रकाशित किया था। इस समाचार को गलत ठहराने के लिए पूरे उत्तरकाशी जनपद में किसी भी राजनीतिक दल, आम नागरिकों और पत्रकारों ने सवाल खड़े नहीं किए। इस के लिए पौड़ी गढ़वाल से एक यूकेडी नेता बाकायदा बड़कोट आ कर एक सोशल मीडिया के कथित पत्रकार को बयान दिया जिससे पूरे जिले में चर्चा का विषय बना हुआ है। लोगों का कहना है कि यदि इस यूकेडी नेता को उत्तरकाशी जनपद का दर्द होता तो आपदा के दौरान जब स्याना चट्टी में अस्थाई झील बनने से लोगों के होटल, घर डूबे थे तब आता तो लोग समझते की अमुक पार्टी के नेता को उत्तरकाशी जिले की दर्द है। केवल एक निजी स्वार्थ से बड़कोट में आकर यहां की जनसमस्याएं और जनसरोकारों से जुड़े पत्रकारों का उत्पीड़न करने के उद्देश्य से यहां आया है । ऐसे हरकतों को रवांई का जन मानस कतई बर्दाश्त नहीं करेगा । इतना ही नहीं लोगों का कहना है कि सवाल पूछने वाला भी टिहरी के जौनपुर का सोशल मीडिया का पत्रकार है। वहीं इस पूरे प्रकरण को लेकर अब सियासी बयानबाजी तेज होती जा रही है। पूर्व सैनिक एवं भाजपा नेता गंभीर चौहान ने उत्तराखंड क्रांति दल के कुछ नेताओं की कार्यशैली पर तीखा हमला बोलते हुए स्वतंत्र पत्रकारों के समर्थन में खुलकर फैस बुक लाईव आकर जबरदस्त हमला किया है। चौहान ने कहा कि बड़कोट में बैठकर बयानबाजी करने वाले कुछ लोग जमीनी हकीकत से पूरी तरह कटे हुए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सोशल मीडिया पर यह देखने को मिला है कि यूकेडी के कुछ प्रवक्ता क्षेत्र में पहुंचकर स्वतंत्र पत्रकारों के खिलाफ माहौल बना रहे हैं और उन्हें मुकदमे की धमकी दी जा रही है। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या यूकेडी का गठन इसलिए किया गया था कि क्षेत्र की समस्याएं उठाने वालों की आवाज को दबाया जाए। बिना नाम लिए उन्होंने निशाना साधते हुए कहा कि दूरस्थ क्षेत्रों की शिक्षा व्यवस्था और जनसमस्याओं को उजागर करने वाले पत्रकारों को डराना-धमकाना लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है। गंभीर चौहान ने कहा कि स्वतंत्र पत्रकार ही दूर-दराज के इलाकों की सड़क, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी मूलभूत समस्याओं को सामने लाते हैं, जहां कई बार प्रशासन की पहुंच भी सीमित रहती है। ऐसे में उन्हें दबाने की कोशिश करना गलत है।

**एक नजर .......**

## नौगांव-पुरोला मोटर मार्ग पर सड़क हादसा, युवक की दर्दनाक मौत

**उत्तरकाशी।** नौगांव-पुरोला मोटर मार्ग पर थली रोड के समीप एक



वाहन दुर्घटनाग्रस्त में एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि वाहन में सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई।

शुक्रवार दोपहर करीब 12 बजे नौगांव से पुरोला जा रही ऑल्टो संख्या यूए07 के 0243) स्टेट हाईवे 17 पर थली सड़क के पास अनियंत्रित होकर होकर सौ मीटर सेरी के खेतों में जा गिरी। हादसे में डाबरा गांव (पट्टी गढ़/खाटल) तहसील बड़कोट निवासी विशन (उम्र 30 वर्ष) पुत्र सुंदर लाल की दर्दनाक मौत हो गई। दुर्घटना के समय कार में केवल चालक सवार था। सूचना पर पहुंची एसडीआरएफ ने शव को खेतों से रेस्क्यू कर पोस्टमार्टम के लिए पुरोला पुलिस के सुपुर्द किया है। हादसे की सूचना मिलने के बाद क्षेत्र में मातम पसरा हुआ है ।

## मेडिकल कॉलेज से मां पूर्णागिरि स्वास्थ्य सेवा चेतना यात्रा रवाना

**श्रीनगर।** वीर चंद्र सिंह गढ़वाली राजकीय मेडिकल कॉलेज, श्रीनगर से शुक्रवार को एक सराहनीय पहल के तहत मां पूर्णागिरि स्वास्थ्य सेवा चेतना यात्रा का शुभारंभ किया गया। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आशुतोष सयाना ने हरी झंडी दिखाकर इस यात्रा को रवाना किया। इस अवसर पर कॉलेज के चिकित्सक, छात्र-छात्राएं और स्वयंसेवक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। यह यात्रा नेशनल मेडिकोस ऑर्गनाइजेशन की इकाई द्वारा आयोजित की जा रही है, जिसका उद्देश्य दूरस्थ एवं जरूरतमंद क्षेत्रों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है। प्राचार्य डॉ. आशुतोष सयाना ने कहा कि इस प्रकार की पहल समाज के अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवा चेतना यात्रा केवल उपचार तक सीमित नहीं है, बल्कि यह लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता भी बढ़ाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि यह यात्रा प्रदेश के विभिन्न मेडिकल कॉलेजों द्वारा क्रमबद्ध रूप से आयोजित की जा रही है, जिससे अधिक से अधिक क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाई जा सकें।

## शराब के नशे में हंगामा करने पर दो व्यक्ति गिरफ्तार, शांति भंग करने का आरोप

**रुद्रप्रयाग।** जनपद के ग्राम रतूड़ा में शराब के नशे में हंगामा कर रहे दो व्यक्तियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। घटना गुरूवार देर रात लगभग सवा नौ बजे की है, जब चौकी घोलतीर पुलिस को सूचना मिली कि दो व्यक्ति गाली-गलौज कर रहे हैं और स्थानीय लोगों से मारपीट पर उतारू हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची, जहां अनिल लाल (35 वर्ष) और हरीश लाल (39 वर्ष) को उग्र अवस्था में पाया गया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने दोनों को तत्काल हिरासत में लेकर चिकित्सीय परीक्षण कराया। जांच में दोनों के शराब के नशे में होने की पुष्टि हुई। पुलिस ने संभावित अप्रिय घटना को रोकने के उद्देश्य से दोनों आरोपियों के खिलाफ भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 126, 135 और 170 के तहत कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर लिया। दोनों को न्यायालय में पेश किया जा रहा है, जहां शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पाबंद मुचलका की कार्रवाई की जाएगी। इस मामले में पुलिस अधीक्षक ने जनपदवासियों से कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने और किसी भी प्रकार की अशांति फैलाने से बचने की अपील की। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी भी दी।

# चारधाम यात्रा से पहले डॉक्टरों को दिया जा रहा प्रशिक्षण



■ हाई एल्टीट्यूड बीमारियों से निपटने के लिए डॉक्टरों की तैयारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** चार धाम यात्रा को सुरक्षित और सुव्यवस्थित बनाने के लिए इस वर्ष स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को और सशक्त करने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। यात्रा शुरू होने से पहले ही पौड़ी और उत्तरकाशी जिलों के चिकित्सा अधिकारियों के लिए दो दिवसीय विशेष चारधाम स्वास्थ्य प्रणाली में चिकित्सा अधिकारियों का सुदृढ़ीकरण एवं प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया है, ताकि तीर्थयात्रियों को ऊंचाई वाले क्षेत्रों (हाई एल्टीट्यूड) में बेहतर और त्वरित चिकित्सा सुविधा मिल सके। चार धाम यात्रा मार्गों से जुड़े अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों में कार्यरत चिकित्सकों को इस प्रशिक्षण में शामिल किया गया है। उन्हें सिखाया जा रहा है कि यात्रा के दौरान बीमार होने वाले श्रद्धालुओं की त्वरित जांच, सही दवा और आपात स्थिति में प्रभावी उपचार कैसे किया जाए। हाई एल्टीट्यूड पर होने वाली समस्याएं जैसे सांस लेने में दिक्कत, थकान, ब्लड प्रेशर असंतुलन और हृदय संबंधी समस्याओं को ध्यान में रखते हुए चिकित्सकों को विशेष रूप से प्रशिक्षित किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण का पहला चरण शुरू हो चुका है, जबकि इसके बाद दो और चरणों में अलग-अलग जिलों के चिकित्सकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए डॉ आशुतोष सयाना ने कहा कि यह प्रशिक्षण भारत सरकार और राज्य सरकार के दिशा-निर्देशों के तहत हर वर्ष नियमित रूप से आयोजित किया जाता है। मौके पर चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राकेश रावत, नोडल अधिकारी प्रो. अजेय विक्रम सिंह, डॉ केएस बुटोला, डॉ सुरेंद्र सिंह नेगी, डॉ धनंजय डोभाल, डॉ सतेंद्र यादव सहित आदि मौजूद थे।

# पुलिस ने "अभियान प्रहरी पड़ाव" के तहत देवर गांव में लगाई रात्रि चौपाल

■ वरिष्ठ नागरिकों से संवाद कर सुनी उनकी समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** जनपद पुलिस की ओर से संचालित अभियान प्रहरी पड़ाव के अंतर्गत ग्रामसभा देवर में रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी निरीक्षक गुप्तकाशी राकेश कुमार ने की। इस दौरान पुलिस टीम ने ग्रामीणों, विशेषकर वरिष्ठ नागरिकों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की।

पुलिस ने गांव में आने वाले बाहरी व्यक्तियों, किरायेदारों और श्रमिकों के अनिवार्य सत्यापन के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि इससे चोरी व अन्य आपराधिक घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण संभव है। महिला सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए गौरा शक्ति ऐप के उपयोग, घरेलू हिंसा से संबंधित कानूनी प्रावधानों और बाल विवाह रोकथाम के लिए टोल-फ्री हेल्पलाइन 1098 की जानकारी दी।

# भाजपा के दो दिवसीय प्रशिक्षण महाअभियान का समापन

■ कार्यकर्ताओं को दिया जीत का मंत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चमोली।** भारतीय जनता पार्टी पीपलकोटी मंडल द्वारा आयोजित श्पंडित दीन दयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियानश का दो दिवसीय कार्यक्रम शुक्रवार को मायापुर में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। समापन दिवस के अवसर पर नगर मंडल के सभी बूथों से आए वरिष्ठ एवं दायित्ववान कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया।

प्रशिक्षण शिविर का मुख्य उद्देश्य संगठन की वैचारिक जड़ों को मजबूत करना और आगामी चुनावी चुनौतियों के लिए कार्यकर्ताओं को तैयार करना रहा। दो दिनों तक चले विभिन्न सत्रों में विशेषज्ञों द्वारा मुख्य विषयों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया

शिविर में पार्टी के दिग्गज नेताओं ने बतौर वक्ता कार्यकर्ताओं में जोश भरा। राज्यमंत्री ऋषि कंडवाल और हरक सिंह नेगी ने सरकार की नीतियों को जन-जन तक पहुँचाने का आह्वान किया। इस अवसर पर गजेंद्र रावत, राजेंद्र हटवाल, कुलदीप बर्मा भरत राणा और दीपक पंत जैसे वरिष्ठ नेताओं ने भी विभिन्न सत्रों को संबोधित किया।

# फिताड़ी अग्निकांड पीड़ित परिवारों के लिए बढ़े मदद के हाथ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पुरोला।** जनपद के विकास खंड मोरी अंतर्गत ग्राम पंचायत फिताड़ी में हुए भीषण अग्निकांड के बाद पीड़ित परिवारों की मदद के लिए जनप्रतिनिधियों और स्थानीय लोगों का सहयोग लगातार सामने आ रहा है। इस संकट की घड़ी में क्षेत्र पंचायत सदस्य संगठन के प्रदेश महामंत्री कृपाल सिंह राणा ने पीड़ित परिवारों के लिए राहत सामग्री भेजी गई है, जिससे प्रभावित परिवारों को कुछ हद तक राहत मिल सके।

अग्निकांड से प्रभावित परिवार इस समय भारी कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं। ऐसे में समाज के विभिन्न वर्गों द्वारा किया जा रहा सहयोग उनके लिए बेहद महत्वपूर्ण साबित हो रहा है। "सहयोग छोटा हो या बड़ा, इस समय हर मदद मायने रखती है" इसी भावना के साथ स्थानीय स्तर पर भी लोग आगे आ रहे हैं। इसी क्रम में एक सामा. जिक पहल के तहत 20 चादरें, 24 रजाइयां एवं गद्दे पीड़ित परिवारों के लिए उपलब्ध कराए गए हैं। यह राहत सामग्री जरूरतमंद परिवारों तक पहुंचाई जा रही है, जिससे उन्हें इस मुश्किल समय में सहारा मिल सके।सहयोगकर्ताओं ने आमजन से भी अपील की है कि वे अपनी क्षमता के अनुसार पीड़ित परिवारों की मदद के लिए आगे आएं। वर्तमान परिस्थिति में प्रभावित परिवारों को भोजन, वस्त्र और आश्रय जैसी बुनियादी जरूरतों की अत्यधिक आवश्यकता है।

फिताड़ी अग्निकांड ने एक बार फिर यह दिखाया है कि आपदा की घड़ी में समाज एकजुट होकर मानवता की मिसाल पेश करता है। जरूरत है कि यह सहयोग लगातार बना रहे, ताकि पीड़ित परिवार जल्द से जल्द सामान्य जीवन की ओर लौट सकें।

## आपदा के दंश को मरहम लगाने फिताड़ी गाँव पहुंचा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ

**पुरोला /उत्तरकाशी।** मोरी ब्लॉक के फिताडी कासला में अग्निकांड आवासीय भवन जल खाक हो गई। वही आकाशिय बिजली की चपेट में भेड़ आने से गाँव के करीब 14 परिवारों में आफत का पहाड़ टूट पढ़ा और इन घरों में कोहराम सा मचा है। इन परिवारों की पुस्तेनी धरोवर सहित पुरे जीवन की मेहनत पर चंद समय में पानी फिर गया हैं। आपदा के इसी दंश से दु:खी लोगों के जीवन को मरहम लगाने के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने उत्तरांचल देवी आपदा पीड़ित सहायता समिति दानवीर कर्ण सेवा आश्रम नैटवाड़ के बैनर तले राहत सामग्री पीड़ित परिवारों को वितरित की हैं। राहत वितरण के लिए पहुंचे स्वयंसेवको ने बताया की गाँव और परिवार के लोगों की जो ये अपूर्ण छती हुई हैं उसको तो हम पूरा नहीं कर सकते हैं। पीड़ित परिवारों के बिच पहुंचे स्वयंसेवको मे सह जिला कार्यवाह अजीत रावत, जिला बौद्धिक प्रमुख नत्थी सिंह, छात्रावास प्रमुख भागीराम सिंह, समिति के अध्यक्ष चमन सिंह कल्याण, अनिल, उपेन्द्र, संतोष सामिल रहे हैं।

# जैक्सवीन इंटर कॉलेज में धूमधाम से मनाया गया विश्व रंगमंच दिवस



■ प्रतिभाओं को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग/ऊखीमठ।** जीवन निर्माण एजुकेशन सोसाइटी के तत्वावधान में संचालित डॉ. जैक्स वीन नेशनल स्कूल, गुप्तकाशी में विश्व रंगमंच दिवस हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। इस दौरान आयोजित भव्य कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं की रंगारंग प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद विद्यार्थियों ने नाटक, लोकनृत्य, गीत एवं संवाद अदायगी के माध्यम से रंगमंच की महत्ता को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। प्रस्तुतियों में सामाजिक सरो. कार, लोक संस्कृति और नैतिक मूल्यों की झलक स्पष्ट रूप से दिखाई दी। इस मौके पर वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. डीआर. पुरोहित और राज्य मंत्री चंडी प्रसाद भट्ट मुख्य रूप से उपस्थित रहे। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि रंगमंच समाज का दर्पण है और यह व्यक्ति को अभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम प्रदान करता है। उन्होंने विद्यार्थियों को कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के दौरान कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले प्रतिभावान युवाओं को सम्मानित किया गया।

विद्यालय की छात्रा कृतिका राणा को उत्कृष्ट सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के लिए "उत्तरांचल नाट्य कलानिधि सम्मान" से नवाजा गया। वहीं आचार्य सुरेशानंद गौड़, मुकेश चंद्र अंथवाल और दीपक नेगी को रंगमंच के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए "भरतमुनि नाट्य गौरव शिरोमणि सम्मान प्रदान किया गया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं प्रबंधन समिति के सदस्यों ने कार्यक्रम की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं। उन्होंने कहा कि रंगमंच के माध्यम से बच्चों में आत्मविश्वास, अभिव्यक्ति क्षमता और सामाजिक समझ विकसित होती है। कार्यक्रम का संचालन प्राचार्य लखपत सिंह राणा ने किया। इस अवसर पर समिति के चेयरपर्सन मनोज कुमार बेंजवाल, अभिभावक शिक्षक संघ के अध्यक्ष आशीष राणा सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति, अभिभावक और शिक्षक उपस्थित रहे। सभी ने विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए विद्यालय परिवार को सफल आयोजन के लिए बधाई दी।

### स्थानांतरण नीति लागू नहीं होने पर रोष

**कोटद्वार ।** स्थानांतरण नीति लागू नहीं होने पर अनुसूचित जाति जनजाति शिक्षक एसोसिएशन ने रोष व्यक्त किया है। कहा कि व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए नीति को लागू करना आवश्यक है। प्रदेश अध्यक्ष जगदीश राठी ने शिक्षा विभाग पर स्थानातंरण प्रक्रिया को रोकने का आरोप लगाया। कहा कि लगातार दो वर्षों से विभाग स्थानांतरण नीति लागू करवाने में नाकाम रहा है। स्थानांतरण नीति लागू न होने से शिक्षकों की पदोन्नति व कार्य व्यवस्था भी प्रभावित हो रही है। दुर्गम क्षेत्रों में कार्यरत शिक्षक लंबे समय से स्थानांतरण की प्रतीक्षा कर रहे हैं। लेकिन, विभाग की तरफ से अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए है। उन्होंने तत्काल प्रभाव से स्थानांतरण नीति लागू कर काउंसलिंग प्रक्रिया के माध्यम से स्थानांतरण करवाने की मांग की।

# ग्राफिक एरा हॉस्पिटल की एमएमयू पहल से ग्रामीणों को मिली राहत

■ जागतोली दशज्यूला में मोबा. इल मेडिकल वैन का उद्घाटन, 200 मरीजों की जांच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ बनाने की दिशा में ग्राफिक एरा हॉस्पिटल की मोबाइल मेडिकल यूनिट (एमएमयू) पहल कारगर साबित हो रही है।

शुक्रवार को बैंजी काण्डई के जागतोली दशज्यूला में मोबाइल मेडिकल वैन का उद्घाटन किया गया, जिसके बाद नि:शुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित हुआ।

मोबाइल वैन और शिविर का शुभारंभ जिला पंचायत सदस्य जयवर्धन काण्डपाल ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि दूरस्थ पर्वतीय क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करना समय की आवश्यकता है और इस तरह के शिविर ग्रामीणों के लिए बेहद लाभकारी हैं।

शिविर में दशज्यूला क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आए लोगों को सामान्य चिकित्सा और नेत्र जांच की सुविधा दी गई। कुल 200 से अधिक मरीजों का पंजीकरण कर उनकी जांच की गई, जिनमें से 50 मरीजों को उच्च स्तरीय उपचार के लिए रेफर किया गया।इस दौरान ग्राम प्रधान सोनम नेगी, बचन सिंह नेगी, कालिका प्रसाद काण्डपाल, निधे किशोर काण्डपाल, पूर्व जिपंस विमला पुरोहित, मातबर सिंह, नरेन्द्र रावत सहित अन्य मौजूद थे।

# एमडीडीए ने डोईवाला व ऋषिकेश में किए कई भवन सील

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण (एमडीडीए) ने अवैध निर्माणों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए डोईवाला और ऋषिकेश क्षेत्रों में कई भवनों को सील कर दिया। प्राधिकरण की टीम ने चिन्हित स्थानों पर पहुंचकर नियमानुसार कार्रवाई की, जिससे अवैध निर्माण करने वालों में हड़कंप मच गया। एमडीडीए ने स्पष्ट किया है कि बिना स्वीकृत मानचित्र और नियमों के विपरीत किए जा रहे निर्माणों के खिलाफ आगे भी इसी तरह सख्त कदम उठाए जाएंगे।

डोईवाला क्षेत्र के कान्हरवाला भानियावाला तिराह पर नेत्रपाल सिंह सैनी द्वारा किए जा रहे अवैध व्यावसायिक निर्माण को प्राधिकरण ने सील कर दिया। टीम ने मौके पर पहुंचकर सभी आवश्यक औपचारिकताएं पूरी कीं और निर्माण को बंद कराया। इस दौरान सहायक अभियंता प्रमोद मेहरा, सुपरवाइजर और पुलिस बल मौजूद



रहा, जिससे कार्रवाई शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई।

वहीं ऋषिकेश क्षेत्र में भी एमडीडीए की टीम ने लगातार कार्रवाई करते हुए दो स्थानों पर अवैध निर्माणों को सील किया। निर्मल बाग ब्लॉक-बी, गली नंबर 10 में आलोक कुडियाल द्वारा किए जा रहे निर्माण को नियमों के विरुद्ध पाए जाने पर सील किया गया। इसके अलावा निर्मल बाग ब्लॉक-सी में आयुष अग्रवाल द्वारा किए जा रहे अवैध निर्माण पर भी सीलिंग की कार्रवाई की गई।

इन दोनों कार्रवाइयों के दौरान सहायक अभियंता अभिषेक भारद्वाज, सुपरवाइजर और पुलिस बल मौके पर मौजूद रहा। एमडीडीए अधिकारियों के अनुसार, इन निर्माणों के संबंध में पूर्व में भी नोटिस जारी किए गए थे, लेकिन नियमों का पालन नहीं किया गया। इसके बाद प्राधिकरण ने सख्त रुख अपनाते हुए सीलिंग की कार्रवाई की। अधिकारियों ने कहा कि प्राधिकरण क्षेत्र में अवैध निर्माणों की लगातार निगरानी की जा रही है और जहां भी उल्लंघन सामने आ रहा है, वहां तुरंत कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है।

■ कान्हरवाला भानियावाला तिराह और निर्मल बाग में कार्रवाई
■ टीम और पुलिस बल की मौजूदगी में चला अभियान

**सुनियोजित विकास के लिए चल रहा अभियान:** प्राधिकरण ने साफ किया है कि शहर के सुनियोजित विकास को बनाए रखने के लिए अवैध निर्माणों पर रोक लगाना जरूरी है। एमडीडीए द्वारा विशेष अभियान चलाकर ऐसे निर्माणों की पहचान की जा रही है, जो बिना अनुमति या नियमों के विपरीत बनाए जा रहे हैं। अधिकारियों का कहना है कि भविष्य में भी इस तरह की कार्रवाई जारी रहेगी और नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ कठोर कदम उठाए जाएंगे।

## बिना स्वीकृत मानचित्र के निर्माण करना कानूनन अपराध : तिवारी

एमडीडीए के उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने कहा कि प्राधिकरण क्षेत्र में अवैध निर्माणों के खिलाफ पूरी सख्ती के साथ अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बिना स्वीकृत मानचित्र के निर्माण करना कानूनन अपराध है और इससे शहर के व्यवस्थित विकास पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। तिवारी ने कहा कि प्राधिकरण की टीमें लगातार निरीक्षण कर रही हैं और जहां भी अवैध निर्माण की सूचना मिल रही है, वहां तत्काल कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने आम नागरिकों से अपील की कि किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य शुरू करने से पहले सभी आवश्यक अनुमतियां अवश्य प्राप्त करें। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि भविष्य में इस तरह की कार्रवाई और तेज की जाएगी, ताकि अवैध निर्माणों पर पूरी तरह नियंत्रण स्थापित किया जा सके और शहर का विकास योजनाबद्ध तरीके से आगे बढ़े।

## अवैध निर्माण करने वालों के खिलाफ आगे भी अभियान जारी रहेगा : बर्निया

एमडीडीए के सचिव मोहन सिंह बर्निया ने बताया कि डोईवाला और ऋषिकेश में चिन्हित अवैध निर्माणों पर नियमानुसार सीलिंग की कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा कि प्राधिकरण की टीम नियमित निरीक्षण कर रही है और जहां भी नियमों का उल्लंघन पाया जा रहा है, वहां तत्काल सख्त कार्रवाई की जा रही है। बर्निया ने कहा कि अवैध निर्माण करने वालों के खिलाफ आगे भी अभियान जारी रहेगा और किसी भी प्रकार की लापरवाही या नियमों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# हरिद्वार से रुद्रप्रयाग तक नहीं कोई रोडवेज बस सेवा

■ श्रीनगर से बागेश्वर होते हुए पिथौरागढ़ तक हो रोडवेज की बस सेवा का संचालन
■ सामाजिक कार्यकर्ता कृष्णानंद डिमरी ने भेजा परिवहन मंत्री को ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** गवर्नमेंट पेंशनर्स वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन उत्तराखंड के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य व वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता कृष्णानंद डिमरी ने परिवहन मंत्री प्रदीप बत्रा को ज्ञापन भेजकर हरिद्वार से रुद्रप्रयाग एवं श्रीनगर पौड़ी गढ़वाल से गंगोली तहसील मुख्यालय पिथौरागढ़ तक रोडवेज बस सेवा शुरू करने की मांग की है, जिससे दोनों क्षेत्रों में आवाजाही करने वाले लोगों को रोडवेज की सुविधा मिलने के साथ ही आवागम में सुविधा मिलेगी। परिवहन मंत्री प्रदीप बत्रा को भेजे ज्ञापन में डिमरी ने कहा कि श्रीनगर से कुमाऊं मंडल जाने के लिए उत्तराखंड परिवहन निगम की कोई बस सेवा नहीं है। यदि श्रीनगर से होते हुए बस सेवा का संचालन किया जाता है तो इसका लाभ रुद्रप्रयाग, कर्णप्रयाग, बागेश्वर सहित पिथौरागढ़ की जनता को मिलेगा। सात ही गढ़वाल व कुमाऊं के कई क्षेत्र आपस में सीधे जुड़ जाएंगे। जनता की सुविधा को देखते हुए इस बस सेवा का संचालन श्रीनगर गढ़वाल डिप्पो से पिथौरागढ़ की गंगोली तहसील तक किया जाना चाहिए। उन्होंने हरिद्वार से रुद्रप्रयाग तक भी उत्तराखंड परिवहन निगम की बस सेवा शुरू करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि हरिद्वार से रुद्रप्रयाग तक उत्तराखंड परिवहन निगम की कोई भी बस सेवा संचालित नहीं होती है, जिस कारण स्थानीय लोगों के साथ ही चार धाम यात्रा पर आने वाले तीर्थ यात्रियों को भी दिक्कत होती हैं। यदि हरिद्वार से रुद्रप्रयाग के बीच बस सेवा शुरू होती है तो स्थानीय यात्रियों के अलावा जो देश-विदेश के तीर्थ यात्री चार धाम यात्रा पर पहुंचते हैं उन्हें इसका सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने परिवहन मंत्री से शीघ्र ही उक्त दोनों बसो का संचालन करने की मांग की है।

# मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने के लिए मैपिंग अभियान तेज

**उत्तरकाशी।** जनपद में आगामी विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी मुक्ता मिश्र ने राजनैतिक दलों के साथ बैठक कर तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने सभी दलों को प्रत्येक मतदेय स्थल पर बीएलए-2 की अनिवार्य नियुक्ति सुनिश्चित करने और उनकी सूचना शीघ्र निर्वाचन कार्यालय को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि विधानसभा पुरोला, यमुनोत्री और गंगोत्री में बीएलए-2 की नियुक्ति की जा रही है, लेकिन अभी भी कई पद खाली हैं। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिए कि बीएलए-2, बीएलओ के साथ समन्वय स्थापित करते हुए अपने-अपने क्षेत्रों की निर्वाचक नामावली का गहन परीक्षण करें और विशेष रूप से क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों के नामों की जांच सुनिश्चित की जाए। साथ ही वर्ष 2003 की निर्वाचक नामावली में दर्ज विवरण के साथ नामों की मैपिंग का सत्यापन भी किया जाए। उन्होंने कहा कि कार्यालय मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तराखंड द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण की घोषणा से पहले अधिक से अधिक मतदाताओं की मैपिंग पूर्ण करने के लिए सभी संबंधित अधिकारी गंभीरता से कार्य करें, जिससे निर्वाचक नामावली को त्रुटिरहित एवं अद्यतन बनाया जा सके। बैठक में सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी राकेश मोहन राणा, भाजपा से हरीश डंगवाल,विजय बड़ोनी,जयचंद रावत,कांग्रेस से सुधीर पंवार,नवीन भंडारी, बसपा से बुद्धिलाल सहित अधिकारी एवं अन्य राजनैतिक दलों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# शिक्षकों के वार्षिक स्थानांतरण का होमवर्क करे विभाग: डॉ. रावत



■ कहा, उच्च न्यायालय में दाखिल याचिका में तथ्यों के साथ करें ठोस पैरवी
■ प्रमोशन प्रकरण निस्तारण में अधिकारियों को दिये तेजी लाने के निर्देश

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** विद्यालयी शिक्षा विभाग के अंतर्गत शिक्षकों के वार्षिक स्थानांतरण हर हाल में किये जायेंगे। इसके लिये विभागीय अधिकारियों को सभी औपचारिकताएं पूरी करने के निर्देश दे दिये गये हैं, साथ ही विद्यालयों के कोटीकरण को लेकर उच्च न्यायालय में दायर याचिका में तथ्यों के साथ ठोस पैरवी करने को भी कहा गया है। इसके अलावा शिक्षकों के पदोन्नति प्रकरण के निस्तारण में तेजी लाने के निर्देश भी विभागीय अधिकारियों को दे दिये गये हैं।

सूबे के विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बताया कि वार्षिक स्थानांतरण व प्रमोशन शिक्षकों का मौलिक अधिकार है और राज्य सरकार इसको लेकर खासी गंभीर है। सरकार की मंशा शिक्षकों को वार्षिक स्थानांतरण व प्रमोशन का लाभ देना है। इसके लिये विभागीय अधिकारियों को वार्षिक स्थानांतरण प्रक्रिया शीघ्र शुरू करने के निर्देश दे दिये गये हैं, ताकि सभी पात्र शिक्षक समयबद्ध रूप से आवेदन कर पारदर्शी व्यवस्था के तहत स्थानांतरण का लाभ ले सके। डॉ. रावत ने बताया कि शिक्षकों के स्थानांतरण एवं प्रमोशान को लेकर वित्त एवं कार्मिक विभाग के उच्चाधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक में विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। जिसमें विशेष रूप से अनुरोध श्रेणी के स्थानांतरणों को प्राथमिकता के आधार पर करने के निर्देश अधिकारियों को दिये। इसके अलावा शिक्षकों के स्थानांतरण व विद्यालयों के कोटीकरण से संबंधित प्रकरणों को लेकर उच्च न्यायालय में दायर याचिका में तथ्यों के साथ ठोस पैरवी करने को भी कहा गया है। डॉ. रावत ने कहा कि यदि आवश्यकता पड़ी तो उक्त याचिका में विशेष अपील भी की जायेगी, ताकि वार्षिक स्थानांतरण की समयावधि से पूर्व उक्त प्रकरण का निस्तारण हो सके और शिक्षकों को स्थानांतरण का लाभ मिल सके। डॉ. रावत ने कहा कि राज्य सरकार शिक्षकों के प्रमोशन को लेकर भी खासी गंभीर है। उन्होंने बताया कि सरकार शिक्षकों को जल्द से जल्द प्रमोशन का लाभ पहुंचाने के लिये प्रतिबद्ध है। इस दिशा में शासन व विभागीय स्तर पर निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि विभागीय उच्चाधिकारियों को उक्त प्रकरण के शीघ्र निस्तारण को प्रत्येक स्तर पर ठोस पैरवी करने के निर्देश दे दिये गये हैं।

## एक नजर .......

### जोशी ने रामनवमी पर किया सामूहिक कन्याओं का पूजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने शुक्रवार को गढ़ी कैंट डाकरा स्थित दुर्गा मंदिर में रामनवमी के पावन अवसर पर आयोजित सामूहिक कन्या पूजन कार्यक्रम में प्रतिभाग कर 201 नौदुर्गा स्वरूपा कन्याओं का विधि-विधान पूर्वक सामूहिक पूजन किया।

कार्यक्रम के दौरान कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कन्याओं को चुनरी ओढ़ाई, उनके पांव पखारे, आरती उतारी तथा श्रद्धापूर्वक भोजन कराया, कन्याओं को दक्षिणा एवं उपहार भेंट कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने प्रदेश वासियों की सुख समृद्धि की कामना करते हुए राज्य वासियों को राम नवमी की शुभकामनाएं भी दीं। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश मंत्री नेहा जोशी, विष्णु गुप्ता उपस्थित रही।

### यूजेवीएन लिमिटेड को वॉटर डाइजेस्ट वर्ल्ड वाटर अवाड्र्स में बांध सुरक्षा सम्मान

**देहरादून।** उत्तराखंड सरकार के उपक्रम यूजेवीएन लिमिटेड को प्रतिष्ठित "वॉटर डाइजेस्ट वर्ल्ड वाटर अवाड्र्स के अंतर्गत "सर्वश्रेष्ठ पहल ख्र बांध सुरक्षा" श्रेणी में सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार पर्यावरण संरक्षण एवं संरचनात्मक विकास के क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं नवाचारपूर्ण प्रयासों हेतु प्रदान किया जाता है।

यूजेवीएन लिमिटेड राज्य में 1440.60 मेगावाट की स्थापित क्षमता के साथ जलविद्युत एवं सौर ऊर्जा उत्पादन में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। निगम द्वारा ऊर्जा उत्पादन में वृद्धि के उद्देश्य से नई परियोजनाओं के विकास एवं निर्माण के साथ साथ पुरानी परियोजनाओं के सुदृढ़ीकरण एवं सुरक्षित संचालन पर भी समान प्राथमिकता से कार्य किया जा रहा है।

इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए प्रबंध निदेशक अजय कुमार सिंह ने कहा कि यह सम्मान निगम के कुशल प्रबंधन, तकनीकी दक्षता तथा नवाचार से कार्मिकों के ऊर्जा उत्पादन हेतु समर्पण का परिणाम है। उन्होंने कहा कि यूजेवीएनएल द्वारा बांधों एवं बैराजों की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु आधुनिक तकनीकों, नियमित निरीक्षण और प्रभावी अनुरक्षण प्रक्रियाओं को अपनाया जा रहा है जिससे बांधों , बैराजों, शक्ति नहरों तथा अन्य संबंधित संरचनाओं की दीर्घकालिक सुरक्षा तथा स्थिरता सुनिश्चित हो सके।

# ग्रामीण उद्यमियों के लिए बड़ा कदम मल्टी स्टेकहोल्डर प्लेटफॉर्म का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** ग्रामीण विकास विभाग और जिला उद्योग केंद्र ने मल्टी स्टेकहोल्डर प्लेटफॉर्म का आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीण उद्यमियों, क्रेता, विक्रेता और सेवा प्रदाताओं को एक साझा मंच पर लाया गया। इस कार्यक्रम में महिला समूहों द्वारा अपने उत्पादों की प्रदर्शनी भी लगाई गई। जिलाधिकारी प्रशांत आर्य ने कहा कि प्रशासन उद्यमियों को हरसंभव सहयोग प्रदान करेगा और स्थानीय स्तर पर साझेदारी के लिए वातावरण तैयार किया जाएगा।

इस दौरान जिलाधिकारी ने विभागों और स्वयं सहायता समूहो की महिलाओं द्वारा लगाए गए स्टालों का भी निरीक्षण किया और अनुभव साझा किए। तथा व्यवसाय में आने वाली कठिनाइयों को प्रशासन स्तर पर निराकरण करने का आश्वासन दिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिला पंचायत अध्यक्ष रमेश चौहान ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के आयोजन से ग्रामीण



■ ग्रामीण महिलाओं की आर्थिक स्थिति में होगा सुधार: रमेश चौहान

महिलाओं की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी और ऐसे मंच महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

मुख्य विकास अधिकारी जय भारत सिंह ने बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रम गांव के महिला एवं पुरुष उद्यमियों के लिए अत्यंत उपयोगी हैं। भविष्य में इस तरह के आयोजन विकासखंड एवं सीएलएफ स्तर पर भी किए जाएंगे।

इस दौरान 17 लेटर ऑफ इंटरेस्ट (एलओआई) हस्ताक्षरित किए गए, जिनमें कृषि व्यवसाय के अंतर्गत मिलेट्स, दालें, मसाले, सीबैकथॉर्न उत्पादों के मूल्य संवर्धन, विपणन, उत्पाद विकास, ब्रांडिंग, पैकेजिंग तथा कृषि निवेश सेवाओं से संबंधित समझौते शामिल हैं।

कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष भाजपा नागेंद्र चौहान, ब्लॉक प्रमुख भटवाड़ी ममता पंवार, ब्लॉक प्रमुख चिन्यालीसौड़ रणवीर सिंह महंत सहित जनप्रतिनिधियों एवं अन्य अधिकारियों ने प्रतिभाग किया।

## भाजपा नेता जुगरान ने की सचिव पर्यटन से मुलाकात

**देहरादून।** भाजपा नेता रवीन्द्र जुगरान ने शुक्रवार सचिव पर्यटन धीराज सिंह गबरियाल से भेंट कर उन्हें अवगत कराया कि बद्रीनाथ केदारनाथ मंदिर समिती के मुख्य कार्यकारी अधिकारी को 17 मार्च को अवमुक्त करने के बाद आज तक यह पद रिक्त चल रहा है।कार्यकारी अधिकारी व विशेष कार्यकारी अधिकारी व उप कार्यकारी अधिकारी का पद भी रिक्त है। आहरण वितरण अधिकारी का कार्य इन्ही में से किसी को देखना था ।आहरण वितरण अधिकारी के ना होने से कार्य प्रभावित हो रहा है व मार्च फाइनल भी करना है। इस पर सचिव पर्यटन ने अपर सचिव पर्यटन अभिषेक रोहिला को इस संबंध में उनसे वार्ता कर इन पदों को अविलंब भरने के निर्देश दिए। रवीन्द्र जुगरान ने सचिव पर्यटन को अवगत कराया कि केदारनाथ के कपाट 22 अप्रैल व बद्रीनाथ के कपाट 23 अप्रैल को खुलने हैं। उन्होंने कहा कि इसलिए समय से रिक्त पदों को भरने की व्यवस्था हो, ताकि यात्रा प्रभावित न हो। जुगरान ने कहा कि अगर व्यवस्था चाक-चौबंद रखनी है तो पूर्ण कालिक अधिकारी की नियुक्ति हो अतिरिक्त प्रभार से व्यवहारिक समस्याओं का समाधान हो पाना मुश्किल होता है।

# न्यायमूर्ति शाह ने रुद्रप्रयाग में उत्कृष्ट पुलिस कर्मियों को किया सम्मानित

■ पुलिस एवं होमगार्ड कर्मियों को बांटें प्रशस्ति पत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** उच्च न्यायालय उत्तराखण्ड के न्यायमूर्ति एवं प्रशासनिक जज सिद्धार्थ शाह ने जनपद में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस एवं होमगार्ड कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में जिला न्यायालय सभागार में "बहुउद्देशीय विधिक सेवा एवं जागरूकता शिविर" का सफल आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में न्यायमूर्ति सिद्धार्थ शाह उपस्थित रहे।

सम्मानित किए गए कार्मिकों में निरीक्षक मनोज नेगी (प्रभारी निरीक्षक, कोतवाली ऊखीमठ), मुख्य आरक्षी सुशील थपलियाल (कोतवाली रुद्रप्रयाग), महिला मुख्य आरक्षी नीलम (कोर्ट मोहर्रिर, जिला न्यायालय रुद्रप्रयाग), महिला आरक्षी सोनी राणा (यातायात कार्यालय रुद्रप्रयाग) तथा होमगार्ड देवेश कुमार (जिला कमांडेंट होमगार्ड कार्यालय रुद्रप्रयाग) शामिल रहे।

न्यायमूर्ति सिद्धार्थ शाह ने सम्मानित कार्मिकों के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन और सेवा भाव ही पुलिस विभाग की वास्तविक पहचान है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के सम्मान से अन्य कर्मचारियों में भी प्रेरणा और समर्पण की भावना विकसित होती है।

इस दौरान सहदेव सिंह (जनपद न्यायाधीश), विशाल मिश्रा (जिलाधिकारी), नीहारिका तोमर (पुलिस अधीक्षक), अशोक कुमार (मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट), पायल सिंह (सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण), राजेंद्र सिंह रावत (मुख्य विकास अधिकारी) तथा रजत सुमन (डीएफओ) सहित अन्य न्यायिक एवं प्रशासनिक अधिकारी एवं पुलिस विभाग के पदाधिकारी उपस्थित रहे।


**यूजेवीएन लिमिटेड**
मुख्यालय "उज्ज्वल" महारानी बाग, जी0एम0एस0 रोड, देहरादून-248006
दूरभाष: 0135-2763808, फैक्स- 0135-2763508
सी0आई0एन0 सं0: U40101UR2001SGC025866 | वेबसाइट: www.ujvnl.com

पत्रांक-258 | **ई-निविदा सूचना** | दिनांक- 27/03/2026

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (वि0एवंयॉ0), आसन बैराज, 'जल शक्ति भवन', ढकरानी, देहरादून, इच्छुक निविदादाताओ से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित करता है। निविदा का संक्षिप्त विवरण निम्नवत है:
**ई निविदा सं0 e-14/ EE(E&M)/ Asan Barrage/ (2025-26)**
**कार्य का नाम :** "आसन बैराज पर सुरक्षा निगरानी टावर का निर्माण और स्थापना तथा अन्य विविध कार्य"।
**अनुमानित लागत :** ₹ 51,69,825.00 मात्र (जी0एस0टी0 अतिरिक्त)
**वैबसाईट पर निविदा की उपलब्धता:** 28.03.2026
**वैबसाईट पर निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि:** 17.04.2026 को 16:00 बजे तक
अन्य जानकारी हेतु कृपया ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल **http://uktenders.gov.in** देखे।
**अधिशासी अभियन्ता (वि0एवंयॉ0)**
"बिजली के दुरूपयोग से बचें"


# रुद्रप्रयाग प्रशासन पर लगाए दोहरे मापदंड के आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** आगामी केदारनाथ यात्रा की तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह एक्शन मोड में नजर आ रहा है। यात्रा मार्गों को सुव्यवस्थित और सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से अवैध अतिक्रमण के खिलाफ अभियान तेज कर दिया गया है। हालांकि, इस कार्रवाई को लेकर अब प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। स्थानीय लोगों और समाजसेवियों का आरोप है कि प्रशासन गरीबों पर सख्ती दिखा रहा है, जबकि रसूखदारों को संरक्षण दिया जा रहा है, जिससे "गैरों पे करम, अपनों पे सितम" वाली कहावत चरितार्थ होती दिखाई दे रही है।

यात्रा मार्ग पर अस्थायी कच्ची दुकानें लगाकर छह माह तक अपनी आजीविका चलाने वाले स्थानीय बेरोजगार युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों पर प्रशासन की कार्रवाई सबसे अधिक देखने को मिल रही है। इन दुकानों को



केदारनाथ यात्रा मार्ग पर अतिक्रमण को लेकर निरीक्षण करते डीएम विशाल मिश्रा।

हटाए जाने से उनके सामने रोजगार का संकट खड़ा हो गया है। दूसरी ओर, आरोप है कि हाईवे चौड़ीकरण के दौरान भारी मुआवजा प्राप्त कर चुके रसूखदार लोग पुन: अतिक्रमण कर रहे हैं, लेकिन उनके खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही। तिलवाड़ा सहित कई स्थानों पर ऐसे उदाहरण सामने आने की बात स्थानीय लोग कर रहे हैं।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि प्रशासन का रवैया पूरी तरह भेदभावपूर्ण है। जहां एक ओर गरीबों को बिना किसी वैकल्पिक व्यवस्था के हटाया जा रहा है, वहीं प्रभावशाली लोगों को अवैध निर्माण करने की खुली छूट दी जा रही है। इतना ही नहीं, छोटे दुकानदारों से शुल्क वसूले जाने के आरोप भी सामने आ रहे हैं। इस दोहरे मापदंड को लेकर क्षेत्र में आक्रोश बढ़ता जा रहा है और समाजसेवियों ने प्रशासन से पारदर्शिता व समान कार्रवाई की मांग की है।

मामले में जिलाधिकारी विशाल मिश्रा का कहना है कि केदारनाथ यात्रा मार्गों पर अवैध अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि राजमार्ग किनारे बिना अनुमति के दुकानें लगाने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है और यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। केदारनाथ यात्रा जैसे बड़े आयोजन से पहले प्रशासन की सख्ती जहां आवश्यक मानी जा रही है, वहीं कार्रवाई में समानता और निष्पक्षता का अभाव स्थानीय असंतोष को जन्म दे रहा है। अब यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि प्रशासन इन आरोपों पर क्या रुख अपनाता है और क्या सभी के लिए समान नियम लागू किए जाते हैं या नहीं।


**शाह टाइम्स**
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।
**सम्पादक:** एस.एन. राना
*कार्यकारी सम्पादक आनन्द बत्रा 'सुमन'
स्थानीय सम्पादक चेतन गुरूंग
देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून
☎0135-2743363
R.N.I. No.UTTHIN2001/05656
मोबाइल-9720007290
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।



**उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि.**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
कार्यालय-अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड,डोईवाला
Email Id-eedoiwalaupcl11@gmail.com

पत्रांक: 1042/वि.वि.ख. (डोईवाला)/उपाकालि/ | दिनांक : 27/03/2026

**निविदा सूचना**

अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु उत्तराखण्ड शासन द्वारा प्रदत्त विद्युत कार्यों के लिये "ए" श्रेणी के लाईसेन्स धारक, जी०एस०टी०, ई०पी०एफ०, ई०एस०आई० के अन्तर्गत पंजिकृत, आयकर / पैन कार्ड धारक निविदाकर्ताओं से मुहरबन्द निविदायें दो भागों में (प्रथम भाग में निविदा धरोहर धनराशि, नियम एवं शर्ते, उत्तराखण्ड विद्युत निरीक्षक द्वारा निर्गत "ए" क्लास लाईसेंन्स की प्रतिलिपि, जी०एस०टी०, ई०पी०एफ०, ई०एस०आई० पंजीकरण, पैनकार्ड की प्रतिलिपि एवं समान प्रकृति के कार्य का अनुभव प्रमाण पत्र आदि एवं द्वितीय भाग में दरें जोकि निविदा खुलने की तिथि से कम से कम 6 माह तक वैध हों) निम्नलिखित तिथियों के अनुसार उपस्थित निविदादाताओं अथवा उनके प्रतिनिधियों के सम्मुख अधोहस्ताक्षरी द्वारा सार्वजनिक रूप से खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में निम्नलिखित तिथि तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से निविदा प्रपत्र मूल्य नगद (अप्रतिदेय) जमा कर क्रय किये जा सकते हैं। बिना निविदा धरोहर धनराशि के निविदा भाग-2 नही खोली जायेंगी। निविदा खुलने की तिथि में अवकाश होने / अधोहस्ताक्षरी के मुख्यालय से बाहर होने पर अगले कार्य दिवस को खोली जायेगी। अधोहस्ताक्षरी को यह अधिकार होगा कि वह बिना कारण बताये समस्त अथवा किसी भी निविदा को निरस्त कर सकते है। विस्तृत नियम एवं शर्ते निविदा प्रपत्र में वर्णित हैं।

| निविदा संख्या | कार्य का नाम | निविदा प्रपत्र का मूल्य | धरोहर धनराशि | निविदा प्रपत्र क्रय करने की अन्तिम तिथि व समय | निविदा प्रपत्र जमा करने व खोलने की तिथि व समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 52/EDD (D)/ 2025-26 | विद्युत वितरण उपखण्ड जौलीग्रान्ट के जौलीग्रान्ट सेक्शन के अन्तर्गत एल०टी०/11 के०वी० लाईन एवं पोलों का अनुरक्षण कार्य। | ₹250.00+ जी०एस०टी० | ₹ 9600.00 | 17.04.2026 (12:00 बजे तक) | 18.04.2026 14:00 बजे, (15:00 बजे निविदा खोली जायेगी) |

किसी भी विद्युत समस्या के लिये सम्पर्क करें टोल फ्री नं0 18004190405 | राष्ट्रहित में बिजली बचायें।

**अधिशासी अभियन्ता**
**विद्युत वितरण खण्ड, डोईवाला।**

# कुंभ मेला-2027 में देव डोलियों की भव्य शोभायात्रा एवं गंगा स्नान की तैयारियां शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**हरिद्वार।** कुंभ मेला-2027 में उत्तराखंड के विभिन्न क्षेत्रों की देव डोलियों द्वारा गंगा स्नान एवं शोभायात्रा एक प्रमुख आकर्षण होगा। इस आयोजन के माध्यम से राज्य की लोक संस्कृति, परंपरा तथा आस्था की अद्भुत छवियों को देश-दुनिया के सामने प्रस्तुत करने के उद्देश्य से राज्य सरकार के निर्देश पर मेला प्रशासन ने देव डोलियों की शोभायात्रा एवं स्नान के दिव्य आयोजन की तैयारियां पूरी भव्यता के साथ शुरू कर दी हैं।

इसी क्रम में मेलाधिकारी श्रीमती सोनिका की अध्यक्षता में शुक्रवार को मेला नियंत्रण भवन, हरिद्वार में एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें देव डोलियों के स्नान एवं शोभायात्रा की रूपरेखा सहित विभिन्न व्यवस्थाओं पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। बैठक में जनप्रतिनिधियों, देवभूमि लोक संस्कृति से जुड़ी विभिन्न समितियों के पदाधिकारियों तथा मेला प्रशासन एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया। इस दौरान देव डोलियों की शोभायात्रा एवं स्नान की तिथि, आवागमन मार्ग, ठहराव स्थलों की व्यवस्था तथा पारंपरिक शोभायात्रा के संचालन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई।

बैठक में मेलाधिकारी श्रीमती सोनिका ने कहा कि इस आयोजन के माध्यम से देश-दुनिया के लोग उत्तराखंड की समृद्ध लोक संस्कृति, धार्मिक परंपराओं एवं मान्यताओं का साक्षात्कार कर सकेंगे। उन्होंने कुंभ मेला की स्नान तिथियों एवं अन्य तैयारियों की जानकारी देते हुए कहा कि देव डोलियों की शोभायात्रा एवं स्नान कार्यक्रम को पूर्ण भव्यता के साथ आयोजित किया जाएगा। साथ ही, कुंभ की परंपराओं, लोक आस्था एवं सांस्कृतिक महत्व का विशेष ध्यान रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि इस दिव्य आयोजन में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा के लिए समुचित प्रबंध सुनिश्चित किए जाएंगे। बैठक में लैंसडाउन क्षेत्र के विधायक दिलीप रावत ने कहा कि राज्य सरकार कुंभ मेले के अवसर पर देव डोलियों के स्नान एवं शोभायात्रा को भव्य रूप देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और इसमें किसी प्रकार की कमी नहीं रहने दी जाएगी। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने इस आयोजन को लेकर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार राज्य के विभिन्न क्षेत्रों की देव डोलियों के प्रतिनिधियों, शोभायात्रा समिति के सदस्यों एवं अन्य संबंधित पक्षों के साथ समन्वय स्थापित कर आयोजन की रूपरेखा को अंतिम रूप दिया जाएगा।

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि देव डोलियों के आगमन से पूर्व संबंधित क्षेत्रों एवं समितियों के साथ निरंतर संवाद स्थापित रखते हुए तैयारियों को अंतिम रूप दिया जाएगा। गढ़वाल एवं कुमाऊं मंडल में कार्यक्रम के समन्वय हेतु संयोजकों को नामित किया जाएगा। साथ ही कुंभ की परंपराओं एवं लोक मान्यताओं के अनुरूप शुभ मुहूर्त के आधार पर कार्यक्रम की तिथि का पृथक निधारिण किया जाएगा। देव डोलियों के आगमन पर हरिद्वार में उत्तराखंड की लोक संस्कृति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाएगा।

बैठक में अपर मेलाधिकारी श्री दयानंद सरस्वती ने कुंभ मेला की तैयारियों एवं देव डोलियों के स्नान से संबंधित प्रस्तावित व्यवस्थाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक जे.आर. जोशी सहित अन्य अधिकारी तथा देवभूमि लोक संस्कृति विरासत शोभायात्रा समिति के कार्यकारी अध्यक्ष हर्षमणि व्यास, हरिशंकर जोशी, डॉ. एस.एस. रतूड़ी, डॉ. आर.पी. रतूड़ी, द्वारिका प्रसाद भट्ट, विपिन जोशी, भोपाल सिंह चौधरी, संजय पालीवाल सहित अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

# जबरन वसूली : अर्चना ढींगरा सहित तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

## गैस एजेंसी कर्मी से मांगी दो लाख की रंगदारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**




**हरिद्वार।** कनखल थाना क्षेत्र में गैस सिलेंडर की डिलीवरी करने गए एक कर्मचारी से कथित तौर पर खुद को पत्रकार बताने वाले गिरोह के महिला सहित तीन सदस्यों द्वारा 2 लाख की रंगदारी मांगने का मामला सामने आया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर तीन के खिलाफ जबरन वसूली के आरोप में मुकदमा दर्ज कर जांच मामले की शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार धनपुर निवासी अमृत कुमार, जो पुष्पक गैस सर्विस में डिलीवरी बॉय के रूप में कार्यरत है, शुक्रवार को आर्यनगर स्थित संतोष विहार क्षेत्र में सिलेंडर की डिलीवरी देने जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में कथित पत्रकार अर्चना ढीगरा, देवम मेहता व विश्वास सैनी ने उसकी बाइक रोक ली और चाबी निकाल ली। आरोप है कि उक्त तीनों ने सिलेंडर का वजन कराने के नाम पर अमृत कुमार को रोका और खुद को पत्रकार बताते हुए दबाव बनाने लगे। जब डिलीवरी बॉय ने उनसे पहचान पत्र दिखाने और उच्चाधिकारी को बुलाने की बात कही तो वे आक्रामक हो गए। अमृत कुमार किसी तरह वहां से निकलकर अपने कार्यालय पहुंचा, लेकिन तीनों आरोपी उसका पीछा करते हुए वहां भी पहुंच गए। कार्यालय में घुसकर आरोपियों ने कथित रूप से 2 लाख रुपये की मांग की और पैसे न देने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी। पीड़ित द्वारा तत्काल मामले की सूचना अपने अधिकारियों को दी। जिसके बाद कनखल पुलिस को शिकायत दी गई। वहीं, कनखल पुलिस ने देवम मेहता, अर्चना ढींगरा और विश्वास सैनी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### शहर को मिलेगी दो नए पुलों की सौगात

# 25 करोड़ की लागत से खड़खड़ी शमशान घाट के समीप और श्रीयंत्र मंदिर के सामने बनेंगे नए पुल

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**हरिद्वार।** कुंभ मेले के दौरान धर्मनगरी हरिद्वार को दो नए पुलों की सौगात मिलने जा रही है। कुंभ मेला प्रशासन के प्रस्ताव पर सरकार ने खड़खड़ी शमशान घाट के समीप और कनखल में श्रीयंत्र मंदिर के सामने नए पुल बनाने की स्वीकृति दी है। दो नए पुलिस ने यातायात के सुगम संचालन और जाम की समस्या से निपटने में मदद मिलेगी। बरसात के मौसम में खड़खड़ी शमशान घाट के पास सूखी नदी में पानी आने से हर साल काफी नुकसान होता है। नदी के पर रपटे पर पुल बनने से कुंभ मेले में यातायात संचालन के साथ बरसात के मौसम में होने वाले नुकसान को रोकने में भी मदद मिलेगी। इसके अलावा कनखल क्षेत्र में श्रीयंत्र मंदिर के सामने बने पुल के बगल में एक नया पुल बनाया जाएगा। इससे यातायात संचालन के साथ बड़े स्नान पर्वो के दौरान जाम की समस्या से भी निपटने में मदद मिलेगी। कुंभ मेलाधिकारी ने सोनिका ने दोनों पुलों की अनुमानित लागत करीब 25 करोड़ रुपए है। जल्द ही पुलों निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

# राजस्व वसूली अभियान को लेकर एक्शन मोड में मुख्य अभियंता शेखर चंद त्रिपाठी

## कैश कलेक्शन सेंटर का किया निरीक्षण, अधिकारियों के साथ बैठक कर दिए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**






**हरिद्वार।** जनपद में राजस्व वसूली को लेकर ऊर्जा विभाग का अभियान अब पूरी तरह 'एक्शन मोड' में आ गया है। इस अभियान को धार देने के लिए मुख्य अभियंता शेखर चंद त्रिपाठी खुद मैदान में उतरकर कमान संभाले हुए हैं। उनकी सक्रियता और सख्त कार्यशैली से विभागीय अमले में नई ऊर्जा देखने को मिल रही है। मुख्य अभियंता लगातार अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठकें कर रहे हैं और जमीनी हकीकत परखने के लिए औचक निरीक्षण भी कर रहे हैं।

इसी क्रम में गुरुवार को उन्होंने ज्वालापुर डिवीजन स्थित कैश कलेक्शन सेंटर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया और कर्मचारियों से कार्यप्रणाली की विस्तृत जानकारी ली। साथ ही व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के निर्देश भी दिए। इस दौरान उन्होंने आम उपभोक्ताओं से अपील की कि समय पर बिजली बिलों का भुगतान करें, ताकि विभाग की राजस्व स्थिति मजबूत हो सके और सेवाएं निर्बाध रूप से जारी रहें। इसके बाद मुख्य अभियंता शेखर चंद त्रिपाठी ने रुड़की स्थित कार्यालय में अधीक्षण अभियंता और अधिशासी अभियंता के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि राजस्व वसूली में किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी और लक्ष्य हर हाल में सख्ती के साथ पूरा किया जाए। उन्होंने विशेष रूप से उन सरकारी विभागों पर नाराजगी जताई, जिन पर लंबे समय से बिजली बिल बकाया है। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि ऐसे विभागों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए उनके बिजली कनेक्शन काटे जाएं। उन्होंने कहा कि कई बार नोटिस जारी करने के बावजूद भुगतान नहीं किया गया है, जिसे अब गंभीरता से लिया जाएगा। मुख्य अभियंता की लगातार मॉनिटरिंग और अनुशासित कार्यशैली के चलते विभाग में कामकाज की गति तेज हो गई है, जिससे राजस्व वसूली अभियान को नई दिशा और मजबूती मिल रही है। बैठक व निरीक्षण के दौरान अधीक्षण अभियंता प्रदीप चौधरी भी मौजूद रहे।

# भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण करती है मां विंध्यवासिनी : महंत विंध्यवासिनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**हरिद्वार।** चैत्र नवरात्र की नवमी पर विभिन्न सिद्धपीठ में मां भगवती का विशेष पूजन किया गया। सिद्धपीठ विंध्यवासिनी मंदिर में मंदिर के परमाध्यक्ष महंत विंध्यवासिनी दास के संयोजन में मां भगवती के निमित्त विशेष हवन यज्ञ और 51 कन्याओं का पूजन किया गया। कन्या पूजन में कई संत महंत और श्रद्धालु भक्त शामिल हुए। महंत विंध्यवासिनी दास ने बताया कि मंदिर में साक्षात रूप से विराजमान मां विंध्यवासिनी भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण करती हैं। उन्होंने बताया विंध्यवासिनी मंदिर प्राचीन सिद्धपीठ है। मंदिर में दर्शन पूजन के लिए आने वाले भक्तों पर मां भगवती कृपा करती हैं। म.मं. स्वामी आदियोगी पुरी ने कहा कि मां भगवती हमेशा भक्तों का कल्याण करती हैं। नवरात्र मां भगवती की कृपा प्राप्त करने का महत्वपूर्ण अवसर हैं। सभी श्रद्धालुओं को नवरात्र में मां भगवती की आराधना अवश्य करनी चाहिए। इस अवसर पर महंत अरूण दास, महंत राघवेंद्र दास, महंत हनुमान दास, महंत सूर्यांश मुनि, महंत गोविंददास सहित संत महंत और श्रद्धालु भक्त मौजूद रहे।

# गांजे समेत नशा तस्कर दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** थाना सिडकुल पुलिस ने एक नशा तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से डेढ़ किलो गांजा बरामद किया गया है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकद्मा दर्ज करने के बाद पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश कर जेल दिया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के नशा तस्करी रोकने के लिए कड़ी कार्रवाई के निर्देशों के क्रम में सिडकुल थानाध्यक्ष ने अलग-अलग टीमों का गठन किया है। बृहष्पतिवार को मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने दवा चौक से आकाश पुत्र लालू निवासी टांडा भागमल लकसर हाल निवासी रावली महमूद थाना सिडकुल को गांजे समेत दबोच लिया। पुलिस टीम में एसआई संजय चौहान, हेडकांस्टेबल गजेंद्र व प्रदीप शामिल रहे।

# चार माह से लापता व्यक्ति की पुलिस ने परिजनों की तहरीर पर दर्ज की गुमशुदगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पथरी।** थाना क्षेत्र के ग्राम कटारपुर से चार माह से घर से लापता व्यक्ति की परिजनों द्वारा खोजबीन के बाद पुलिस को तहरीर दी, पुलिस ने परिजनों की तहरीर पर गुमशुदगी दर्ज कर मामले में जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरुवार को देव सतलेवाल निवासी कटारपुर ने पुलिस को तहरीर देकर बताया मेरे पिताजी संदीप 26 दिसंबर 2025 को सुबह करीब 10 बजे काम के लिए घर से निकले थे, शाम को घर वापस नहीं लौटे। परिजनों ने रिश्तेदारी व अन्य संभावित स्थानों पर तलाश की लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल सकी। 3 महीने बीत जाने के बाद उनका अभी तक कोई पता नहीं लग पाया है व्यक्ति का मोबाइल नंबर भी बंद आ रहा है। गुरुवार को पुलिस को तहरीर देकर पिता की गुमशुदगी दर्ज कराई है।

पथरी थानाध्यक्ष मनोज नौटियाल ने बताया देव सतलेवाल पुत्र संदीप की तहरीर के आधार पर पिता संदीप सतलेवाल की गुमशुदगी दर्ज कर ली गई है उनकी तलाश की जा रही है अभी उनका मोबाइल स्विच ऑफ आ रहा है मोबाइल की लोकेशन निकली जा रही है जल्द ही उनको तलाश कर लिया जाएगा।

# नेक राह वीर के रूप में डा. नरेश चौधरी सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**




**हरिद्वार।** परिवहन विभाग के संयुक्त आयुक्त राजीव मेहरा ने ऋषिकुल राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय के प्रो0 डॉ. नरेश चौधरी को ''नेक राह-वीर'' के रूप में सम्मानित किया। दरअसल, सड़क दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों को स्वर्णिम समय के भीतर अस्पताल पहुंचाकर उनकी जान बचाने वाले लोगों को सरकार द्वारा ''राह-वीर योजना'' के तहत सम्मानित किया जाता है। इसी योजना के अंतर्गत डॉ. नरेश चौधरी को यह सम्मान प्रदान किया गया। बताया गया कि 22 मई को श्यामपुर कांगड़ी के पास हाईवे पर हुई एक गंभीर सड़क दुर्घटना में घायल बिजेंद्र (48) निवासी टांडा सांवला, नजीबाबाद (जनपद बिजनौर) और सोनू (35) को डॉ. चौधरी ने तत्काल प्राथमिक उपचार दिलाया। इसके बाद उन्होंने दोनों घायलों को स्वयं अपने वाहन से जिला चिकित्सालय पहुंचाया।

गंभीर रूप से घायल बिजेंद्र की हालत नाजुक होने पर डॉ. चौधरी ने स्वयं पहल करते हुए उसे एम्स ऋषिकेश रेफर कराकर समय पर इलाज सुनिश्चित कराया, जिससे दोनों की जान बच सकी। सम्मान प्राप्त करने पर डॉ. नरेश चौधरी ने कहा कि वह पहले भी कई सड़क दुर्घटनाओं में घायलों की मदद कर चुके हैं, लेकिन ''राह-वीर योजना'' की जानकारी न होने के कारण विभाग को सूचित नहीं कर पाए। उन्होंने कहा कि यह योजना सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु दर कम करने में बेहद कारगर साबित होगी, बशर्ते इसके प्रति जनजागरूकता बढ़ाई जाए। इस अवसर पर राजीव मेहरा ने कहा कि डॉ. चौधरी का कार्य न केवल मानव सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण है, बल्कि समाज के लिए प्रेरणास्रोत भी है। यह कार्य पीड़ितों और उनके परिवारों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। इस मौके पर आरटीओ संदीप सैनी, अनिता चमोला, एआरटीओ नेहा झा, निखिल शर्मा, परिवर्तन अधिकारी भारत भूषण और वरुणा सहित अन्य अधिकारियों ने भी डॉ. नरेश चौधरी को बधाई देते हुए उनके कार्य की सराहना की।

# युवक अवैध तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पथरी।** पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान एक युवक को देशी तमंचे व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार गुरुवार देर शाम को वाहन चौकिंग के दौरान बुक्कनपुर लक्सर से टिगरी को जाने वाली सड़क से एक संदिग्ध युवक को पकड़ा है। आरोपी की तलाशी लेने पर उसके पास से एक अवैध देशी तमंचा 315 बोर एक जिंदा कारतूस व दो खोका कारतूस बरामद किया है। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम मिलन 25 वर्ष पुत्र काले सिंह बताया युवक किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में घूम रहा था। आरोपी की मोटरसाइकिल को सीज किया गया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर को न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया है।

### परिवहन मंत्री प्रदीप बत्रा से मिले ट्रैवल व्यवसायी

# चारधाम यात्रा में श्रद्धालुओं की पंजीकरण सीमा हटाने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**हरिद्वार।** लग्जरी कोचस वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारियो ने परिवहन मंत्री प्रदीप बत्रा से मुलाकात कर चारधाम यात्रा के दौरान होने वाली समस्याओं से अवगत कराते हुए समाधान की मांग की। समस्याओं से अवगत कराते हुए ट्रेवल्स व्यवसाई राकेश गोयल ने कोविड काल में चारधाम यात्रा के दौरान भीड़ नियंत्रण के लिए श्रद्धालुओं के पंजीकरण की सीमा लागू की गयी थी। कोविड समाप्त होने के बाद पंजीकरण सीमा लागू है। उन्होंने कहा कि देश के अन्य मंदिरों में श्रद्धालुओं की संख्या पर कोई सीमा नहीं है। इसलिए चारधाम यात्रा पर लागू इस व्यवस्था को समाप्त किया जाना चाहिए। ट्रेवल्स व्यवसायी हरमोहन सिंह बबली ने मांग की कि अधिकृत ट्रैवल कंपनियों को भी पंजीकरण अधिकार प्रदान किए जाएं। पंजीकरण केंद्र सीमित समय के लिए खुलते हैं। जिससे कई बार यात्री समय पर पंजीकरण नहीं करा पाते हैं और उन्हें असुविधा का सामना करना पड़ता है। ट्रैवल कंपनियों को पंजीकरण अधिकार देने के साथ सभी पंजीकरण केंद्रो को 24 घंटे खुला रखा जाए। राकेश गोयल ने बताया कि परिवहन मंत्री ने मांगों पर सकारात्मक कदम उठाने का आश्वासन दिया है। इस दौरान एसोसिएशन के कई पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे। 17

### भाजपाईयों ने कैबिनेट मंत्री मदन कौशिक का किया स्वागत

# जनता का स्नेह और समर्थन ही सबसे बड़ी ताकत : कौशिक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** भाजपा कार्यकर्ताओं ने कैबिनेट मंत्री मदन कौशिक का स्वागत एवं अभिनन्दन किया। कनखल स्थित इंदु एंक्लेव सोसाइटी में मयंक भजोराम शर्मा के संयोजन में आयोजित स्वागत समारोह में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि और क्षेत्र के लोग मौजूद रहे और फूलमालाएं पहनाकर मदन कौशिक का स्वागत किया। स्वागत समारोह को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री मदन कौशिक ने कहा कि जनता का स्नेह और समर्थन ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार विकास के एजेंडे पर पूरी मजबूती से काम कर रही है और हरिद्वार सहित पूरे उत्तराखंड में आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएं। जिससे अधिक से अधिक लोग योजनाओं का लाभ उठा सकें। रानीपुर विधायक आदेश चौहान ने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए सरकार और संगठन मिलकर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सड़क, बिजली, पानी और अन्य जन सुविधाओं के क्षेत्र में तेजी से काम हुआ है और आने वाले समय में और भी विकास कार्यों को गति दी जाएगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर संगठन को मजबूत करने की अपील की। कार्यक्रम संयोजक भजोराम शर्मा ने सभी अतिथियों, कार्यकर्ताओं और मौजूद लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह आयोजन क्षेत्र की एकता और भाजपा के प्रति लोगों के विश्वास का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से कार्यकर्ताओं को ऊर्जा और संगठन को अधिक सशक्त बनाने में मदद मिलती है। इस अवसर पर रानीपुर विधायक आदेश चौहान, गंगा सभा अध्यक्ष नितिन गौतम, महामंत्री तन्मय वशिष्ठ, वरिष्ठ भाजपा नेता ललित नैय्यर, पूर्व जिला अध्यक्ष संदीप गोयल, विकास तिवारी, विहिप जिला अध्यक्ष बलराम कपूर, संजय सहगल, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अभिनव चौहान, पार्षद एकता गुप्ता, दीपांशु विद्यार्थी, समाजसेवी अनिल गोयल, सुनील अग्रवाल, पराग गुप्ता, ऋषि सचदेवा, अभिनव वशिष्ठ, प्रकाश केशवानी, मयंक गुप्ता, अंकुश रोहिला, शैलेश मोदी, विक्रम गुलाटी, अश्वनी चौधरी, कमल राणा, अंकुर राणा, राहुल अरोड़ा, पार्थ गुलाटी, अर्श नैय्यर बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# स्वामी कैलाशानंद ने किया कन्या पूजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** चैत्र नवरात्र की नवमी पर निरंजन पीठाधीश्वर आचार्य स्वामी कैलाशानंद गिरी ने सिद्धपीठ श्री दक्षिण काली मंदिर में विशेष यंत्र का अर्चना कर 251 कन्याओं का पूजन किया और उन्हें चुनरी व उपहार भेंट किए। स्वामी कैलाशानंद गिरी कहा कि मां दुर्गा की आराधना को समर्पित नवरात्र धर्म का दिव्य और आलोकिक पर्व है। नवरात्र में मां दुर्गा की आराधना से करोड़ों गुना पुण्य फल मिलता है और कन्या पूजन से सुख-समृद्धि आती है। साथ ही उन्होंने कन्याओं की सुरक्षा व उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए संकल्प लेने का आह्वान किया। स्वामी अवंतिकानंद ने बताया कि गुरुदेव की रात्रि पूजा भक्तों के कल्याण हेतु जारी है।

# ऊर्जा विभाग ने ज्वालापुर में 65 बकायेदारों के बिजली कनेक्शन काटे

## 18 लाख की रिकॉर्ड वसूली, 15 मीटर भी उतारे

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**हरिद्वार।** मार्च माह के अंतिम चरण में ऊर्जा विभाग ने राजस्व वसूली अभियान को युद्धस्तर पर पहुंचा दिया है। विभागीय अधिकारियों की सख्ती और लगातार फील्ड में मौजूदगी के चलते बकायेदार उपभोक्ताओं के खिलाफ व्यापक स्तर पर कार्रवाई की जा रही है। अभियान का असर अब साफ तौर पर नजर आने लगा है, जिससे राजस्व वसूली में तेजी आई है। शुक्रवार को अधिशासी अभियंता ज्वालापुर रवि कुमार के निर्देश पर एसडीओ-। शिल्पी सैनी के नेतृत्व में एक सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। टीम ने ज्वालापुर के सीतापुर, सुभाष नगर, पीठ बाजार एवं मुख्य बाजार जैसे व्यस्त और घनी आबादी वाले क्षेत्रों में पहुंचकर लंबे समय से बकाया बिल जमा न करने वाले उपभोक्ताओं को चिन्हित करते हुए सख्त कार्रवाई की। अभियान के दौरान विभाग ने कुल 65 बिजली कनेक्शन काटे, जिससे बकायेदारों में हड़कंप मच गया। इसके अलावा 15 उपभोक्ताओं के मीटर भी मौके पर ही उतार लिए गए, जो लंबे समय से भुगतान नहीं कर रहे थे। विभाग ने इस दौरान सख्ती के साथ-साथ मौके पर ही वसूली भी की और करीब 18 लाख रुपये का राजस्व संग्रह कर बड़ी सफलता हासिल की। अभियान के दौरान कई उपभोक्ताओं ने कार्रवाई से बचने के लिए तुरंत बकाया जमा कराया, जिससे वसूली में उल्लेखनीय बढ़ोतरी दर्ज की गई। कार्रवाई के दौरान अवर अभियंता अक्षय कुमार सिंह एवं दीप्ति चौहान सहित लाइन स्टाफ की टीम मौजूद रही।

**उत्तराखण्ड पॉवर कॉरपोरेशन लिमिटेड**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड ज्वालापुर हरिद्वार। मोबाईल नं0. 9412073716

पत्रांकः– 2413/वि0.वि0.ख0ज्वा0/ह0/शटडाउन/ई0ई0/ दिनांक– 27.03.2026

**विद्युत बन्दी सूचना**

खण्ड के अन्तर्गत आने वाले सम्मानित उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि निम्न तालिका में वर्णित तिथि व समय में सम्बन्धित उपसंस्थान के क्षेत्रान्तर्गत लोपिंग चोपिंग का कार्य किया जाना प्रस्तावित है। अतः तालिका में वर्णित क्षेत्रों से सम्बन्धित सम्मानित उपभोक्ताओं की विद्युत आपूर्ति उल्लेखित तिथि व समय पर आंशिक/पूर्ण रूप से बाधित रहेगी।

| क्रम सं0 | उपसंस्थान का नाम | पोषक का नाम | दिनांक व दिन | समय | प्रभावित क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 33/11 के0वी0 विद्युत उपसंस्थान, शिवालिक नगर। | उक्त उपसंस्थान से पोषित होने वाले समस्त पोषक। | 29.03.2026 / रविवार | 10:00 बजे से 14:00 बजे तक | इण्डस्ट्रियल एरिया बहादराबाद, रामधाम कालोनी, ब्रह्मपुरी, रावली महदूद, डैन्सो चौक व उक्त उपसंस्थान से पोषित होने वाले समस्त घरेलू, अघरेलू एवं औद्योगिक उपभोक्ता। |

अतः आपसे अनुरोध है कि उक्त समय में विद्युत एवं पानी की वैकल्पिक व्यवस्था अपने स्तर से करने की कृपा करें। विद्युत बन्दी के समय सम्मानित उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की जाती है।

'विद्युत बिलो के 24X7 ऑनलाईन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जाएं*
Toll free No- 1800-419-0405

अधिशासी अभियन्ता

''राष्ट्रहित में विद्युत बचायें''

**सूचना**

सावजिनक साधारण को सूचित किया किया जाता है कि मेरा नाम स्वामी सहजानन्द पुरी शिष्य ब्रह्मलीन स्वामी संतोषानंद पुरी है और पैन कार्ड व आधार कार्ड में मेरा नाम स्वामी सहजानंद है जो शिष्य ब्रह्मलीन स्वामी संतोषानन्द पुरी है। भविष्य में मुझे स्वामी सहजानन्द पुरी के नाम से ही जाना, पहचाना और पुकारा जाए। पूर्व नाम स्वामी सहजानन्द और वर्तमान नाम स्वामी सहजानन्द पुरी दोनों मेर ही नाम हैं। स्वामी सहजानन्द पुरी शिष्य ब्रह्मलीन स्वामी संतोषानन्द पुरी अद्वैत स्वरूप, अनमोल आश्रम, ज्वालापुर, हरिद्वार।

हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें।
**सैफ सलमानी**
ब्यूरो चीफ
**शाह टाइम्स हरिद्वार**
कार्यालय : रामनगर, तहसील के पीछे, ज्वालापुर, हरिद्वार
मो.: 9639554327, ई-मेल : shahtimeshr2026@gmail.com

# बाल अधिकारों पर हैंडबुक निर्माण पर गोलमेज सम्मेलन

■ उत्तराखंड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग अध्यक्ष डॉ गीता खन्ना के नेतृत्व में किया गया मंथन



शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** उत्तराखंड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने अध्यक्ष डॉ गीता खन्ना के नेतृत्व में डॉ. आर. एस. टोलिया उत्तराखंड प्रशासन अकादमी, नैनीताल में "बाल अधिकारों पर हैंडबुक निर्माण (एक बच्चों के लिए एवं एक हितधारकों के लिए)" विषय पर दो दिवसीय गोलमेज सम्मेलन का आयोजन किया गया। एलबार फॉर उत्तराखंड एसपीसीआर ने डॉ गीता खन्ना की अध्यक्षता में देश में प्रथम बार यह भगीरथी प्रयास किया गया।

सम्मेलन का उद्देश्य बाल अधिकारों से संबंधित दो व्यवहारिक एवं उपयोगी हैंडबुक तैयार किया जा सके, एक बच्चों के लिए सरल एवं बाल-अनुकूल प्रारूप में तथा दूसरा विभिन्न हितधारकों के लिए, जिससे बाल संरक्षण प्रणाली को अधिक प्रभावी एवं समन्वित बनाया जा सके। आयोग की अध्यक्ष डॉ गीता खन्ना ने सम्मेलन के उद्देश्य, रूपरेखा एवं अपेक्षित परिणामों पर प्रकाश डालते हुए हैंडबुक के कार्य को शीघ्रातिशीघ्र करने पर जोर दिया जिससे कि बच्चों व उनके हितधारकों को उनके अधिकारों एवं उनसे संबंधित नियमों की जानकारी दी जा सके।

राष्ट्रीय स्तर पे ये अपने आप में ऐसा प्रथम प्रयास है सम्मेलन में विभिन्न राज्यों एवं राष्ट्रीय संस्थानों के विशेषज्ञों की गरिमामयी सहभागिता रही। इसमें सर्वप्रथम विभिन्न आयोगों के अध्यक्षों में डॉ. श्यामल प्रसाद सैकिया, अध्यक्ष, असम राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग जयन्ती देबबर्मा, अध्यक्षा, त्रिपुरा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग तथा श्री मुकेश कुमार, अध्यक्ष, अनुसूचित जाति आयोग शामिल रहे।

**सम्मेलन में विभिन्न सत्र हुए आयोजित**

सम्मेलन के विभिन्न तकनीकी सत्रों में बाल संरक्षण तंत्र, बाल-अनुकूल न्याय प्रणाली, साइबर सुरक्षा, मानव तस्करी, नशा मुक्ति, मानसिक स्वास्थ्य, विद्यालयों में बाल अधिकार तथा सार्वजनिक स्थानों एवं परिवहन में बाल सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर गहन विचार-विमर्श किया गया एमडीआर गीता खन्ना की अध्यक्षता में समूह चर्चा के माध्यम से दोनों प्रस्तावित हैंडबुक की संरचना, प्रमुख अध्यायों एवं विषयवस्तु को अंतिम रूप देने हेतु महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत किए गए। इस प्रक्रिया में यह सुनिश्चित किया गया कि तैयार की जाने वाली हैंडबुक व्यवहारिक, समावेशी एवं बाल-अनुकूल हों। समापन सत्र में सम्मेलन के प्रमुख निष्कर्ष एवं सिफारिशें प्रस्तुत की गई तथा सभी प्रतिभागियों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया गया।

संजीव शर्मा, सदस्य सचिव, आयोग ने आभासी रूप से प्रतिभाग करते हुए हैंडबुक तैयार किए जाने के लिए संपूर्ण सहयोग किए जाने के लिए कहा गया। इस कार्यशाला के आयोजन में सचिव एसके बरनवाल ,अनु सचिव एसके सिंह एवं अन्य ने प्रारिभाग किया। वरिष्ठ अधिकारियों में के.पी.आई. इलियास व संगमित्रा बारिक, संयुक्त निदेशक ने आभासी माध्यम से व भावना सक्सेना, मुख्य कार्यपालक अधिकारी एवं सदस्य सचिव शामिल रहे। आयोग की ओर से डॉ. एस.के. सिंह, अवर सचिव ममता रौथाण, विधि अधिकारी एवं डॉ. निशात इकबाल, बाल मनोवैज्ञानिक की सक्रिय भूमिका रही।

# रामनवमी पर विकासनगर में भव्य शोभायात्रा

■ गूंजे जय श्रीराम के जयकारे



शाह टाइम्स संवाददाता

**विकासनगर।** नगर में रामनवमी के पावन अवसर पर सनातन धर्म मंदिर सभा के तत्वावधान में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और पूरा नगर भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो गया।

शोभायात्रा सनातन धर्म मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से होते हुए पुन: मंदिर परिसर में संपन्न हुई। यात्रा के दौरान श्रद्धालु भगवान श्रीराम के भजनों पर झूमते नजर आए और "जय श्रीराम" के उद्घोष से वातावरण गूंज उठा। जगह-जगह पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया गया। इस अवसर पर पंडित रामचंद्र, प्रदीप महावर, रविंद्र अग्रवाल, प्रेम प्रकाश अग्रवाल, पंकज गुप्ता, प्रमोद अग्रवाल, सुशील अग्रवाल, रोहित अग्रवाल, गौरव अग्रवाल, आलिंद अग्रवाल, अंकुर अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, संजय गुप्ता, प्रदीप अग्रवाल, अमित अग्रवाल, नवनीत गर्ग और मनीष गर्ग सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

आयोजकों ने बताया कि रामनवमी के उपलक्ष्य में हर वर्ष शोभायात्रा का आयोजन किया जाता है, जिसका उद्देश्य समाज में धार्मिक आस्था और एकता को बढ़ावा देना है।

# चारधाम यात्रा को लेकर सीओ ने पुलिस के साथ किया निरीक्षण

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई टिहरी।** आगामी चारधाम यात्रा को सकुशल, सुव्यवस्थित व सुरक्षित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से सीओ नरेंद्रनगर सुरेंद्र सिंह भंडारी और एसडीएम नरेंद्रनगर आशीष घिल्डि़याल ने पुलिस बल के साथ यात्रा मार्ग का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने यात्रा मार्ग पर स्थित प्रमुख पड़ावों, संवे. दनशील व दुर्घटना संभावित स्थलों, पार्किंग व्यवस्थाओं, यातायात संचालन, बैरिकेडिंग, डायवर्जन प्लान और आपातकाल. ीन सेवाओं की उपलब्धता का गहन जायजा लिया। इस अवसर पर संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश भी जारी किए गए। सीओ ने निर्देश दिए कि यात्रा मार्ग पर सुचारू यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाए। संवेदनशील स्थलों पर विशेष सतर्कता बरती जाए और नियमित गश्त की व्यवस्था की जाए।

उन्होंने पार्किंग स्थलों का समुचित चिन्हांकन कर वहां स्पष्ट संकेतक लगाने के निर्देश दिए। साथ ही किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए क्विक रिस्पांस टीम व एम्बुलेंस सेवाओं को हर समय तत्पर रखने को कहा। यात्रियों की सुविधा के लिए मार्ग पर हेल्प डेस्क स्थापित करने के भी निर्देश दिए गए। इसके अलावा संबंधित विभागों को सड़क मरम्मत कार्य, सुरक्षा दीवारों, पैराफिट व संकेतक बोर्डों की स्थिति को शीघ्र दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए, ताकि यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। पुलिस प्रशासन ने सभी श्रद्धालुओं से अपील की है कि वह यात्रा के दौरान यातायात नियमों का पालन करें, प्रशासन की ओर से जारी दिशा-निर्देशों का अनुपालन करें और किसी भी आपात स्थिति में तत्काल पुलिस सहायता नंबर 112 पर संपर्क करें। कहा कि टिहरी पुलिस चारधाम यात्रा को सुरक्षित व सुगम बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

# डीएम ने जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा को लेकर अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश



■ राष्ट्रीय राजमार्ग के कार्यों में ढिलाई बरतने पर ठेकेदार के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के निर्देश

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई टिहरी।** जिलाधिकारी जिलाधिकारी नितिका खण्डेलवाल की अध्यक्षता शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं को कम करना, यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित करना, और सड़क के गड्ढों व अन्य खतरों को ठीक करना है।

बैठक में जनपद में सड़क दुर्घटनाओं को कम करने और यातायात को सुगम बनाने के महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा हुई। जिलाधिकारी ने संबंधित उप जिलाधिकारी को यात्रा सीजन के दौरान यातायात दबाव को देखते हुए चिन्हित स्थानों पर व्यवस्थित पार्किंग की व्यवस्था करने हेतु स्थलीय निरीक्षण कर उपर्युक्त स्थानों का चयन करें, उन्होंने कहा कि जहां दुर्घटनाओं की संभावना अधिक रहती है, ऐसे मार्गों पर विशेष निगरानी, सी.सी.टी.वी. कैमरों की स्थापना, दुर्घटना संवे. दनशील स्थलों की पहचान कर आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने ऋषिकेश से तोता घाटी राष्ट्रीय राजमार्ग पर अतिसंवेदनशील स्थानो का एसडीएम कीर्ति नगर,एनएच एच एवं पुलिस सयुंक्त स्थलीय निरीक्षण करने के उपरांत सुस्पष्ट रिपोर्ट शीघ्र उपलब्ध कराने के निर्देश दिए, ताकि संभावित दुर्घटना स्थानों पर सुरक्षात्मक क्रैश बैरियर का कार्य शीघ्र किया जा सके। सड़क सुरक्षा के दौरान सम्बन्धित उप जिलाधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि कतिपय ठेकेदारों द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग के कार्यों में शिथिलता बरती जा रही है जिस पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए है कि संबंधित ठेकेदारों के साथ संपर्क करते हुए कार्यों में तेजी लाने को कहा। उन्होंने कहा कि यदि उसके बाद भी कार्य में तेज गति देखने को नहीं मिलती है तो संबंधित ठेकेदार के खिलाफ एफआईआर दर्ज करना सुनिश्चित करे। जिलाधिकारी ने बीआरओ के अधिकारियों को यात्रा सीजन शुरू होने से पहले रोस्टर तैयार करते हुए राष्ट्रीय राजमार्गों के कार्यों को युद्ध स्तर पर करने के सख्त निर्देश दिए उन्होंने कहा कि यात्रा सीजन में कहीं पर भी रोड सेफ्टी के कारण कोई दुर्घटना होती है तो उसकी जिम्मेदारी बीआरओ की होगी।

जिलाधिकारी ने परिवहन विभाग को सभी वाहनों का फिटनेस अनिवार्य रूप से चेक करने के कड़े निर्देश दिए।

बैठक में अपर जिलाधिकारी अवधेश कुमार सिंह,अधीक्षण अभियंता के एस नेगी ,उप जिलाधिकारी आशीष , नीलू चावला मंजू राजपूत अंकित राज अल्केश नौटियाल,एआरटीओ सत्येंद्र राज, पूर्ति अधिकारी मनोज कुमार डोभाल के अलाव संबंधित तहसीलदार उपस्थित रहे।

## एक नजर .......

### धूमधाम के साथ मनाया गया नवमी पर्व

**विकासनगर।** पछवादून क्षेत्र में नवमी पर्व धूमधाम से मनाया गया। क्षेत्र के सभी मंदिर देवी मां सिद्धिदात्री के जय जयकारों से गूंज उठे। मंदिरो में सुबह से ही भक्तों की काफी भीड़ देखी गयी। लोगों ने नवमी पर मंदिरों व घरों में पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की इसके साथ ही घरों में कन्या पूजन कर पुण्य प्राप्त किया। कन्याओं को पूरी, हलवा, फल आदि वितरित किए साथ ही उन्हें उपहार भी दिए। क्षेत्र के तमाम मंदिरों में देरशाम तक भजन कीर्तन का दौर जारी रहा।

### ओला इलेक्ट्रिक ने एण्ड आईसीई ऐज अभियान किया लॉन्च

**देहरादून।** ओला इलेक्ट्रिक ने शुक्रवार को अपने एण्ड आईसीई ऐज अभियान की शुरुआत की घोषणा की, जिसका उद्देश्य भारत में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को तेजी से अपनाने को बढ़ावा देना है। इस अभियान के तहत कंपनी अपने जेन 3 एस 1 एक्स (2 के डब्लूएच) और रोडस्टर एक्स (2.5 के डब्लूएच) मॉडल्स को मात्र 49,999 की शुरुआती कीमत पर पेश कर रही है। इसके साथ ही पूरे पोर्टफोलियो पर 50,000 तक के लाभ भी दिए जा रहे हैं, जो केवल 31 मार्च तक मान्य हैं। यह पहल ऐसे समय में लाई गई है जब ईंधन की कीमतों में लगातार वृद्धि हो रही है, और कंपनी का उद्देश्य इलेक्ट्रिक वाहनों को भारतीय उपभोक्ताओं के लिए सबसे आकर्षक विकल्प बनाना है। इस अभियान के तहत कंपनी ने ग्राहकों के लिए कई भरोसेमंद सुविधाओं की घोषणा की है।

### आंदोलन तेज करने की दी चेतावनी

**नई टिहरी।** उत्तराखंड डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ की लंबे समय से लंबित 27 सूत्रीय मांगों पर शासन स्तर पर कोई ठोस निर्णय न होने से आंदोलन अब उग्र रूप ले चुका है। प्रथम और द्वितीय चरण के आंदोलन के बाद महासंघ के सदस्यों ने बीते सोमवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है। इसी क्रम में शुक्रवार को टिहरी इकाई के इंजी. नियरों ने लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण भवन के समक्ष धरना-प्रदर्शन कर शासन और सरकार के खिलाफ जोरदार रोष व्यक्त किया। हड़ताल के चौथे दिन आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता इंजीनियर जयप्रकाश भट्ट ने की, जबकि संचालन नीतू चौहान ने किया। महासंघ के पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि सरकार जल्द उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लेती है, तो आगामी 1 अप्रैल से आवश्यक सेवाओं से जुड़े विभागों के डिप्लोमा इंजीनियर भी हड़ताल में शामिल हो जाएंगे। धरना-प्रदर्शन के दौरान मंडल अध्यक्ष अंकित सैनी, जनपद सचिव राजेंद्र सोडी, इंजीनियर स्वाति चौहान, शक्ति आर्य, ममता पंवार, नीतू चौहान, दुर्गेश कुमार सहित विभिन्न तकनीकी विभागों के कई डिप्लोमा इंजीनियर उपस्थित रहे।

### गुमशुदा युवती को दिल्ली से किया बरामद

**सेलाकुई।** ऑपरेशन स्माइल के तहत सहसपुर पुलिस मायूस चेहरों पर मुस्कान बिखेरते हुए सेलाकुई क्षेत्र से गुमशुदा युवती को दिल्ली से सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 23 मार्च को सेलाकुई निवासी एक व्यक्ति द्वारा द्वारा अपनी नाबालिक पुत्री के घर से बिना बताए चले जाने के संबंध में थाना सेलाकुई पर तहरीर दी जिसके आधार पर थाना सेलाकुई पर तत्काल मुकदमा दर्ज किया। घटना की संवेदनशीलता के दृष्टिगत गुमशुदा की तलाश हेतु एसएसपी देहरादून द्वारा दिये गए निर्देशों पर तत्काल थाना सेलाकुई पर टीम गठित की गई। गठित टीम द्वारा गुमशुदा के घर तथा उसके आसपास आने जाने वाले मार्गो पर लगे सीसीटीवी कैमरो को चौक किया गया तथा युवती के दोस्तों व अन्य परिचितों से पूछताछ कर आवश्यक जानकारी एकत्रित की गई। पुलिस द्वारा की गयी त्वरित कार्यवाही से पुलिस टीम द्वारा गुमशुदा को दिल्ली से सकुशल बरामद कर उसके परिजनों के सुपुर्द किया गया।

# नशे के सौदागरों की चैन तोड़कर कार्यवाही करे पुलिस प्रशासन: नवप्रभात



शाह टाइम्स संवाददाता

**विकासनगर।** नशा छोड़ो भारत जोड़ो यात्रा पूर्व कैबिनेट मंत्री नव प्रभात के नेतृत्व में पहुंची जीवनगढ़ यात्रा का किया गया स्वागत। पूर्व मंत्री नव प्रभात के नेतृत्व में चल रही यात्रा जिसका मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में फेल रहे स्मैक और ड्रग्स के खिलाफ क्षेत्र में जन जागरण करके युवा पीढ़ी को बचाना ही प्रमुख उद्देश्य है।

पूर्व मंत्री नवप्रभात ने कहा कि आज का युवा हमारा भविष्य है और हम अपने भविष्य के साथ नशे के सौदागरों को खिलवाड़ नहीं करने देंगे हमें किसी भी हद तक जाना पड़े। उन्होंने शासन प्रशासन से मांग की नशे के बड़े सौदागरों की चेन को तोड़कर इस इलाके नशे का व्यापार करने वालों को सबक सिखाने का काम करें।

जिससे युवा पीढ़ी को बचाया जा सके। कार्यक्रम में मुख्य रूप से ब्लॉक अध्यक्ष अभिनव ठाकुर, हरबर्टपुर अध्यक्ष आशीष पुंडीर, जिला महामंत्री राजीव शर्मा, नीरज रोहिल्ला, ब्लॉक अध्यक्ष महिला कांग्रेस शशि चौहान, कुसुम कौशल, पूर्व प्रधान पंकज सोनू, हुसैन दीन, पूर्व जिला पंचायत सदस्य अजमेर राठौर, जाहिद, क्षेत्र पंचायत सदस्य फरमान, एडवोकेट समीर अंसारी, जमाल खान, अफजल बेग, सुमन, देवानंद पासी, दिनेश शर्मा, लवेश वर्मा, उस्मान, इसरार, सत्येंद्र शर्मा, संदीप भटनागर, क्षितिज वर्मा, सुबोध वर्मा, विनय जायसवाल, अमन, हर्ष, नितिन, आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### क्वानू में चिकित्सा शिविर का आयोजन

**विकासनगर।** ग्रामीण उत्थान विकास समिति मझगांव क्वानू के तत्वाधान में एक दिवसीय ग्राफिक एरा हॉस्पिटल देहरादून की ओर से निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन पंचायत भवन मझगांव क्वानू मैं 30 मार्च को प्रात: 10 बजे से लेकर 4 तक रहेगा। शिविर के संयोजक कुंवर सिंह राय ने बताया है कि शिविर में निम्न डॉक्टरों की उपस्थित रहेंगे। सामान्य रोग जांच एवं परामर्श, नेत्र रोग जांच एवं परामर्श, हड्डी रोग जांच एवं परामर्श, स्त्री रोग परामर्श एवं जांच, निशुल्क औषधि बीपी शुगर आदि की देखभाल, निशुल्क ऑक्सीजन एवं पल्स की सुविधा, शिविर में रक्तदान का भी आयोजन किया गया है। इस मौके पर गांव के प्रधान युद्धवीर सिंह चौहान, क्षेत्र पंचायत सदस्य मुकेश तोमर, जिला पंचायत सदस्य रघुवीर वर्मा, समाजसेवी संदीप चौहान, नरेश राय, सुरेंद्र तोमर मौजूद रहे।

# विद्यालय लाखापोखरी में जागरूकता शिविर आयोजित

शाह टाइम्स संवाददाता

**चकराता।** राजकीय आश्रम पद्धति उच्चतर माध्यमिक बालिका विद्यालय लाखापोखरी में शुक्रवार को एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं तहसील विधिक सेवा प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को सामाजिक, कानूनी एवं नागरिक दायित्वों के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सिविल जज आकाश कुमार, नायब तहसीलदार चकराता, विद्यालय के प्रधानाचार्य हंसकुमार चौहान, पीएलवी चकराता शुजाता अली शाह तथा स्थानीय पुलिस कर्मियों की उपस्थिति रही। सिविल जज आकाश कुमार ने अपने संबोधन में छात्राओं को उनके कानूनी अधिकारों के प्रति सजग रहने तथा अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने डीएलएसए एवं टीएलएसए द्वारा संचालित नि:शुल्क विधिक सहायता योजनाओं की विस्तृत जानकारी भी दी और छात्राओं से इनका लाभ उठाने का आह्वान किया। नायब तहसीलदार ने विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं प्रशासनिक प्रक्रियाओं की जानकारी दी और छात्राओं को जिम्मेदार एवं जागरूक नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। पीएलवी शुजात अली शाह ने छात्राओं को विधिक साक्षरता, महिला अधिकारों तथा उपलब्ध कानूनी सहायता सेवाओं के बारे में विस्तार से अवगत कराया। विद्यालय के प्रधानाचार्य हंसकुमार चौहान ने कहा कि इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम छात्राओं के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# सरकार जनता के द्वार चौपाल का ग्रामीणों ने किया बहिष्कार

■ अधिकारियों को बैरंग लौटाया



शाह टाइम्स संवाददाता

**साहिया।** कालसी विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत समाल्टा में सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम के तहत आयोजित न्याय पंचायत स्तरीय चौपाल को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखने को मिला। शासन द्वारा नामित नोडल एजेंसी पीएमजीएसवाई, लोक निर्माण विभाग कालसी के माध्यम से यह कार्यक्रम पूर्व निर्धारित तिथि 27 मार्च 2026 को आयोजित किया गया। इसके लिए 23 मार्च 2026 को आधिकारिक पत्र भी जारी किया गया था। इसके इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम की सूचना ग्रामवासियों को समय पर नहीं मिल सकी।

ग्रामीणों के अनुसार, कार्यक्रम की जानकारी उन्हें 27 मार्च को प्रात: लगभग 9 बजे व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से प्राप्त हुई, जिसके कारण अधिकांश लोग कार्यक्रम में शामिल नहीं हो पाए। परिणामस्वरूप, बड़ी संख्या में ग्रामवासी चौपाल से अनुपस्थित रहे। कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे ग्रामीणों ने इस अव्यवस्था पर कड़ा विरोध दर्ज कराया। उनका कहना था कि यदि सूचना पूर्व में दी जाती, तो अधिक से अधिक लोग अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रख सकते थे।

आक्रोशित ग्रामीणों ने चौपाल का बहिष्कार करते हुए उपस्थित सभी अधिकारियों को बैरंग लौटा दिया। साथ ही, एक ज्ञापन सौंपकर मांग की कि भविष्य में ऐसे जनहित कार्यक्रमों की सूचना कम से कम एक सप्ताह पूर्व दी जाए, ताकि अधिकतम सहभागिता सुनिश्चित हो सके। इस विरोध प्रदर्शन में अनिल सिंह तोमर, संसार सिंह, अवधेश तोमर, गोपाल तोमर, अजब सिंह, नारायण सिंह, सरदार सिंह, बलिया सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

# देवप्रयाग संगम पर आयोजित हुआ कवि सम्मेलन

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई टिहरी।** राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग की नमामि गंगे इकाई व नगर पालिका देवप्रयाग की ओर से संगम स्थल पर अखिल भारतीय कवि सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता क्षेत्रीय विधायक विनोद कंडारी ने की। महाविद्यालय ने प्लास्टिक मुक्ति का संदेश देते हुए मिट्टी से बनी वस्तुओं का उपयोग भी किया। प्रसिद्ध हिंदी कवि डा. बुद्धि नाथ मिश्र ने गंगा आधारित रचनाओं सहित अपनी कालजयी रचना जाल फेंक रे मछेरे से सभी को मंत्र मुग्ध किया। डा. नीरज नैथानी ने हृदय शूल चुभ जाते हैं जब जंगल काटे जाते है से प्रकृति की पीड़ा उभारी। डा. ऋतु सिंह की गंगा तुम मां सी हितकारी, तभी तो मां कहलाई ने भावुक किया। डा. दीपक द्विवेदी ने गंगा देवी महा सरिता, बहती शुद्धि मुक्ति की से गंगा की महिमा गाई। वीरेंद्र डंगवाल पार्थ ने ऊंचे पर्वत नीची घाटी में गंगा की धार से गंगा की मनोरमता दिखाई। जयकृष्ण पैन्यूली ने अपने मुक्तकों से गंगा का दर्द पिरोया। डा. आदिल कुरैशी ने गंगा है मेरा नाम, मैं भारत की पहेली कविता पढ़ी। डा. एमएन नौडियाल ने वो देखो गंगा रोती है से गंगा की व्यथा सुनाई। विवेक बादल ने प्रदूषित होती गंगा का सच और दिवाकर ठाकुर ने गंगा के देश में हो रहे नस्ल भेद को रेखांकित किया। कवियों ने गंगा की महत्ता, गौरव को कविताओं के माध्यम से व्यक्त किया। विधायक विनोद कंडारी ने साहित्य की ऐसी परंपराओं को प्रोत्साहित किए जाने को कहा। प्राचार्य प्रो. नर्वदेश्वर शुक्ल ने अकादमिक विकास के लिए ऐसे कार्यक्रम आवश्यक बताए। पालिकाध्यक्ष ममता देवी ने नगर के लिए ऐसे आयोजन महत्वपूर्ण बताए। नमामि गंगे इकाई के नोडल अधिकारी डा. सुबोध कुमार ने अतिथियों को सम्मानित किया।

# पीजी कालेज में पीटीए बैठक में शत-प्रतिशत उपस्थिति पर दिया जोर



शाह टाइम्स संवाददाता

**नई टिहरी।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नई टिहरी में अभिभावक शिक्षक संघ की बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. पुष्पा नेगी ने की। बैठक में छात्र-छात्राओं की कक्षाओं में शत-प्रतिशत उपस्थित को लेकर गहन चर्चा की गई। इस संबंध में अभिभावक शिक्षक संघ के अध्यक्ष मेहरबान सिंह, जीत राम भट्ट, देवेंद्र नौटियाल व भवानी राणा ने अपने विचार छात्र-छात्राओं, शिक्षकों व अभिभावकों के समक्ष रखें। अभिभावक संघ के अध्यक्ष मेहरबान सिंह नेगी ने सुझाव दिया कि सबसे पहले छात्रसंघ प्रति. निधियों को महाविद्यालय की ड्रेस में आने के लिए अनिवार्य किया जाए। साथ ही छात्र संघ निर्वाचन के प्रत्याशियों का नामांकन इसी आधार पर किया जाए कि वह महाविद्यालय की ड्रेस में महाविद्यालय में आए। बैठक के दौरान महाविद्यालय के प्राध्यापक डा. दिनेश वर्मा, डा. डीएस तोपवाल, डा. भारती जयसवाल, डा. हर्षित जोशी आदि ने भी विचार व्यक्त किए। शिक्षक अभिभावक संघ के सचिव डा. वीपी सेमवाल ने सभी अभिभावकों से अनुरोध किया कि वह महाविद्यालय में समय-समय पर होने वाले शिक्षक अभिभावक संघ की बैठक व अन्य कार्यक्रमों में अपनी सहभागिता बनाए रखें। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. पुष्पा नेगी ने सभी अभिभावकों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि अगले माह होने वाली अभिभावक शिक्षक संघ की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। इसके लिए सभी अभिभावकों की उपस्थिति अनिवार्य रहेगी। साथ ही महाविद्यालय में नए पाठ्यक्रमों को संचालित करने के लिए अभिभावक संघ के माध्यम से शासन को प्रस्ताव प्रेषित करने का अनुरोध किया गया है।

# निर्माण कार्य मानसून से पहले पूरे हों: डीएम

## जिलाधिकारी ने की जिले चल रही महत्वपूर्ण परियोजनाओं की समीक्षा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** जिले में चल रही प्रमुख परियोजनाओं के कार्यों को लेकर शुक्रवार को जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने अपने कैम्प कार्यालय में संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिए कि वे सभी कार्य निर्धारित लक्ष्यों के अनुसार समय पर और उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा करें। जिला. धिकारी ने कहा कि मानसून से पहले सभी निर्माण कार्यों को पूरा किया जाए। इसके अलावा उन्होंने सभी विभागों से समन्वय बनाए रखने और गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने को कहा ताकि जनता में बेहतर संदेश जा सके। बैठक में हल्द्वानी नगर और रामनगर में एचपीसीएल द्वारा किए जा रहे गैस पाइपलाइन



कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने एचपीसीएल के अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे हल्द्वानी नगर में यूयूएसडीए द्वारा किए जा रहे सीवरेज और पेयजल कार्यों के साथ समन्वय करके गैस पाइपलाइन बिछाने का काम हॉटमिक्स कार्य होने से पहले पूरा कर लें। समीक्षा के दौरान यह भी निर्णय लिया गया कि पीलीकोठी क्षेत्र में गैस पाइपलाइन बिछाने का कार्य इसी सप्ताह पूरा कर लिया जाए। यूयूएसडीए द्वारा हल्द्वानी नगर में किए जा रहे विभिन्न कार्यों और खुदी हुई सड़कों में हॉटमिक्स कार्य की प्रगति पर जिलाधिकारी ने कहा कि निर्धारित 17 किमी लक्ष्य के मुकाबले केवल 12 किमी हॉटमिक्स हुआ है। उन्होंने अधिका. रियों से आगामी 10 दिनों में 17 किमी खुदी हुई सड़कों में हॉटमिक्स कार्य पूर्ण किया जाए। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने जमरानी बांध परियोजना की भी समीक्षा की। परियोजना से आए अधिकारियों ने जानकारी दी कि 2 वर्षों के निर्माण कार्य में अब तक प्रथम टनल के 644 मीटर में से 544 मीटर और द्वितीय टनल के 600 मीटर में से 590 मीटर कार्य पूरा हो चुका है। जिलाधिकारी ने कहा कि मानसून से पहले दोनों टनलों का निर्माण कार्य पूरा कर लिया जाए। परियोजना में 2 कॉफर डैम और सिंचाई नहरों का निर्माण कार्य भी चल रहा है। इसके अलावा हल्द्वानी शहर के सभी चौराहों के सौंदर्यीकरण कार्य की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि एक माह के भीतर सभी चौराहों में सौंदर्यीकरण का कार्य पूरा कर लिया जाए। बैठक में सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेई, यूयूएसडीए के परियोजना प्रबंधन कुलदीप कुमार, जमरानी बांध के सहायक महाप्रबंधक शाहनवाज, अभय पंत सहित कई विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# जिले में गैस, पेट्रोल-डीजल की आपूर्ति सामान्य

## जिलाधिकारी ने कहा-अफवाहों पर ध्यान न दें

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** जनपद में गैस, पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है और किसी प्रकार की कमी नहीं है। जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने शुक्रवार को जानकारी देते हुए बताया कि जिले में गैस और ईंधन का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। जिलाधिकारी ने सिटी मजिस्ट्रेट सहित सभी एसडीएम को निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में गैस, पेट्रोल और डीजल के स्टॉक की नियमित जांच सुनिश्चित करें।

उन्होंने बताया कि भारत, एचपी और इंडेन गैस एजेंसियों में पर्याप्त गैस उपलब्ध है और आपूर्ति सुचारू रूप से जारी है। उन्होंने जनता से अपील की कि वे किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें और अनावश्यक रूप से गैस एजेंसियों के गोदामों पर न जाएं। सभी उपभोक्ताओं को होम डिलीवरी के माध्यम से गैस उपलब्ध कराई जा रही है। साथ ही लोगों को ऑनलाइन बुकिंग करने के लिए भी प्रोत्साहित किया गया है। जिलाधिकारी ने बताया कि पिछले सप्ताह गैस का बैकलॉग लगभग 40 हजार था, जो अब घटकर 25 हजार रह गया है और स्थिति धीरे-धीरे सामान्य हो रही है। गैस एजेंसियों को निर्देश दिए गए हैं कि पहले से बुकिंग कराने वाले उपभोक्ताओं को प्राथमिकता के आधार पर डिलीवरी दी जाए। इसके अलावा जिले में पेट्रोल और डीजल की भी पर्याप्त उपलब्धता है। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे घबराहट में आकर जरूरत से ज्यादा ईंधन का भंडारण न करें, क्योंकि घरों में ज्वलनशील पदार्थ जमा करना खतरनाक हो सकता है। साथ ही भ्रामक खबरों और अफवाहों से बचने की सलाह दी गई है।

## पाठ्य पुस्तकों के वितरण की प्रक्रिया की समीक्षा

**नैनीताल।** मुख्य शिक्षाधिकारी गोविन्द राम जायसवाल ने बताया कि जनपद के विभिन्न विद्यालयों में विभिन्न कक्षाओं की पाठ्य पुस्तकों का वितरण जारी है, और खुले बाजार से एनसीईआरटी द्वारा प्रकाशित पुस्तकें उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की अध्ययन प्रक्रिया को निरंतर बनाए रखने के लिए यह जरूरी है कि पुस्तकों की कमी के कारण पठन-पाठन कार्य प्रभावित न हो। मुख्य शिक्षाधिकारी ने जनपद के सभी खंड शिक्षाधिकारियों को निर्देश दिए कि वे सरकारी, निजी, शासकीय और अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालयों के उत्तराखंड बोर्ड और सीबीएसई बोर्ड के प्रधानाचार्यों/प्रधानाध्यापकों से संपर्क करें। उन्हें यह सुनिश्चित करने को कहा कि जब तक संबंधित कक्षाओं की पाठ्य पुस्तकों का पूर्ण वितरण नहीं हो जाता या बाजार में उपलब्धता नहीं होती, तब तक विद्यालय स्तर पर उपलब्ध पुस्तक बैंक के माध्यम से विद्यार्थियों को आवश्यकतानुसार पुस्तकें प्रदान की जाएं।

# हुड़दंग मचाने वाले दो युवक गिरफ्तार, वाहन सीज

**हल्द्वानी।** सार्वजनिक स्थान पर हुड़दंग, मारपीट और तोड़फोड़ करने वाले दो युवकों को काठगोदाम पुलिस ने गिरफ्तार कर उनके वाहन को भी सीज कर दिया। काठगोदाम थानाध्यक्ष विमल मिश्रा ने बताया कि बीते गुरूवार की शाम करीब 7 बजे नरीमन तिराहे के पास कुछ युवक शराब के नशे में एक वाहन चालक के साथ अभद्रता करते हुए मारपीट पर उतर आए। इतना ही नहीं, उन्होंने चालक की गाड़ी में तोड़फोड़ कर क्षेत्र की शांति व्यवस्था भी भंग की। घटना की सूचना मिलते ही मल्ला काठगोदाम चौकी प्रभारी दिलीप कुमार के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया और आस-पास लगे सीसीटीवी फुटेजों को खंगालकर आरोपियों की पहचान की गई। इसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपियों में भाष्कर सिंह बिष्ट पुत्र पूरन सिंह बिष्ट निवासी पदमपुरी, मुक्तेश्वर और हिमांशु कुमार पुत्र मदनलाल निवासी नवाबी रोड हल्द्वानी शामिल है। थानाध्यक्ष विमल मिश्रा ने बताया कि पकड़े गए दोनों आरोपियों को सार्वजनिक स्थान पर हंगामा करने और कानून व्यवस्था का उल्लंघन करने के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की गई। उन्होंने कहा कि शहर में किसी भी तरह की अराजकता व कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी हालत में बख्शा नहीं जायेगा। उन्होंने कहा शराब के नशे में हुड़दंग, मारपीट या सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंच. ाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जायेगी।

# मरीज़ बनकर सीएचसी पहुंचे सीडीओ

## औचक निरीक्षण: अस्पताल में 15 कर्मी मिले अनुपस्थित, वेतन रोकने के दिए आदेश



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) अरविन्द कुमार पाण्डे ने शुक्रवार को भीमताल स्थित साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्वयं मरीज बनकर उपचार भी कराया। निरीक्षण के दौरान जब उन्होंने पंजिका का अवलोकन किया, तो 15 कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए। इस पर सीडीओ ने नाराजगी व्यक्त करते हुए सीएमएस को उक्त कर्मचारियों का वेतन रोकने के निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी ने अस्पताल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और दवाइयों की एक्सपायरी डेट भी चेक की। इसके अलावा, उन्होंने यह भी सुनिश्चित किया कि बाहर से कोई दवाई तो नहीं लिखी जा रही है। सीडीओ ने अल्ट्रासाउंड मशीन, एक्स-रे मशीन और आयुष्मान कार्ड के लाभार्थियों की जानकारी भी ली। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सीएमएस को निर्देश दिए कि अस्पताल में सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए और सभी कर्मचारियों की समय पर उपस्थिति सुनिश्चित की जाए।

### 6 अनुपस्थित कर्मचारियों का मांगा स्पष्टीकरण

**हल्द्वानी।** मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) अरविन्द कुमार पाण्डे ने शुक्रवार को भीमताल विकास खण्ड कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान 6 कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए। इसके बाद सीडीओ ने खण्ड विकास अधिकारी को इन कर्मचारियों का स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान खण्ड विकास अधिकारी हर्षित गर्ग, एबीडीओ और डीपीओ सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# अयोध्या के लिए 50 तीर्थ यात्री रवाना



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** लायंस क्लब हल्द्वानी ग्रीन सिटी के तत्वावधान में भगवान श्रीराम की जन्मस्थली अयोध्या, राम दरबार हनुमानगढ़ी तथा सरयू नदी स्नान के लिए लगभग 50 तीर्थ यात्रियों का दल शुक्रवार दोपहर 2 बजे रवाना हुआ। यात्रा में पुरुष, महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। तीर्थयात्रियों की बस को मुखानी स्थित वर्मा के पेट्रोल पंप से हल्द्वानी नगर निगम के महापौर गजराज सिंह बिष्ट, भाजपा नगर अध्यक्ष मधुकर श्रोतिय तथा पूर्व जिला अध्यक्ष प्रदीप बिष्ट ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर क्लब अध्यक्ष डा. प्रमोद अग्रवाल 'गोल्डी', निशुल अग्रवाल, राखी अग्रवाल, अनीता अग्रवाल, डा. अनुज अग्रवाल, पवन कनक, सुमन जैन, प्रीति, प्रदीप, पंकज, शुभम, अक्षत, संविका, स्नेहा अग्रवाल, राकेश वर्मा, अंकुर गुप्ता मौजूद रहे।

# काठगोदाम के गोल्ज्यू मंदिर में कन्या पूजन के साथ विशाल भंडारा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** काठगोदाम फिल्टर हाउस स्थित गोल्ज्यू मंदिर में चैत्र नवरात्र की दशमी के पावन अवसर पर हवन यज्ञ, पूजा अर्चना कर कन्या पूजन किया गया। गोल्ज्यू मंदिर में हर वर्ष की भांति इस बार भी मंदिर परिसर में भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य का लाभ प्राप्त किया। समस्त प्रकार की धार्मिक अनुष्ठान पंडित खेमराज पंत द्वारा संपादित कराए गए। बता दें कि काठगोदाम के फिल्टर हाउस स्थित गोल्ज्यू मंदिर परिसर में हर साल चैत्र नवरात्रि के अवसर पर भव्य आयोजन किया जाता है जिसमें समस्त क्षेत्रवासियों की भागीदारी रहती है। इस बार भी



मंदिर परिसर में दशमी के अवसर पर कन्या पूजन का आयोजन हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इस दौरान ललित साह, पप्पू सांगुडी, शैलेन्द्र भंडारी, गिरिश शर्मा, विमला भंडारी, जसदीप, रुपा साह, बबीता भंडारी, अनीता सागुड़ी, अतुल अग्रवाल, निर्मल जोशी, बिशन सिंह बिष्ट, आकाश, किशोर अधिकारी, चंदू जोशी, सुंदर गौनी, प्रभात बिष्ट आदि तमाम भक्तगण मौजूद रहे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** घर से रात को काम पर निकला एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में मृत पाया गया। उसका शव उसके ही ई-रिक्शा पर पड़ा हुआ था। पोस्टमार्टम की वीडियोग्राफी के साथ शव का परीक्षण कराया गया है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराके शव परिजनों को सौंप दिया और मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार लालकुआं निवासी राकेश पुत्र भगवान दास ने पुलिस को बताया कि उसका बड़ा भाई मुकेश कश्यप ई-रिक्शा चलाकर अपना गुजरा करता था। बताया जा रहा कि बीते गुरुवार रात मुकेश घर से यह कहकर निकला था कि वह लालकुआं स्टेशन जा रहा है। लेकिन शुक्रवार की सुबह तक उसका कोई पता नहीं चला। इसके बाद राकेश ने उसे तलाशना शुरू किया। राकेश ने बताया कि उसका भाई मुकेश को लालकुआं स्टेशन के पास अपने ही ई-रिक्शा पर गंभीर अवस्था में पड़ा हुआ पाया। उसके मुंह से झाग निकल रहा था। राकेश ने तुरंत अपने भाई मुकेश को उपचार के लिए सुशीला तिवारी लाया गया जहां पर मौजूद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### अधेड़ ने जहर खाकर जान दी

**हल्द्वानी।** ऊधमसिंह नगर जिले में रहने वाले एक व्यक्ति ने संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। जहां देर रात उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराके शव परि. जनों के सुपुर्द कर दिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ऊधमसिंह नगर सिरौली कला निवासी 52 वर्षीय अतीक अहमद पुत्र मुन्ना ने बीते गुरुवार को घर में रखे जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ती देख परिजनों द्वारा आनन फानन में उपचार के लिए सुशीला तिवारी अस्पताल लाया गया जहां पर उपचार के दौरान अतीक ने दम तोड़ दिया।

# राम सिंह कैड़ा का भव्य स्वागत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** काठगोदाम चौराहा स्थित एक होटल में शुक्रवार को उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी मंच एवं क्षेत्रीय जनता की ओर से राज्य आंदोलनकारी एवं कैबिनेट मंत्री राम सिंह कैड़ा का भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मंच के जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिंह बिष्ट ने उन्हें फूल-मालाएं पहनाकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर राजेंद्र सिंह बिष्ट ने कहा कि राम सिंह कैड़ा जैसे प्रमुख राज्य आंदोलनकारी जिन्होंने उत्तराखंड राज्य निर्माण में अहम भूमिका निभाई, उनका कैबिनेट मंत्री बनना पूरे आंदोलनकारियों के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने विश्वास जताया कि कैड़ा पहाड़ की आवाज को मजबूती से उठाते हुए उन गांवों तक विकास पहुंचाने का कार्य करेंगे,



जहां अब तक मूलभूत सुविधाएं नहीं पहुंच सकी हैं।

कैबिनेट मंत्री राम सिंह कैड़ा ने इस अवसर पर सभी राज्य आंदोलनकारी मंच के सदस्यों और क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे और प्रदेश के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस मौके पर कमल मेहरा, कमल जोशी, हेम पाठक, जसविंदर सिंह भसीन, भूपेंद्र सिंह बिष्ट, इमरान, दलजीत सिंह चड्ढा, हरजीत सिंह चड्ढा, किशोर बल्यूटिया, रामू भारती, राजकुमार यादव, सिद्धार्थ मेहरा, कुणाल संभल, पूरन थापा, करन अधिकारी, हितेंद्र सहित कई लोग मौजूद रहे।

# झूठी सूचना देने वाले पर दस हज़ार का 'दंड'

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** काठगोदाम पुलिस ने आपातकालीन सेवा 'डायल 112' के दुरुपयोग के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए झूठी सूचना देने वाले एक कॉलर पर 10 हजार का चालान कर सख्त हिदायत देकर छोड़ा। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बीते गुरूवार को त्रिवेणी चंद्र पाठक पुत्र कांति बल्लभ पाठक निवासी देवलातल्ला गौलापार ने डायल 112 पर सूचना दी कि उनकी कार 'मधुबन बैंक्वेट हॉल' के पास से चोरी हो गई है। सूचना मिलते ही काठगोदाम पुलिस तुरंत हरकत में आई और सिटी पेट्रोल व चीता मोबाइल को मौके पर भेजते हुए क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। जांच के दौरान पुलिस टीम ने उक्त कार को मधुबन बैंक्वेट हॉल के पास ही एक सुनसान स्थान से बरामद कर लिया। जब कॉलर से पूछताछ की गई, तो उसने स्वीकार किया कि उसने खुद ही वाहन वहां खड़ा किया था और स्थान भूल जाने के कारण बिना पुष्टि किए चोरी की झूठी सूचना दे दी। इस पर पुलिस ने सख्त कार्रवाई करते हुए 83 पुलिस एक्ट के तहत कॉलर पर 10 हजार का चालान किया। साथ ही संबंधित व्यक्ति ने अपनी गलती स्वीकार करते हुए भविष्य में ऐसी पुनरावृत्ति न करने का लिखित माफीनामा भी दिया। पुलिस ने उसे सख्त हिदायत देकर छोड़ा।

# मिले बिजली कनेक्शन, सड़क का आश्वासन

## दुर्गम ग्वालदेव तोक में पहुंची बिजली, भाजपा नेता राकेश नैनवाल ने निभाया वादा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** नैनीताल विधानसभा क्षेत्र के गोरिया देव ग्राम के तोक ग्वालदेव में लंबे समय से बिजली की समस्या से जूझ रहे ग्रामीणों को आखिरकार राहत मिल गई।

भाजपा के पूर्व प्रदेश मंत्री राकेश नैनवाल के प्रयासों से सांसद अजय भट्ट की सांसद निधि के माध्यम से भूपाल सिंह नेगी, गोबिंद सिंह नेगी और राम सिंह नेगी के घरों तक विद्युत आपूर्ति पहुंचाई गई। विशेष बात यह रही कि राकेश नैनवाल स्वयं करीब 5 किलोमीटर दुर्गम पहाड़ी रास्ता पैदल तय कर ग्रामीणों के बीच पहुंचे। कठिन चढ़ाई और विषम



परिस्थितियों के बावजूद उन्होंने अपना संकल्प निभाते हुए लगभग तीन घंटे की पैदल यात्रा कर गांव तक पहुंचकर कार्य का जायजा लिया। सुबह रवाना होकर वे शाम तक वापस लौटे। बिजली पहुंचने से तीनों परिवारों सहित पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। इस अवसर पर राकेश नैनवाल ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि जल्द ही गांव तक सड़क सुविधा भी उपलब्ध कराने के प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि सड़क निर्माण के लिए भी सांसद से वार्ता कर सांसद निधि उपलब्ध कराई जाएगी। इस कार्य में पूर्व प्रधान राजू नेगी का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में सरपंच बालम नेगी, किसान मोर्चा कार्यकर्ता ललित नेगी, वरिष्ठ नेता हरीश बेलवाल, पूर्व मंडी उपाध्यक्ष मान सिंह रावत, विद्युत विभाग के एई श्री पाठक, चंदन जलाल सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।

# जेठानी की दिव्यांग बेटी से कराई चोरी, महिला को जेल

**हल्द्वानी।** देवरानी ने अपनी मानसिक दिव्यांग जेठानी की बेटी को बहला-फुसला कर जेवरात चोरी करा दिए। चोरी किए गए जेवरात हाथ आते ही आरोपी महिला ने उन्हें एक सुनार को बेच दिया। मामले का खुलासा होते ही जेठानी पुलिस के पास पहुंची और आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने आरोपी महिला को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार राजेंद्र नगर गली नंबर तीन निवासी दीपा आर्या पत्नी नवीन चंद्र ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि बीती 20 मार्च को उनके घर में रखे तमाम आभूषण चोरी हो गए। पता लगाने पर घर में हड़कंप मच गया। परिजनों ने छानबीन की तो पता लगा कि उनकी 14 वर्षीय बेटी जो मानसिक रूप से दिव्यांग है, उसने यह चोरी की। हालांकि जब और पूछताछ हुई तो सामने आया कि मानसिक दिव्यांग से यह काम दीपा की देवरानी गंगा आर्य पत्नी द्वारिका आर्या ने कराया था। उसने दिव्यांग भतीजी को बहला-फुसला कर यह काम कराया और जेवरात हाथ आने के बाद उन्हें एक सुनार को बेच दिया। परिजन उक्त सुनार के पास पहुंचे तो वह जेव. रात वापस करने को भी तैयार हो गया। कोतवाली के एसएसआई भूपेंद्र मेहता ने बताया कि मामले में तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर छानबीन की गई।

# दर्जी के बाद भागी युवती बरामद

## घर वापस चलने की बात कहने पर चौकी में मां को युवती ने जड़ा थप्पड़

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** हल्द्वानी। बीते 26 फरवरी से लापता एक 19 वर्षीय लड़की को पुलिस ने आरोपी दर्जी के साथ बीते गुरुवार को बरामद कर लिया। दर्जी के झांसे में आई लड़की का ब्रेन वॉश हो चुका था, और पुलिस ने दोनों को आरटीओ पुलिस चौकी लाकर जांच शुरू की। इतना ही नहीं जब चौकी में मां और पिता ने अपनी बेटी से घर लौटने की बात कहीं तो युवती ने मां के ही थप्पड़ मार दिया, यह देख पीड़ित पिता के आंसु छलक गए। बता दें कि मुखानी थाना क्षेत्र की रहने वाली 19 वर्षीय लड़की पिछले एक साल से 45 वर्षीय रहमत नामक दर्जी से सिलाई सीखने का काम करती थी। बताया जा रहा कि बीते 26 फरवरी को लड़की घर से लापता हो गई थी, उसी दिन रहमत भी अपनी दुकान बंद करके गायब हो गया। लड़की के पिता ने उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई, जिसके बाद पुलिस ने अपहरण की धाराओं में मामला दर्ज कर दोनों की तलाश शुरू की। पुलिस ने दोनों के मोबाइल नंबरों को सर्विलांस पर लगाया और उन्हें ट्रैक करना शुरू किया। इसी दौरान लड़की शहर के एक बैंक में देखी गई, जिससे पुलिस को सुराग मिला और दोनों को बीते गुरुवार को आरटीओ पुलिस ने बरामद कर चौकी ले आई। चौकी में लड़की के माता-पिता और हिंदूवादी संगठन के सदस्य भी पहुंचे। पुलिस ने लड़की को अपनी मां से मिलने की इजाजत दी। मां ने बेटी को समझाने की कोशिश की और घर वापस चलने का आग्रह किया, लेकिन बेटी ने मां के चेहरे पर थप्पड़ मार दिया। इस घटना से मां चौंक गई और पिता की आंखों से आंसू बहने लगे। इसके बावजूद पिता ने बेटी से घर लौटने की गुजारिश की, लेकिन लड़की ने पिता को भी सख्त जवाब दिया। मुखानी थानाध्यक्ष सुशील जोशी ने बताया कि दोनों को बरामद कर लिया गया है और लड़की के 164 के बयान मजिस्ट्रेट के सामने दर्ज किए गए हैं।

### आरटीओ चौकी में हंगामा

**हल्द्वानी।** जैसे ही दर्जी रहमत की गिरफ्तारी की खबर सामने आई, हिंदूवादी संगठन के कार्यकर्ता और स्थानीय लोग आरटीओ चौकी के बाहर जमा हो गए। लोग चाहते थे कि दर्जी को बाहर लाया जाए, लेकिन सुरक्षा कारणों से पुलिस ने उसे बाहर नहीं लाया। चौकी में भारी भीड़ और पुलिस का सुरक्षा घेरे के बावजूद लोग हंगामा करते रहे, लेकिन पुलिस ने दर्जी को सुरक्षा के लिहाज से बाहर नहीं निकाला।

# पेयजल संकट पर अधिकारियों को घेरा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** पेयजल संकट की बढ़ती समस्या ने हल्द्वानी के चौफुला क्षेत्र की जनता का सब्र तोड़ दिया। लंबे समय से पानी की किल्लत का सामना कर रहे स्थानीय लोग शुक्रवार को जल संस्थान के अधिकारियों के खिलाफ सशक्त विरोध प्रदर्शन करते हुए एई व जेई का घेराव किया। क्षेत्र की जनता ने आरोप लगाया कि जल विभाग की ओर से बार-बार की शिकायतों के बावजूद कोई ठोस समाधान नहीं निकाला गया, जिससे उनकी दैनिक जिंदगी पर गंभीर असर पड़ा है।

स्थानीय लोगों ने कहा कि जल निगम के एई और जेई मौके पर आकर समस्या नहीं सुनते और विभागीय कार्य में लापरवाही बरतते हैं। आक्रोशित महिलाओं ने कहा कि जब उन्होंने इस समस्या को शहर विधायक सुमित हृदयेश के सामने रखा, तो विधायक ने अधिकारियों को तत्काल मौके पर आने का निर्देश दिया और स्पष्ट किया कि जो भी जनता की मांग होगी, वही पूरी की जाएगी। लोगों ने अधिकारियों से कहा कि क्षेत्र में पूर्व में स्थापित पाइपलाइन को फिर से बहाल किया जाए, पुलिया के पास से बनी दीवार को हटाकर पानी की सप्लाई फिर से चालू की जाए। इसके बाद अधिका. रियों ने जनता की समस्याओं को गंभीरता से लिया और आश्वासन दिया कि अगले ही दिन चौफुला चौराहे पर दीवार को कटवाकर पानी की सप्लाई को फिर से बहाल करने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। घेराव करने वालो में मन्नू गोस्वामी, लीला देवी, उमा, हंसा देवी, सुमन देवी, भावना देवी, तुलसी देवी, दीपा गोस्वामी, डिगर राम, नारायण लाल, चंदन प्रकाश और विजय कुमार आदि मौजूद रहे।

**टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड**

पंजीकृत कार्यालय: 11वीं मंजिल, टॉवर ए, पेनिनसुला बिजनेस पार्क, गणपतराव कदम मार्ग, लोअर परेल, मुंबई.400013, शाखा का पता: बी-36, प्रथम एवं द्वितीय तल, एचडीएफसी बैंक के ऊपर, लाजपत नगर-2, नई दिल्ली – 110024

ऋण खाता संख्या: TCHHL0718000100092791, TCHIN0718000100094396.

एतद्वारा आम जनता को सामान्यतः तथा विशेष रूप से श्रीमती नेहा भट्ट (उधारकर्ता) एवं श्री ललित मोहन भट्ट (सह-उधारकर्ता) तथा उनके विधिक वारिसों/प्रतिनिधियों को सूचित किया जाता है कि टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (टीसीएचएफएल) के अधिकृत अधिकारी ने सरफेसी अधिनियम, 2002 के अंतर्गत निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुए, टीसीएचएफएल के पक्ष में बंधक रखी गई अचल संपत्ति (जिसका विवरण अनुसूची 'ए' में वर्णित है) का भौतिक कब्जा ग्रहण कर लिया है। कई बार नोटिस दिए जाने के बावजूद आपने उक्त परिसर में रखी सामग्री/स्टॉक को हटाने में विफलता/लापरवाही बरती है। अतः इस नोटिस के माध्यम से आपको अंतिम अवसर दिया जाता है कि आप इस नोटिस के प्रकाशन की तिथि से 07 (सात) दिनों के भीतर उक्त अचल संपत्ति में रखी सामग्री को हटा लें, अन्यथा अधिकृत अधिकारी गुण-दोष के आधार पर उक्त सामग्री के निपटान की कार्यवाही करेगा, जिसके लिए अधिकृत अधिकारी एवं टीसीएचएफएल किसी भी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होंगे। कृपया ध्यान दें कि संपत्ति में पड़ी उक्त सामग्री की बिक्री हेतु क्रेता की पहचान कर ली गई है, तथा आपकी ओर से कोई प्रतिक्रिया प्राप्त न होने पर हमारी बकाया राशि की वसूली हेतु संपत्ति का निपटान किया जाएगा।

**अनुसूची – 'ए'**

1. प्लॉट संख्या 94 का एक भाग, क्षेत्रफल 27.88 वर्ग मीटर (10'×30'), खाता संख्या 00034, खेत संख्या 168 मिन, राजस्व ग्राम जय नगर में स्थित, जिसे पेंटागन कॉलोनी के नाम से जाना जाता है, परगना एवं तहसील रुद्रपुर, जिला उधम सिंह नगर (उत्तराखंड), विक्रय विलेख में उल्लिखित सभी सामान्य सुविधाओं सहित। सीमाएँ: पूर्व में प्लॉट संख्या F-8, पश्चिम में 9.14 मीटर चौड़ी सड़क, उत्तर में प्लॉट संख्या B-95, दक्षिण में प्लॉट संख्या 94 का शेष भाग।
2. प्लॉट संख्या B-95, क्षेत्रफल 55.76 वर्ग मीटर (20'×30'), खाता संख्या 00034, खसरा संख्या 168 मिन, राजस्व ग्राम जय नगर में स्थित, जिसे पेंटागन कॉलोनी के नाम से जाना जाता है, परगना एवं तहसील रुद्रपुर, जिला उधम सिंह नगर (उत्तराखंड), विक्रय विलेख में उल्लिखित सभी सामान्य सुविधाओं सहित। सीमाएँ: पूर्व में प्लॉट संख्या F-8, पश्चिम में 9.14 मीटर चौड़ी सड़क, उत्तर में 6.09 मीटर चौड़ी सड़क, दक्षिण में प्लॉट संख्या B-94 का भाग। ("बंधक संपत्ति")

दिनांक: 28.03.2026
स्थान: रुद्रपुर, उत्तराखंड

हस्ता./- प्राधिकृत अधिकारी,
कृते टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

**सार्वजनिक सूचना**

यह सूचित किया जाता है कि मैं, रश्मि बहुगुणा देवदेशमुख, पुत्री स्वर्गीय श्री दर्शन लाल बहुगुणा, वर्तमान पता 404, आईबीवाई, नाहर अमृत शक्ति, चांदिवली, अंधेरी पूर्व, मुंबई, साकीनाका, महाराष्ट्र-400072, एक भूमि की वैध स्वामिनी हूँ, जिसका विवरण निम्नानुसार है: खाता खतौनी संख्या 152, खसरा संख्या-53 'ख', क्षेत्रफल 0.0320 हेक्टेयर (320 वर्ग मीटर), स्थित मौजा डांडा धोरन, परगना-परवादून, तहसील सदर, देहरादून (उत्तराखंड), जो कि मेरे नाम पर बही संख्या 1, जिल्द संख्या 344 (पृष्ठ 125 से 144), पंजीकरण संख्या 98 दिनांक 06/01/2012 उप-निबन्धक (चतुर्थ), देहरादून के अंतर्गत दर्ज है। यह कि उक्त भूमि मैंने श्रीमती निशा सकलानी से क्रय की थी। तथा श्रीमती निशा सकलानी द्वारा उपलब्ध कराए गए पूर्व पंजीकरण विवरण के अनुसार, मुझे यह ज्ञात हुआ है कि उन्होंने उक्त भूमि श्री श्याम सुंदर मित्तल से (उनकी पावर ऑफ अटॉर्नी धारक श्रीमती निर्मला मित्तल के माध्यम से) विक्रय अनुबंध द्वारा क्रय की थी, जो बही संख्या 1, जिल्द संख्या 1766 (पृष्ठ 96), ADFB 1, जिल्द संख्या 1787 (पृष्ठ 71 से 84), पंजीकरण संख्या 1536 दिनांक 12/02/2007 उप-निबन्धक सदर 1, देहरादून के अंतर्गत पंजीकृत है। यह कि उपर्युक्त वर्णित अंतिम दो विक्रय विलेख/पंजीकरण दस्तावेज मुझसे खो गए/गुम हो गए हैं। इस संबंध में मैंने दिनांक 30/05/2024 को आईटी पार्क पुलिस स्टेशन, देहरादून में जीडी संख्या 16 के अंतर्गत रिपोर्ट दर्ज कराई है। वर्तमान में मैं उक्त संपत्ति को विक्रय करने की इच्छुक हूँ, जिसके लिए संभावित क्रेता, भारतीय स्टेट बैंक, सचिवालय शाखा, देहरादून, से ऋण प्राप्त करना चाहता है। मैं यह पुष्टि करती हूँ कि मेरे स्वामित्व/कब्जे की अवधि के दौरान उक्त भूमि किसी भी प्रकार के भार, बंधक, बैंक या अन्य वित्तीय संस्थानों के ऋण अथवा किसी अन्य देनदारी से मुक्त रही है। साथ ही, मुझे ऐसा कोई कारण ज्ञात नहीं है जिससे यह विश्वास हो कि पूर्व स्वामिनी श्रीमती निशा सकलानी के स्वामित्व काल में उक्त भूमि पर कोई देनदारी या भार था। यदि किसी व्यक्ति को उपर्युक्त विक्रय विलेख/पंजीकरण दस्तावेजों में से किसी एक या दोनों की मूल प्रति प्राप्त होती है, तो कृपया उसे निम्नलिखित बैंक पते पर जमा कराएं: भारतीय स्टेट बैंक, सचिवालय शाखा, शाखा कोड 10164, देहरादून। यदि किसी व्यक्ति को उक्त भूमि के संबंध में कोई आपत्ति, दावा या किसी प्रकार की देनदारी की जानकारी हो, तो वह इस सूचना के समाचार पत्र में प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के भीतर उपर्युक्त बैंक पते पर लिखित रूप में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

## एसएसपी नवनीत सिंह ने किया खानपुर कोतवाली का निरीक्षण

# आमजन से मित्रता का व्यवहार करें पुलिसकर्मी : भुल्लर

### कप्तान ने कोतवाली परिसर की सफाई व्यवस्था परखने के साथ थाना खानपुर में बने नवनिर्मित कक्ष का किया उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** कप्तान नवनीत सिंह द्वारा आज कोतवाली खघनपुर का वार्षिक मुआयना किया गया। कोतवाली पहुंचने पर सेरिमोनियम गार्द द्वारा उन्हें सशस्त्र सलामी देकर सम्मानित किया गया। सलामी के पश्चात थाने के नवनिर्मित कक्ष के उद्घाटन करने के उपरांत उन्होंने कार्यालय, सीसीटीएनएस प्रोजेक्ट, कर्मचारी मैस, बैरक, आवासीय परिसर एवं मालखाना आदि का क्रमवार निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान एसएसपी नवनीत सिंह साफ-सफाई की व्यवस्थाओं पर संतुष्ट नजर आए, साथ ही जवानों को गुणवत्तापूर्ण एवं ताजा भोजन उपलब्ध कराने तथा बैरकों में शौचालय एवं स्नानागार के उपकरणों को सुचारु रूप से कार्यशील रखने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने थाना भवन का अवलोकन करते हुए निर्देशित किया कि यदि कोई बैरक या कमरा क्षतिग्रस्त स्थिति में हो तो उसकी समय रहते मरम्मत कराई जाए, जिससे कर्मचारियों की सुविधा और सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। कार्यालयी कार्यों की समीक्षा करते हुए एसएसपी ने हेड मोहर्रिर को निर्देश दिए कि सीसीटीएनएस प्रोजेक्ट को पूर्ण रूप से सक्रिय रखा जाए तथा सभी रजिस्टर समय-समय पर अपडेट किए जाएं। प्रभारी निरीक्षक को भी निर्देशित किया गया कि वे इन कार्यों की साप्ताहिक समीक्षा करें। चुंकि खानपुर क्षेत्र बाढ़ग्रस्त इलाका है, इसलिए अस्लाह-एम्युनेशन एवं आपदा राहत उपकरणों के रख-रखाव पर विशेष ध्यान देते हुए उन्होंने कहा कि सभी उपकरणों को साफ-सुथरी एवं कार्यशील स्थिति में रखा जाए। जो उपकरण अनुपयोगी हो चुके हों, उन्हें स्टोर में जमा कर नए उपकरणों की मांग हेतु पत्राचार किया जाए। मालखाना निरीक्षण के दौरान एसएसपी ने निर्देशित किया कि मुकदमों से संबंधित माल, विशेषकर आबकारी अधिनियम के अंतर्गत जब्त सामग्री का समय पर अल्पीकरण कराया जाए। साथ ही निर्णीत मुकदमों के माल एवं लावारिस वाहनों के निस्तारण हेतु भी आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि मालखाने में पर्याप्त स्थान बना रहे। विवेचनाओं की प्रगति पर जोर देते हुए उन्होंने सभी विवेचकों को निर्देशित किया कि मुकदमों का निस्तारण बिना अनावश्यक विलंब के, गुण-दोष के आधार पर किया जाए, जिससे पीड़ितों को समय पर न्याय मिल सके। इसके अतिरिक्त उन्होंने फर्स्ट एड बॉक्स को सदैव उपयोग के लिए तैयार रखने के निर्देश दिए, ताकि आवश्यकता पड़ने पर तत्काल घायलों को प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराया जा सके। अंत में एसएसपी नवनीत सिंह द्वारा कोतवाली में तैनात समस्त कर्मियों का सैनिक सम्मेलन लिया गया, जिसमें उनकी समस्याओं को सुनकर मौके पर ही उनके समाधान के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा किफरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर उनका निस्तारण किया जाए और आम जनता के बीच मित्र पुलिस की भूमिका पेश की जाए।



**❖साथ ही समय समय पर ग्रामीणों के साथ चौपाल का आयोजन कर, पुलिसिंग को बेहतर करें**



## रेलवे स्टेशन मास्टर व इलेक्ट्रीशियन के बीच मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** झबरेड़ा रेलवे स्टेशन पर उस समय अफरातफरी मच गई जब दो सरकारी कर्मचारियों के बीच जमकर गाली गलौज व मारपीट हो गई। स्टेशन मास्टर और रेलवे इलेक्ट्रिशियन के बीच हुआ यह झगड़ा शबिजली चोरीश के आरोप को लेकर शुरू हुआ, जिसमे देखते ही देखते दोनों के बीच गाली गलौज हुआ मारपीट हो गई।

जानकारी के अनुसार, गुरुवार देर शाम लगभग आठ बजे स्टेशन मास्टर आदित्य भारद्वाज और रेलवे में ही कार्यरत इलेक्ट्रिशियन जय कुमार के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी शुरू हुई। विवाद का मुख्य कारण बिजली की चोरी बताया जा रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, बहस इतनी बढ़ गई कि दोनों के बीच हाथापाई की नौबत आ गई। स्टेशन परिसर में दो सरकारी कर्मचारियों को इस तरह आपस में भिड़ते देख वहां मौजूद लोगों और अन्य कर्मचारियों द्वारा बीच में पड़कर झगड़ा कर रहे दोनों कर्मचारियों को छुड़ाया। मामला रेलवे परिसर का है और दोनों ही पक्ष रेलवे विभाग के कर्मचारी हैं, इसलिए सूचना मिलते ही रेलवे पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला। पुलिस ने दोनों पक्षों को शांत कराया और मामले की जांच शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष अजय शाह ने बताया कि दोनों ओर से दी गई तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी गई है। स्टेशन परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों और मौके पर मौजूद लोगों से पूछताछ के आधार पर घटना की कड़ियाँ जोड़ी जा रही हैं। बिजली चोरी जैसे गंभीर आरोप ने मामले को और भी संवेदनशील बना दिया है।

## गैस सिलेंडर की कालाबाजारी पर पूर्ति विभाग की छापेमारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कलियर।** जिलाधिकारी मयूर दीक्षित के निर्देशन में जिला पूर्ति विभाग द्वारा घरेलू गैस सिलेंडरो का व्यावसायिक उपयोग करने वालों के खिलाफ निरंतर की जा रही है। कलियर क्षेत्र में होटल ढाबों पर पूर्ति विभाग द्वारा छापेमारी के दौरान अवैध घरेलू सिलेंडर का व्यवसाई उपयोग होने पर 05 एलपीजी गैस सिलेंडर जब्त किए गए। जनपद में घरेलू गैस सिलेंडर का किसी भी दशा में व्यावसायिक उपयोग, कालाबाजारी एवं घटतौली न हो इसके लिए जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने छापामारी करने के निर्देश दिए गए है। जिला पूर्ति अधिकारी मुकेश पाल ने अवगत कराया है कि जिला अधिकारी के निर्देशन में पूर्ति विभाग की टीम द्वारा कलियर नगर क्षेत्रांतर्गत 12 होटल एवं ढाबों में छापेमारी की कार्यवाही की गई, जिसमें 05 घरेलू सिलेंडरों का व्यवसाई उपयोग करते हुए टीम द्वारा जब्त किए गए।

## हज यात्रियों के टीकाकरण व वैक्सीनेशन कैंप का शुभारंभ

### हज कमेटी चेयरमैन खतीब अहमद व कैबिनेट मंत्री प्रदीप बतरा ने पिलाई दवा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** हज यात्रा 2026 की तैयारियों के तहत रुड़की जिला उप-चिकित्सालय में 'हज टीकाकरण एवं स्वास्थ्य जांच शिविर' का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ हज कमेटी चेयरमैन खतीब अहमद व कैबिनेट मंत्री प्रदीप बत्रा ने किया। और शिविर में पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और हज यात्रियों का हालचाल भी जाना।

इस दौरान हज यात्रा पर जाने वाले यात्रियों को आवश्यक टीके लगाए गए और उनके स्वास्थ्य की जांच कर विशेषज्ञों द्वारा जरूरी परामर्श भी दिया गया। डॉक्टरों ने यात्रियों को यात्रा के दौरान स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों के बारे में जागरूक किया। कैबिनेट मंत्री प्रदीप बत्रा ने सभी हज यात्रियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हज एक पवित्र आध्यात्मिक यात्रा है और सरकार यात्रियों की सुविधा एवं सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कामना की कि सभी यात्रियों की यात्रा सुखद, सुरक्षित और मंगलमय हो। इस अवसर पर हज कमेटी चेयरमैन खतीब अहमद ने कहा कि हज यात्रा पर जाने वाले यात्रियों का टीकाकरण कार्यक्रम अब जारी रहेगा। यात्रियों की सहूलियत के हिसाब से उन्हीं के नजदीक चिकित्सालयों में यह कार्यक्रम किया जायेगा। इस कार्यक्रम में हरिद्वार के 103 व गढवाल के 4 हज यात्रियों की मेडिकल स्क्रीनिंग व टीकाकरण किया गया। अधिशासी अधिकारी हज समिति मौहम्मद आरिफ ने बताया कि निर्धारित समय पर टीकाकरण केंद्र लगाये जायेंगे। हज यात्रियों की स्वास्थ्य जांच की जा रही है। सभी यात्री समय से कैंप में पहुंचकर जांच करायें। शिविर में उत्तराखंड वक्फ बोर्ड अध्यक्ष शादाब शम्स, राज्यमंत्री देशराज कर्णवाल, हज अधिकारी हाजी अहसान, तरन्नुम खान, समीर जाफरी, अकरम साकरी, नदीम, अब्दुल सलाम, अजीम, अब्दुल शाहिद, कादिर, इजहारूल हक, गुलशन व अन्य लोग अन्य सम्मानित सदस्य भी उपस्थित रहे।



**❖शिविर में हरिद्वार के 103 व गढवाल के 4 हज यात्रियों की हुई मेडिकल स्क्रीनिंग व टीकाकरण**

## कैबिनेट मंत्री ने किया टेनिस बॉल क्रिकेट चैंपियनशिप का शुभारंभ

### उद्घाटन मैच में पांडिचेरी ने जम्मू कश्मीर की टीम को 10 विकेट से हराया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** रुड़की के नेहरू स्टेडियम में फेडरेशन कप टेनिस बॉल क्रिकेट चौंपियनशिप का भव्य आयोजन किया गया। तीन दिवसीय इस राष्ट्रीय स्तर के टूर्नामेंट का शुभारंभ उत्तराखंड सरकार के कैबिनेट परिवहन मंत्री प्रदीप बत्रा ने किया। टूर्नामेंट के संयोजक पूर्व विधायक एवं राज्य मंत्री देशराज कर्णवाल ने कार्यक्रम का सफल संचालन किया और सभी अतिथियों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम के मुख्य कार्य अधिकारी उत्तराखंड टेनिस बॉल क्रिकेट एसोसिएशन अमजद हुसैन ने जानकारी देते हुए बताया कि इस 33वीं चौंपियनशिप में देशभर के विभिन्न राज्योंख्रउत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, महाराष्ट्र, जम्मू-कश्मीर, राजस्थान, पूर्वांचल, पांडिचेरी, तमिलनाडु और लक्षद्वीपख्र से खिलाड़ियों ने भाग लिया है। पुरुष एवं महिला वर्ग दोनों के खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में हिस्सा ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि टूर्नामेंट में प्रतिदिन दो मैच खेले जाएंगे और तीन दिन बाद विजेताओं को सम्मानित कर पुरस्कार वितरित किए जाएंगे।

मुख्य अतिथि प्रदीप बत्रा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उन्हें शुभकामनाएं दीं और खेल के प्रति अनुशासन व देशभक्ति की भावना के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। उन्होंने स्वयं मैदान में उतरकर बैटिंग करते हुए टूर्नामेंट का शुभारंभ किया और टॉस कर मैच की शुरुआत कराई। उद्घाटन मुकाबला जम्मू-कश्मीर और पांडिचेरी के बीच खेला गया, जिसमें पांडिचेरी टीम ने जीत दर्ज की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों के रूप में राज्य मंत्री शादाब शम्स, हज कमेटी अध्यक्ष साकिब अहमद, भाजपा जिला महामंत्री अक्षय प्रताप, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अनीश गौड़, भारतीय टेनिस बॉल क्रिकेट महासंघ के राष्ट्रीय सचिव इमरान अहमद लहरी, कोच अवतार सिंह, भाजपा जिला उपाध्यक्ष संजीव तोमर एवं क्षेत्रीय पार्षद ताहिर अहमद सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। उद्घाटन के अवसर पर पुरुष वर्ग के पूल डी से जम्मू-कश्मीर और पांडिचेरी के मध्य मैच खेला गया। जिसमें पांडिचेरी की टीम ने जम्मू-कश्मीर को 10 विकेट से हराकर जीत का आगाज किया। पूल बी के मैच में गोवा ने महाराष्ट्र को 7 विकेट से पराजित किया।



## सड़क हादसे में घायल युवक के मामले में डंपर चालक पर मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कलियर।** इमलीखेड़ा-भगवानपुर मार्ग पर हकीमपुर तुर्रा गांव के सड़क हादसे में गम्भीर हुए युवकों के मामले में पुलिस ने घायल युवक के पिता की तहरीर पर अज्ञात डंपर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। टांडा भागमल निवासी ऋषिपाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनका पुत्र अनुज कुमार अपने दोस्त रोकी कुमार निवासी अजीतपुर, हरिद्वार के साथ 15 मार्च को मोटरसाइकिल से प्रतियोगी परीक्षा देने हरिद्वार से सहारनपुर जा रहे थे। जैसे ही वे हकीमपुर तुर्रा गांव के पास पहुंचे, पीछे से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी।जिसमें दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने 108 एंबुलेंस की मदद से घायलों को रुड़की सिविल अस्पताल भिजवाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया। अनुज कुमार का इलाज जौलीग्रांट और रोकी कुमार का उपचार एम्स ऋषिकेश में चल रहा है।पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपी चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।थाना प्रभारी रविन्द्र कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर अज्ञात डंपर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपी वाहन चालक की तलाश जारी है।

## भव्य वार्षिक उत्सव में सैन्य अधिकारियों रहे उपस्थित

**रुड़की।** भारतीय एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल द्वारा सोनी फाउंडेशन परिसर में शुक्रवार को 'वार्षिक उत्सव' का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में देश के प्रतिष्ठित सैन्य अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन को विशेष बना दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि परम विशिष्ट सेवा पदक (पीवीएसएम), अति विशिष्ट सेवा पदक (एवीएसएम) एवं युद्ध सेवा पदक (वाईएसएम) से सम्मानित लेफ्टिनेंट जनरल गौतम बनर्जी रहे। उनके साथ अति विशिष्ट सेवा पदक (एवीएसएम) व विशिष्ट सेवा पदक (वीएसएम) से सम्मानित ब्रिगेडियर के.पी. सिंह (कमांडेंट, बीईजी सेंटर रुड़की) तथा मेजर जनरल अजय चतुर्वेदी भी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त विद्यालय अध्यक्ष ब्रिगेडियर के. के. तलवार, हेमंत अरोड़ा, कर्नल समीर मानसिंह, विद्यालय निदेशिका शांति दुबे भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। विद्यालय की प्रधानाचार्या रमनीत स्वरूप ने सभी अतिथियों का पुष्प गुच्छ भेंट कर भावपूर्ण स्वागत किया। इसके बाद विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिनकी अतिथियों ने मुक्तकंठ से सराहना की और अपने संबोधन में छात्रों का उत्साहवर्धन किया।

## एनएसएस शिविर में योग, सड़क सुरक्षा जागरूकता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** कन्हैया लाल पॉलीटेक्निक की राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के तीसरे दिन का सफल आयोजन किया गया। आईडी एम हॉस्टल में आयोजित इस शिविर के तीसरे दिन की शुरुआत स्वास्थ्य, जागरूकता और समाज सेवा के संकल्प के साथ हुई।

शिविर का शुभारंभ योग प्रशिक्षक सुरेश त्यागी के मार्गदर्शन में हुआ। उन्होंने स्वयंसेवियों को योग के महत्व को समझाते हुए बताया कि योग मात्र व्यायाम नहीं, बल्कि शरीर (आसन) और मन (ध्यान) को जोड़ने वाली एक आध्यात्मिक विधा है। उन्होंने श्युजश शब्द की व्याख्या करते हुए तनाव प्रबंधन और जीवन जीने की कला के रूप में हठ, अष्टांग और कुंडलिनी योग की प्रमुख जानकारियां साझा कीं। सड़क सुरक्षा: जीवन रक्षा के लिए नियमों का पालन अनिवार्य बौद्धिक सत्र में मुख्य अतिथि सुनील सती (इंस्पेक्टर ट्रैफिक) ने स्वयंसेवियों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। उन्होंने सरल भाषा में समझाया कि हेलमेट पहनना, सीटबेल्ट लगाना और वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करना जैसे छोटे कदम बड़ी दुर्घटनाओं को टाल सकते हैं। उन्होंने जोर दिया कि सड़क नियमों का पालन करना न केवल कानूनी जिम्मेदारी है, बल्कि यह दूसरों के जीवन का सम्मान करना भी है। कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार सैनी और कुलदीप त्यागी के नेतृत्व में स्वयंसेवियों ने ग्राम मतलबपुर में एक विशाल जन-जागरूकता रैली निकाली। नुक्कड़ नाटक: स्वयंसेवियों ने नाटक के माध्यम से ग्रामीणों को स्वच्छता का महत्व समझाया। नारा: श्स्वच्छ उत्तराखंड, स्वस्थ उत्तराखंडश के संकल्प के साथ ग्रामीणों को अपने परिवेश को साफ रखने के लिए प्रेरित किया गया।

## नाबालिग को बहला फुसलाकर कर भगाने के मामले में दादा ने थाने में दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** थाना झबरेड़ा क्षेत्र के गांव से एक नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में पीड़िता के दादा ने एक युवक के खिलाफ थाने में नामजद तहरीर देकर कार्रवाही की मांग की है। झबरेडा थाना क्षेत्र के गांव निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी रिश्ते की पोती उम्र करीब 17 वर्ष जो मूल रूप से उत्तर प्रदेश की निवासी है पिछले 4 वर्षों से उन्हीं के पास रह रही थी। आरोप है कि बीती 26 मार्च की दोपहर करीब 2:15 बजे, ग्राम अम्बेटा थाना बड़गाँव, सहारनपुर निवासी वसीक अहमद उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया। परिजनों ने काफी तलाश की, लेकिन युवती का कहीं पता नहीं चला।पीड़ित परिवार ने आरोपित वसीक के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने और नाबालिग की जल्द बरामदगी की गुहार लगाई है। थाना ध्यक्ष अजय शाह द्वारा बताया गया कि तहरीर की पुष्टि कर इसे आधिकारिक रिकॉर्ड में दर्ज कर लिया गया है तथा मामले की जांच शुरू कर दी है।

### ब्राइट्स किड्स प्ले स्कूल में वार्षिक उत्सव की धूम

## पढ़ाई न हो तो जीवन बेकार है : काला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** ब्राइट किट्स प्ले स्कूल के वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित करने पर स्कूल संस्थापक हर्ष प्रकाश काला ने कहा जीवन में अपने सम्मान एवं उद्देश्य की प्राप्ति के लिए शिक्षा अति आवश्यक है, षशिक्षा न हो तो जीवन बेकार है। काला ने सभी बच्चों को परीक्षा परिणाम घोषित होने पर बधाई देते हुए कहा कि जिन बच्चों द्वारा अपनी कक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया गया उन बच्चों से अन्य बच्चों को सीख लेनी चाहिए कि उनका कक्षा एवं स्कूल में इस प्रकार की श्रेणी लाने का कारण क्या है।श्री काला ने कहा बच्चों की ऐसी शिक्षा होनी चाहिए जिसमें-दिल में हो सकून, मन में हो सम्मान। ऐसी शिक्षा देती है, एक नई पहचान। यही इस स्कूल की शिक्षा की विशेषता है जिसमें नैतिक शिक्षा के साथ सभ्यता, संस्कृति एवं सम्मान की भावना को प्रत्येक बच्चे के अन्दर समाहित करती है।

कोर्डिनेटर मिसेज आशा नेगी ने कहा कि बच्चों के संस्कार में माता पिता की अहम भूमिका है। इसलिए माता पिता का बच्चों के प्रति संवेदनशील होना अति आवश्यक है।इस अवसर पर सभी अभिभावकों ने स्कूल की शिक्षा एवं नैतिक शिक्षा की प्रशंसा की। इस अवसर पर हिमानी सजवान,योगिता, ज्योति प्रसाद कोटनाला, रामलाल काला,रीता नेगी प्रियंका प्रसाद, रश्मि खनका,पिंकी गोस्वामी,सोनाली नेगी, कविता पुण्डीर,इंदु मैंदोला आदि अभिवावक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रही। कार्यक्रम का संचालन कविता रावत ने किया।




### हाई कोर्ट के सख्त आदेश भी साबित हुए बेअसर

## अब्दीपुर गांव में अवैध कब्जे अब भी बरकरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** उत्तराखंड उच्च न्यायालय के कड़े रुख के बावजूद लक्सर क्षेत्र के अब्दीपुर में सरकारी जमीनों से अवैध कब्जे हटाने का मामला अधर में लटका नजर आ रहा है। शुक्रवार को एक बार फिर राजस्व और वन विभाग की टीम पैमाइश के लिए मौके पर पहुंची, लेकिन नतीजा ढाक के तीन पात ही रहा स्थिति यह है कि पैमाइश और चिह्नीकरण के दावों के बीच करोड़ों की सरकारी भूमि पर अवैध कब्जेधारी आज भी सीना ताने खड़े हैं।

शिकायतकर्ता रविंद्र कुमार ने तहसील प्रशासन की कार्यशैली पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि उच्च न्यायालय ने स्पष्ट आदेश दिए हैं कि राजस्व और वन विभाग की जितनी भी भूमि है, उसे तत्काल खाली कराया जाए। बावजूद इसके, अधिकारी केवल जमीन नापने की औपचारिकता पूरी कर रहे हैं एक महीने पहले भी टीम ने 4 हेक्टेयर भूमि चिह्नित की थी, लेकिन उस पर से कब्जा नहीं हटाया गया। ऐसा प्रतीत होता है कि तहसील प्रशासन की मिलीभगत से कब्जाधारियों को गेहूं की फसल काटने का समय दिया जा रहा है। अगर जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो हमें पुनः न्यायालय की शरण लेनी होगी। अधिकारियों का पक्ष: राजस्व विभाग की ओर से कानूनगो अनिल गुप्ता ने बताया कि पूर्व में चिह्नित की गई 4 हेक्टेयर भूमि की रिपोर्ट तहसील प्रशासन को सौंपी जा चुकी है उन्होंने कहा आज की पैमाइश की रिपोर्ट भी जल्द ही उच्चाधिकारियों को दे दी जाएगी चूंकि अधिकांश भूमि पर गेहूं की फसल खड़ी है इसलिए आगे की कार्रवाई एसडीएम लक्सर के निर्देशों के अनुसार अमल में लाई जाएगी



# आईपीएल की पहली भिड़ंत RBC Vs SRH

## ● आरसीबी और एसआरएच के मुकाबले के लिए बेंगलुरु में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई 2 हजार पुलिसकर्मियों की तैनाती



**बेंगलुरु, वार्ता।** एम- चिन्नास्वामी स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच आईपीएल 2026 के उद्घाटन मैच के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। प्रशंसकों, खिलाड़ियों और कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए स्टेडियम और आसपास के इलाकों में लगभग 2,000 पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है।

पुलिस के अनुसार, सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करने और भीड़भाड़ को रोकने के लिए, विशेष रूप से स्टेडियम के बाहर, सात विशेष दस्ते बनाए गए हैं। ए कड़े सुरक्षा उपाय पिछले साल शहर में हुई भगदड़ की घटना के मद्देनजर अपनाए गए हैं, जिसके बाद अधिकारियों ने भीड़ को नियंत्रित करने के लिए और भी सख्त तरीके अपनाने का फैसला किया था। अधिकारियों ने बताया कि दर्शकों की आवाजाही को आसान बनाने और भीड़ के जमावड़े से बचने के लिए प्रवेश और निकास द्वारों की संख्या लगभग दोगुनी करके 45 कर दी गई है। इसके अलावा, स्टेडियम में अतिरिक्त एम्बुलेंस, दमकल गाड़ियां और मेडिकल सहायता केंद्र भी तैनात किए गए हैं। निगरानी को और मजबूत करने के लिए, स्टेडियम के अंदर और आसपास लगभग 500 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जबकि पुलिस की टीमें भीड़ की आवाजाही पर रियल-टाइम (सीधे) निगरानी रखेंगी। इस बात पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है कि केवल वैध टिकट धारकों को ही प्रवेश की अनुमति मिले, इसके लिए स्टेडियम के बाहर बिना टिकट वाले प्रशंसकों के जमावड़े को रोकने के लिए विशेष दस्ते तैनात किए गए हैं। अधिकारियों ने वाहनों की आवाजाही को नियंत्रित करने के लिए डिजिटल टिकटिंग प्रणाली और कई स्तरों वाली सुरक्षा जांच सहित कई उन्नत प्रोटोकॉल लागू किए हैं। इसके साथ ही, यातायात प्रतिबंध और यात्रियों को उतारने-चढ़ाने के लिए विशेष क्षेत्र भी निर्धारित किए गए हैं। आईपीएल 2026 का सीजन शनिवार को बेंगलुरु में शुरू होने वाला है। इस हाई-प्रोफाइल मुकाबले में भारी भीड़ जुटने की उम्मीद है, जिसके चलते शहर की पुलिस और नागरिक एजेंसियों ने व्यापक तैयारियां की हैं। कहते हैं कि क्रिकेट एक 'जेंटलमैन' (भले लोगों) का खेल है। दूसरी ओर, आईपीएल एक ऐसा उत्सव है जहां ए 'जेंटलमैन' कभी-कभी बच्चों जैसा बर्ताव करने लगते हैं, और शनिवार की रात, चिन्नास्वामी स्टेडियम में यह तमाशा फिर से शुरू होने जा रहा है। मौजूदा चैंपियन, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का मुक. ाबला सनराइजर्स हैदराबाद से होगा। आरसीबी ने नई मालिकी के तहत एक नए अध्याय की शुरुआत की है। यह फेंचाइजी, जिसे विजय माल्या ने 2008 में 450 करोड़ रुपये में खरीदा था, पिछले कुछ सालों में जबरदस्त तरीके से आगे बढ़ी है और अब इसकी कीमत 16,500 करोड़ रुपये से भी ज्यादा हो गई है। अभी इसकी मालिकी आदित्य बिड़ला ग्रुप के पास है, जिसमें द टाइम्स ऑफ इंडिया ग्रुप, बोल्ट वेंचर्स और ब्लैकस्टोन भी पार्टनर हैं। यह अधिग्रहण आईपीएल के बढ़ते कमर्शियल महत्व को दिखाता है और टीम से मैदान के अंदर और बाहर, दोनों जगह बहुत ज्यादा उम्मीदें जगाता है। फिर भी, पैसा और खिताब पुरानी यादों को मिटा नहीं सकते।


पिछले साल, जब आरसीबी ने आखिरकार अपना पुराना 'मनहूस सिल. सिला' तोड़ा और आईपीएल की ट्रॉफी जीती, तो जीत का जश्न एक दुखद घटना में बदल गया। स्टेडियम के बाहर मची भगदड़ ने जीत की खुशी को फीका कर दिया, इस घटना में ग्यारह फैंस की जान चली गई और अधिकारियों को सवालों के जवाब ढूंढने के लिए इधर-उधर भागना पड़ा। तब से लेकर अब तक, स्टेडियम के दरवाजों को नए सिरे से बनाया गया है, भीड़ को काबू करने के इंतजाम और भी ज्यादा सख्त कर दिए गए हैं, और इमर. जेंसी के लिए बनाए गए नियमों में भी सुधार किया गया है।

# परमेश्वर ने विधायकों की आईपीएल टिकटों की मांग का बचाव किया

**बेंगलुरु, वार्ता।** कर्नाटक के गृह मंत्री जी- परमेश्वर ने शुक्रवार को विधायकों द्वारा मुफ्त इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टिकटों की मांग का बचाव किया। उन्होंने खेलों के प्रति उनके उत्साह को विवाद का कारण मानने के बजाय एक सकारात्मक संकेत बताया।

परमेश्वर ने आलोचनाओं को खारिज करते हुए कहा कि मुझे यह अच्छा लगा क्योंकि वे खेलों में इतनी दिलचस्पी दिखा रहे हैं। यह एक अच्छा बदलाव है। उन्होंने इस मांग को जनप्रतिनिधियों के बीच खेलों से बढ़ते जुड़ाव का संकेत बताया। खास बात यह है कि मंत्री ने इस मुद्दे को 'हक' के बजाय 'संस्थागत प्रक्रिया' से जोड़कर देखा। उन्होंने कहा कि टिकटों के बंटवारे पर कोई भी फैसला स्पीकर के दफ्तर और आयोजक. ों-जैसे कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ और फेंचाइजी अधिकारियों-द्वारा ही लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्पीकर इस मामले में क्या कदम उठाएंगे, यह पूरी तरह उन पर निर्भर करता है, क्योंकि सभी विधायक स्पीकर के ही अधीन आते हैं। इस बयान से संकेत मिलता है कि इस मामले को प्रशासनिक स्तर पर ही सुलझाया जाएगा। यह बयान ऐसे समय में आया है, जब टिकटों की इस मांग ने 'वीआईपी संस्कृति' को लेकर एक सार्वजनिक बहस छेड़ दी है। इस बहस की शुरुआत तब हुई, जब कांग्रेस विधायक विजयानंद काशप्पनवर ने सुझाव दिया कि विधायकों को एक से ज्यादा टिकट दिए जाने चाहिए, और तर्क दिया कि चुने हुए प्रतिनिधियों को टिकट के लिए आम लोगों की तरह कतार में खड़ा नहीं होना चाहिए।

# संजू सैमसन को धोनी अपनी कमान सौंपना चाहेंगे: इरफान





**नई दिल्ली, वार्ता।** टाटा आईपीएल और भारतीय क्रिकेट के तीन दिग्गज- एमएस धोनी, विराट कोहली और रोहित शर्मा-कल से शुरू हो रहे 19वें सीजन में एक बार फिर यह दिखाने के लिए बेताब होंगे कि वे क्या कर सकते हैं। जियो स्टार के 'आईपीएल टुडे लाइव' पर बात करते हुए, जियोस्टार के एक्सपर्ट आकाश चोपड़ा और इरफान पठान ने एमएस धोनी के बैटिंग पोजिशन और घटते प्रदर्शन, विराट कोहली की फटिनेस, और इन तीनों में से किसका सीजन सबसे अच्छा रहने की संभावना है, इस पर अपने विचार साझा किए। इरफान पठान ने कहा कि सीएसके टीम में संजू सैमसन का शामिल होना इस बात का संकेत हो सकता है कि टाटा आईपीएल 2026 एमएस धोनी का आखिरी सीजन होगा।

इरघन ने कहा कि ऐसा लगता है कि यह एमएस धोनी का आखिरी सीजन होगा। इसके संकेत मिल रहे हैं, क्योंकि अगर आप चेन्नई की टीम को देखें, तो उन्होंने एक ऐसे विकेटकीपर-बल्लेबाज को टीम में शामिल किया है जो अगले कुछ सालों तक खेल सकता है। आप उसके इर्द-गिर्द अपनी टीम बना सकते हैं और वह फेंचाइजी का चेहरा बन सकता है - वह खिलाड़ी है संजू सैमसन। उसने इंटरनेशनल क्रिकेट में अपनी फॉर्म को भी बेहतर बनाया है। उसने हाल ही में एक वर्ल्ड कप जीता है और बहुत शानदार बैटिंग कर रहा है। वह एक ऐसा खिलाड़ी है जिसे एमएस धोनी अपनी कमान सौंपना चाहेंगे - कोई ऐसा जिसमें यह सब करने की काबिलियत हो और जिससे फैन्स भी जुड़ सकें और अपनापन महसूस कर सकें। संजू के आने से, मुझे लगता है कि धोनी अब यह कह सकते हैं कि शायद अब समय आ गया है कि वह अपनी कमान किसी और को सौंप दें। लेकिन क्या यह पहले हो जाना चाहिए था? क्योंकि मुझे लगता है कि एमएस धोनी जैसा खिलाड़ी सिर्फ दो ओवर खेलने वाला खिलाड़ी बनकर नहीं रह सकता। आप अपनी विरासत ऐसे नहीं बनाते। तो हां, मुझे लगता है कि अब सही समय आ गया है। आईपीएल में एमएस धोनी की मैच खत्म करने की काबिलियत पर उन्होंने कहा, ष्जब सीएसके ने अहमदाबाद में अपनी पिछली ट्रॉफी जीती थी, तो उस समय भी यह चर्चा चल रही थी कि वह बैटिंग ऑर्डर में बहुत नीचे आ रहे हैं-और यह चर्चा तब शुरू हुई थी, जब इन बातों ने जोर भी नहीं पकड़ा था।

लेकिन जैसे-जैसे उनकी उम्र बढ़ी, उन्हें घुटने की समस्या भी होने लगी। इसलिए, उनके मन में अपनी भूमिका को लेकर पूरी स्पष्टता थी कि वह आखिरी दो ओवरों में बैटिंग करने आएंगे और मैच को खत्म करेंगे। लेकिन हुआ क्या? वह उन मैचों को खत्म नहीं कर पाए। कुछ साल पहले, जब संदीप शर्मा आखिरी ओवर में उन्हें गेंदबाजी कर रहे थे, तो एमएस धोनी ने उस मैच को रोमांचक तो बना दिया, लेकिन उसे खत्म नहीं कर पाए। हमने एमएस धोनी से पहले ऐसा कभी नहीं देखा था। अब ऐसा ज्यादा बार हो रहा है। इसलिए, अगर आप खेल रहे हैं, तो आपको अपनी टीम के लिए ज्यादा जम्मिेदारी लेनी होगी और कम से कम चार या पांच ओवर तक बैटिंग करनी होगी। यह टीम के लिए फायदेमंद होगा। आकाश चोपड़ा ने इस बारे में बात की कि धोनी, कोहली या रोहित में से किसका सीजन सबसे अच्छा रहेगा। उन्होंने कहा, ष्एक बार फिर सारा ध्यान विराट कोहली पर होगा, क्योंकि वह बहुत ज्यादा फिट हैं। हां, सीरीज के बीच में कुछ गैप होते हैं और ऑस्ट्रेलिया में उन्हें उन गैप्स की वजह से थोड़ी मुश्किल हुई थी, लेकिन एक बार जब उन्होंने रन बनाना शुरू किया, तो उन्हें महीनों तक लगातार अच्छा प्रदर्शन करने का तरीका मिल गया। इसलिए, समय के साथ उन्होंने जिस तरह की फिटनेस हासिल की है, वह उन्हें इस काम के लिए सबसे ज्यादा उपयुक्त बनाती है-खासकर इसलिए भी, क्योंकि वह एक ओपनर हैं। ऐसे में, उन्हें अपनी फॉर्म में वापस आने के लिए ज्यादा समय मिलता है। रोहित शर्मा के साथ भी यही बात लागू होती है, लेकिन इन दोनों में से, मुझे अब भी लगता है कि विराट कोहली के लिए यह थोड़ा ज्यादा आसान है-और इसकी वजह सिर्फ वह खुद हैं।

# लवलीना और निखत करेंगी भारतीय चुनौती की अगुवाई

**उलानबटोर (मलेशिया),** वार्ता। ओलंपिक पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन और पूर्व विश्व चैंपियन निखत जरीन शनिवार से शुरु होने वाली एशियन मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2026 में भारत की चुनौती की अगुवाई करेंगी। एएसए एरिना में होने वाली एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप में ओलंपिक और विश्व चैंपियनशिप के पदक विजेता सहित लगभग 250 मुक्केबाजों के हिस्सा लेने की उम्मीद है। यह चैंपियनशिप 28 मार्च से 11 अप्रैल तक चलेगी। भारत ने इस चैंपियनशिप के लिए 20 सदस्यों वाली मुक्केबाजी टीम भेजी है। जो भारतीय मुक्केबाज मंजूर वजन कैटेगरी में फाइनल में पहुंचेंगे, उन्हें कॉमनवेल्थ गेम्स और एशियन गेम्स के लिए सीधे क्वालिफिकेशन मिल जाएगा। निखत जरीन 51 भार वर्ग में लड़ेंगी। मौजूदा विश्व चैंपियन मीनाक्षी हुड्डा और जैस्मीन लंबोरिया के साथ-साथ ओलंपियन पूजा रानी भी भारत की महिला टीम का हिस्सा हैं।



शाह टाइम्स

सम्पादकीय

शनिवार, 28 मार्च 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# वार्ता और बमबारी !

ईरान का इस्राईल-अमेरिका के साथ युद्ध छिड़े 28 दिन गुजर चुके हैं, लेकिन जंग है कि रुकने का नाम नहीं ले रही है। हालांकि पिछले कुछ दिनों से ऐसी खबरें भी आ रही हैं, जिसमें बताया जा रहा है कि दोनों पक्षों के बीच वार्ता चल रही है, लेकिन इस तरह की खबरें अमेरिका की तरफ से ज्यादा आ रही हैं। ईरान से इस संबंध में बेहद ठंडी प्रतिक्रिया देखी जा रही है। शुक्रवार की ही बात करें, तो अमेरिका की तरफ से दस दिन तक ईरान के पेट्रोलियम ठिकानों पर किसी तरह की कार्रवाई न करने की बात कही गई है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा कि यह फैसला इसलिए लिया गया है ताकि जो बातचीत चल रही है, उसको पूरा मौका मिले, लेकिन जिस तरह इस्राईल ने ईरान के स्टील के दो बड़े प्लांट जो इस्फाहान और खुजेस्तान में स्थित हैं, उन पर बड़ा हमला किया, तो वहीं ईरान ने भी बदले की कार्रवाई करते हुए ऑपरेशन टू प्रोमिस 4 के तहत 83वां चरण युद्ध का शुरू कर दिया। बताया जा रहा है कि इस बार ईरान ने इस्राईल को बड़ी चोट पहुंचाई है। उसने इस्राईल के साथ-साथ खाड़ी देशों में अमेरिकी सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया है। ईरान ने बेलेस्टिक मिसाइल और सुसाइडल ड्रोन्स के जरिये इस्राईल के अश्दोद में तेल डिपो को निशाना बनाया। वहां आग लगने की बात कही जा रही है। कुवैत, बहरीन, अलधाफरा में भी ईरानी ड्रोन्स ने अमेरिका के सैन्य बेस को निशाना बनाया है। ईरान की तरफ से कुछ चेताया भी जा रहा है और कहा जा रहा है कि खाड़ी देशों ने ज्यादातर अमेरिका के सैन्य बेस तबाह हो चुके हैं और उसके सैनिक वहां के होटलों में शरण ले रहे हैं। ईरान तो यहां तक कह रहा है कि होटल स्वामी भगौड़े सैनिकों को शरण न दें। वह लोगों से भी अपील करता दिखाई दे रहा है कि अगर उन्हें ऐसे भगौड़े सैनिकों के छिपने की जानकारी हो तो उन्हें दें। जाहिर है इस तरह का रवैया बेहद आक्रामक तो है ही, साथ ही यह भी बताता है कि ईरान इस युद्ध में अमेरिका-इस्राईल के साथ किसी भी सीमा तक जाने का इरादा रखता है और उसके हौसलें बुलंद हैं। जाहिर है वार्ता और हमले एकसाथ नहीं चल सकते। इससे तो यही पता चलता है कि दोनों ही पक्ष केवल वार्ता करने का दिखावा कर रहे हैं, लेकिन वास्तव में वह जंग को रोकने के पक्ष में नहीं हैं। कोई भी समझ सकता है कि किसी भी समस्या का हल वार्ता से तभी निकल सकता है, जब पहले से ही दोनों ही पक्षों की ओर से कुछ ऐसे सकारात्मक कदम उठाए जाएं, जिससे जो अविश्वास की खाई जोकि बहुत बड़ी है, उसको पाटा जा सके। जब दोनों पक्षों को एक-दूसरे पर भरोसा ही नहीं होगा, तो नतीजे क्या खाक आएंगे। इतना ही नहीं अमेरिका की वार्ता की बात भी कर रहा है। साथ ही वह ईरान को धमकाने से भी बाज नहीं आ रहा है। यूं भी अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प अपने अटपटे व्यवहार के लिए जाने जाते हैं। वह अभी भी युद्ध रोकने को गंभीर दिखाई नहीं दे रहे हैं।

## उत्पाद शुल्क कटौती, वसूली का खेल



ईधन में उत्पाद शुल्क कटौती जनता से वसूली का खेल है, सरकार पहले जनता से भारी वसूलती है और बाद में मामूली राहत देकर उसे उपकार के रूप में पेश करती है, वर्ष 2014 में पेट्रोल पर उत्पाद शुल्क 9.48 रुपये प्रति लीटर और डीजल पर 3.56 रुपये प्रति लीटर थी, जो अब बढ़कर क्रमश: लगभग 32.98 रुपये और 31.83 रुपये प्रति लीटर हो गई है,सरकार ने इन करों के जरिए लाखों करोड़ रुपये वसूले हैं, अब सरकार खुद को राहत देने वाली बताकर राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश कर रही है, जबकि आम लोगों की परेशानी कम नहीं हुई है, लगता है जो फाइल है, उसका कुछ असर अब दिमाग पर भी दिखने लगा है।

**-प्रमोद तिवारी, राज्यसभा सदस्य कांग्रेस**

# नई खोजों ने जैव विविधता की हमारी समझ को नई दिशा दी

प्रशांत महासागर की अथाह गहराइयों में हाल ही में हुई एक महत्वपूर्ण वैज्ञानिक खोज ने समुद्री जैव-विविधता की हमारी समझ को नई दिशा दी है। वैज्ञानिकों ने गहरे समुद्र में रहने वाले छोटे लेकिन अत्यंत महत्वपूर्ण जीवों एम्फिपोड्स की 24 नई प्रजातियों की पहचान की है, जिनमें एक पूरी तरह नई सुपरफैमिली का भी पता चला है। यह खोज केवल नई प्रजातियों की सूची में वृद्धि भर नहीं है, बल्कि यह इस बात का प्रमाण है कि पृथ्वी के महासागरों में जीवन की विविधता अभी भी काफी हद तक अनजानी है और वैज्ञानिकों के सामने अनगिनत रहस्य अब भी छिपे हुए हैं।

एम्फिपोड्स छोटे, झींगे जैसे क्रस्टेशियन जीव होते हैं, जो समुद्र के विभिन्न स्तरों पर पाए जाते हैं, लेकिन गहरे समुद्र में उनकी विशेष भूमिका होती है। ये जीव समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र में सफाईकर्मी के रूप में कार्य करते हैं, क्योंकि वे मृत जीवों और जैविक अवशेषों को खाकर पोषक तत्वों के चक्र को बनाए रखते हैं। वैज्ञानिकों के अनुसार, एम्फिपोड्स की विविधता बहुत अधिक है और वे समुद्री तल के सबसे महत्वपूर्ण जीवों में से एक माने जाते हैं, फिर भी उनकी अधिकांश प्रजातियां अभी तक वैज्ञानिक रूप से दर्ज नहीं की गई हैं।

यह नई खोज प्रशांत महासागर के क्लैरियन-क्लिपरटन जोन नामक क्षेत्र में की गई, जो लगभग 60 लाख वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है। यह क्षेत्र समुद्र की गहराइयों में स्थित है और खनिज संसाधनों, विशेष रूप से पॉलिमेटालिक नोड्यूल्स, के लिए प्रसिद्ध है। इन नोड्यूल्स में कोबाल्ट, निकल और मैंगनीज जैसे धातु पाए जाते हैं, जिनका उपयोग आधुनिक तकनीकों जैसे इलेक्ट्रिक वाहनों की बैटरियों में किया जाता है। यही कारण है कि यह क्षेत्र वैज्ञानिकों के साथ-साथ औद्योगिक गतिविधियों के लिए भी आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

इस अध्ययन में वैज्ञानिकों ने 10 अलग-अलग एम्फिपोड परिवारों से संबंधित 24 नई प्रजातियों की पहचान की। यह अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है, क्योंकि गहरे समुद्र में नई प्रजातियों की खोज करना अत्यंत कठिन और समय लेने वाला कार्य होता है। लेकिन इस खोज की सबसे खास बात यह है कि इसमें एक नई सुपरफैमिली की पहचान भी हुई है, जिसे मिराबेस्टियोइडिया नाम दिया गया है। टैक्सोनॉमी यानी वर्गीकरण विज्ञान में एक नई सुपरफैमिली की खोज अत्यंत दुर्लभ होती है, क्योंकि यह जीवों के विकासक्रम में एक पूरी तरह नई शाखा का प्रतिनिधित्व करती है। नई सुपरफैमिली के अंतर्गत एक नया परिवार और दो नए जीनस भी शामिल किए गए हैं। यह दर्शाता है कि इन जीवों का विकास अन्य ज्ञात एम्फिपोड समूहों से काफी अलग तरीके से हुआ है। वैज्ञानिकों के अनुसार, इस तरह की खोज यह संकेत देती है कि गहरे समुद्र में जीवन का विकास बहुत जटिल और विविध रहा है और हम अभी तक उसका केवल एक छोटा हिस्सा ही समझ पाए हैं।

गहरे समुद्र के पर्यावरण की बात करें तो यह पृथ्वी के सबसे कठिन और चरम वातावरणों में से एक है। यहां सूर्य का प्रकाश नहीं पहुंचता, तापमान अत्यंत कम होता है और दबाव बहुत अधिक होता है। इन परिस्थितियों में जीवों का जीवित रहना अपने आप में एक अद्भुत उदाहरण है। एम्फिपोड्स ने इन कठिन परिस्थितियों के अनुकूल खुद को ढाल लिया है। कुछ प्रजातियां मृत जीवों को खाकर जीवित रहती हैं, जबकि कुछ शिकारी भी होती हैं।

इस खोज में आधुनिक वैज्ञानिक तकनीकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। वैज्ञानिकों ने न केवल पारंपरिक रूपात्मक अध्ययन (मॉर्फोलॉजी) का उपयोग किया, बल्कि डीएनए बारकोडिंग जैसी उन्नत तकनीकों का भी सहारा लिया। इससे उन्हें प्रजातियों के बीच सूक्ष्म अंतर समझने और उनके विकास संबंधों को स्पष्ट करने में मदद मिली। आज के समय में डीएनए विश्लेषण समुद्री जीवों के अध्ययन में एक क्रांतिकारी उपकरण बन चुका है, जिससे नई प्रजातियों की पहचान अधिक सटीक और तेजी से संभव हो पाई है।

यह खोज एक बड़े वैश्विक प्रयास का हिस्सा भी है, जिसका उद्देश्य गहरे समुद्र की जैव-विविधता को समझना और दस्तावेज करना है। वैज्ञानिकों का मानना है कि क्लैरियन-क्लिपरटन जोन में मौजूद 90 प्रतिशत से अधिक प्रजातियां अभी तक अनजान हैं। इसका मतलब यह है कि समुद्र की गहराइयों में जीवन की अपार विविधता छिपी हुई है, जिसे समझने के लिए अभी बहुत काम किया जाना बाकी है।



इस खोज का एक महत्वपूर्ण पहलू संरक्षण से भी जुड़ा हुआ है। क्योंकि यह क्षेत्र खनन गति. विधियों के लिए महत्वपूर्ण माना जाता है, इसलिए यहां की जैव-विविधता को समझना और संरक्षित करना अत्यंत आवश्यक हो जाता है। यदि खनन कार्य बिना पर्याप्त वैज्ञानिक जानकारी के शुरू कर दिए जाते हैं, तो कई ऐसी प्रजातियां नष्ट हो सकती हैं, जिनके बारे में हमें अभी तक पता भी नहीं है।

वैज्ञानिकों ने इस संदर्भ में चेतावनी दी है कि गहरे समुद्र के पारिस्थितिकी तंत्र बहुत संवे. दनशील होते हैं और इनमें होने वाले परिवर्तन का प्रभाव लंबे समय तक बना रह सकता है। इसलिए यह आवश्यक है कि किसी भी औद्योगिक गति. विधि से पहले व्यापक वैज्ञानिक अध्ययन किया जाए और पर्यावरणीय प्रभावों का आकलन किया जाए। इस खोज से यह भी स्पष्ट होता है कि समुद्री जीवन के अध्ययन में अभी बहुत संभावनाएं हैं। हर नई खोज न केवल हमारी जानकारी को बढ़ाती है, बल्कि हमें यह भी सिखाती है कि पृथ्वी पर जीवन कितनी विविधता और जटिलता से भरा हुआ है। एम्फिपोड्स जैसे छोटे जीव भी पारिस्थितिकी तंत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और उनके बिना समुद्री जीवन की संतुलन व्यवस्था प्रभावित हो सकती है। गहरे समुद्र की खोज एक चुनौतीपूर्ण कार्य है, जिसमें अत्याधु. निक तकनीक, विशेष उपकरण और विशेषज्ञता की आवश्यकता होती है। लेकिन इसके बावजूद, वैज्ञानिक लगातार नई खोजें कर रहे हैं, जो यह दर्शाती हैं कि मानव जिज्ञासा और वैज्ञानिक प्रयासों की कोई सीमा नहीं है।

अंतत:, 24 नई एम्फिपोड प्रजातियों और एक नई सुपरफैमिली की पहचान न केवल एक वैज्ञानिक उपलब्धि है, बल्कि यह एक चेतावनी भी है कि हमें अपने महासागरों को समझने और संरक्षित करने के लिए और अधिक प्रयास करने होंगे। यह खोज हमें यह याद दिलाती है कि पृथ्वी का अधिकांश भाग अभी भी अनदेखा और अनजाना है, और उसमें छिपे रहस्यों को उजागर करना हमारे लिए एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। इस प्रकार, यह अध्ययन समुद्री विज्ञान के क्षेत्र में एक मील का पत्थर साबित होता है और भविष्य के अनुसंधानों के लिए एक नई दिशा प्रदान करता है। यह हमें यह सोचने पर मजबूर करता है कि यदि केवल एक क्षेत्र में इतनी नई प्रजातियां मिल सकती हैं, तो पूरे महासागर में कितनी अज्ञात प्रजातियां अभी भी खोजे जाने की प्रतीक्षा कर रही होंगी।

**-एम. इमरान**

# राष्ट्रवाद की चाशमी में लिपटी धुरंधर 2 पर उठते सवाल

**फिल्म के शुरू में ही यह बता दिया जाता है कि इस फिल्म के सभी पात्र काल्पनिक हैं लेकिन काल्पनिक पात्र दरअसल काल्पनिक नहीं हैं। सवाल उठ रहे हैं कि आदित्य धर को मोदी सरकार का गुणगान करने के लिए यह फिल्म बनाने की जरूरत क्यों पड़ी? रामगोपाल वर्मा ने कहा है कि अब सिनेमा कहानी नहीं, एजेंडा बेच रहा है। आरोप यह भी लग रहा है कि इस फिल्म में कई बातें ऐसी हैं जो इस सरकार की गलतियों पर परदा डालने के लिए कही गई हैं।**



**रोहित कौशिक**

इस दौर में राष्ट्रवाद की चाशनी में लपेटकर बनाई जा रही फिल्में क्या वास्तव में जनता के अंदर राष्ट्रवाद पैदा करना चाहती हैं या फिर ऐसी फिल्में किसी राजनीतिक एजेंडे के तहत बनाई जाती हैं? क्या इन दिनों राष्ट्रवाद भुनाने के लिए फिल्में बनाई जा रही हैं? क्या इन दिनों राष्ट्रवाद को एक फार्मूला बना दिया गया है? क्या इन दिनों फिल्मों के माध्यम से राष्ट्रवाद को बेचा जा रहा है? क्या ऐसी फिल्मों के माध्यम से सच्चे अर्थों में जनता के अंदर राष्ट्रवाद पैदा हो सकता है? सवाल कई हैं लेकिन ऐसी जनता जिनकी आंखों पर पर्दा पड़ा है, वह न ही तो इन सवालों के उत्तर जानता चाहती है और न ही वह ऐसी फिल्मों के पीछे लगे दिमाग को पढ़ पाती है। इन दिनों फिल्म 'धुरंधर द रिवेंज' चर्चा में है। फिल्म धुरंधर-2 विवादों में आ गई है। अनेक लोग इस फिल्म को देश की एक बड़ी हकीकत मान रहे हैं तो कई लोग इसे प्रोपेगेंडा फिल्म मान रहे हैं। यह फिल्म निर्देशक आदित्य धर की चर्चित एक्शन फिल्म धुरंधर का दूसरा भाग है। इस फिल्म की कहानी कराची के लियारी इलाके की पृष्ठभूमि पर केन्द्रित है। फिल्म में अंडरवर्ल्ड और खूफिया क्रियाकलापों के संसार को दिखाया गया है। इस फिल्म में कई घटनाओं के संदर्भ भी हैं जैसे कंधार हाईजैक, भारतीय संसद पर हमला और 2008 का मुबंई हमला। इस फिल्म में मुख्य भूमिका रणवीर सिंह ने निभाई है। इसके साथ ही अर्जुन रामपाल, आर माधवन, संजय दत्त, राकेश बेदी जैसे कलाकारों ने भी फिल्म में काम किया है। तमिलनाडु में विधानसभा चुनाव से पहले इस फिल्म पर रोक लगाने की मांग को लेकर मद्रास हाईकोर्ट में याचिका दायर करने की तैयारी की जा रही है। याचिकाकर्ता का कहना है कि चुनाव से ठीक पहले इस तरह की फिल्म का प्रदर्शन आचार सं. हता के उल्लंघन की आशंका पैदा करता है। आदित्य धर के निर्देशन में बनी फिल्म धुरंधर-2 सिनेमाघरों में 19 मार्च को रिलीज हुई थी। बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन करने वाली यह फिल्म अब विवादों में आ गई है।

अब इस फिल्म पर गुरबानी का अपमान करने और सिख भावनाओं को ठेस पहुंचाने का आरोप भी लग रहा है। आरोप है कि फिल्म के एक दृश्य में गुरबानी के एक पवित्र श्लोक का अनुचित प्रयोग किया गया है। साथ ही एक दृश्य में रणवीर सिंह को बढ़ी हुई दाढ़ी, हाथ में कड़ा और पगड़ी पहने हुए दिखाया गया है। आरोप है कि इस .श्य और लुक से सिखों और गुरु गोविंद सिंह का अपमान हुआ है। इस मुद्दे पर 'सिख इन महाराष्ट' संगठन के अध्यक्ष सरकार गुरज्योत सिंह ने फिल्म निर्माताओं से माफी मांगने की मांग की है। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने इस फिल्म के जरिए दूसरों दलों को बदनाम करने का आरोप लगाया है। इस फिल्म में अतीक अहमद की तरह दिखते एक चरित्र के पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई और आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के साथ संबंधों को दिखाया गया है। अब इस मुद्दे पर अतीक अहमद को लेकर चर्चा शुरू हो गई है। निश्चित रूप से अतीक अहमद कोई संत नहीं था। वह अपराधी था, लेकिन उस अपराधी को पाकिस्तान से जोड़ना संदेह पैदा करता है। सवाल यह है कि यदि अतीक अहमद के काफी सालों से पाकिस्तान से संबंध थे और वह वहां से हथियार ले रहा था तो सरकारें क्या कर रही थीं?


भाजपा की सरकारों ने अब तक इस संबंध में कार्रवाई क्यों नहीं की? सवाल यह है कि क्या इस फिल्म में कई जगह अतिवाद का सहारा क्यों लिया गया है? एक तरफ कई लोग धुरंधर-2 में फिल्म की कास्टिंग, बैकग्राउंड म्यूजिक, डारेक्शन और रणवीर सिंह के अभिनय की की प्रशंसा कर रहे हैं तो दूसरी तरफ कई लोग इस फिल्म को भाजपा सरकार की प्रशंसा का प्रोपेगेंडा बता रहे हैं। हालांकि इस फिल्म में सीधे तौर पर किसी राजनेता या अन्य व्यक्तित्व के बारे में कुछ नहीं दिखाया गया है लेकिन चरित्र छिपाए हुए ही बहुत कुछ कह देते हैं। यानी छिपाते हुए वास्तविक चरित्र पर पहुंचा गया है। दर्शक यह चालाकी समझ भी लेते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# कोशिकाओं का रहस्यमयी उपांग जो हमेशा अन्देखा रहा!

कोशिकाओं के एक ऐसे रहस्यमय और लंबे समय तक अनदेखे रहे उपांग को अब वैज्ञानिकों ने एक नए काम में लगा दिया है, जिसके बारे में पहले बहुत कम जानकारी थी। सामान्य तौर पर जब हम कोशिकाओं की संरचना के बारे में पढ़ते हैं तो हमें बताया जाता है कि उनमें एक कोशिका झिल्ली होती है, पादप कोशिकाओं में कोशिका भित्ति भी होती है, एक केंद्रक मौजूद रहता है, ऊर्जा उत्पादन के लिए माइटोकॉण्ड्रिया होते हैं और पदार्थों के भंडारण के लिए रिक्तिकाएं होती हैं। लेकिन इसके अलावा भी कोशिक. ाओं में हजारों की संख्या में एक ऐसा घटक मौजूद होता है, जिसके बारे में लंबे समय तक वैज्ञानिकों के पास सीमित जानकारी ही थी।

इन रहस्यमई संरचनाओं को वॉल्ट कहा जाता है। इनकी खोज 1986 में कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, लॉस एंजेल्स के वैज्ञानिक लियोनार्ड रोम और नैन्सी केडेर्शा ने की थी। तब से लेकर अब तक वैज्ञानिक इनकी संरचना और कार्य को समझने की कोशिश में लगे हुए हैं। हालांकि अभी भी इनके कई पहलू रहस्य बने हुए हैं, लेकिन हाल के शोध में इनके एक महत्वपूर्ण उपयोग को सामने लाया गया है, जो जैविक अनुसंधान के क्षेत्र में काफी उपयोगी साबित हो सकता है। वॉल्ट वास्तव में खोखले और बैरल जैसे आकार के राइबोन्यूक्लियोप्रोटीन कण होते हैं, जो मनुष्यों सहित लगभग सभी यूकेरियोटिक यानी केंद्रक-युक्त कोशिकाओं के कोशिका द्रव्य में पाए जाते हैं। इनका आकार लगभग 70 नैनोमीटर होता है, जिससे यह कोशिका के सबसे बड़े कणों में गिने जाते हैं। इनकी बाहरी संरचना मुख्यत: मेजर वॉल्ट प्रोटीन यानी MVP से बनी होती है, जबकि इनके अंदर छोटे वॉल्ट आरएनए और तीन प्रकार के प्रोटीन पाए जाते हैं। एक सामान्य मानव कोशिका में इनकी संख्या लगभग 10,000 से लेकर 1,00,000 तक हो सकती है, खासकर प्रतिरक्षा प्रणाली की कोशिकाओं जैसे मैक्रोफेज में इनकी अधिकता देखी जाती है। यह कण मुख्य रूप से कोशिका द्रव्य में उपस्थित रहते हैं और कोशिका कंकाल से जुड़े रहते हैं, लेकिन कभी-कभी नाभिकीय छिद्रों के पास भी पाए जा सकते हैं। वैज्ञानिक जब यह समझना चाहते हैं कि किसी कोशिका के भीतर किस प्रकार की जैव-रासायनिक गतिविधियां हो रही हैं, तो वे सामान्यत: दो तरीकों का उपयोग करते हैं। पहला तरीका है प्रोटियोम का अध्ययन, जिसमें किसी विशेष समय पर कोशिका में मौजूद सभी प्रोटीन्स का विश्लेषण किया जाता है, क्योंकि प्रोटीन ही कोशिका की गतिविधियों के प्रमुख परिणाम होते हैं, इसलिए इनके अध्ययन से यह समझा जा सकता है कि उस समय कोशिका में कौन-कौन सी प्रक्रियाएं सक्रिय थीं। दूसरा तरीका है ट्रांसक्रिप्टोम का अध्ययन, जिसमें को. शिका में मौजूद सभी आरएनए अणुओं का विश्लेषण किया जाता है। आरएनए वह अणु होता है, जो डीएनए में निहित सूचनाओं के आधार पर प्रोटीन के निर्माण का निर्देश देता है। डीएनए के भीतर मौजूद जीन यह तय करते हैं कि कौन-कौन से प्रोटीन बनाए जा सकते हैं। आवश्यकता पड़ने पर इन जीनों की प्रतिलिपि आरएनए के रूप में तैयार होती है, जिसे मैसेंजर आरएनए या m



RNA कहा जाता है। यही mRNA कोशिका द्रव्य में जाकर प्रोटीन निर्माण की प्रक्रिया को संचालित करता है। इस प्रकार यदि किसी कोशिका में उपस्थित सभी आरएनए का अध्ययन किया जाए, तो यह पता लगाया जा सकता है कि कौन-कौन से प्रोटीन बन रहे हैं या हाल ही में बने हैं। इस पूरी प्रक्रिया को ट्रांसक्रिप्टोम विश्लेषण कहा जाता है। हालांकि इस पद्धति की एक बड़ी सीमा यह है कि आरएनए अणु बहुत अस्थिर होते हैं। वे अपना कार्य पूरा करने के कुछ ही मिनटों के भीतर नष्ट हो जाते हैं। इसका मतलब यह हुआ कि ट्रांसक्रिप्टोम विश्लेषण केवल बहुत हाल की गति. विधियों की ही जानकारी दे सकता है, उससे पहले की नहीं। यही वह जगह है जहां वॉल्ट्स ने वैज्ञानिकों को एक नया समाधान प्रदान किया। ब्रॉड इंस्टीटूट के जैव-चिकित्सा इंजीनियर फाइ चेन ने यह जानने की कोशिश की कि किसी कोशिका में पिछले कुछ दिनों के दौरान कौन-कौन से जीन सक्रिय रहे हैं। उनका विचार यह था कि यदि mRNA अणुओं को किसी तरह सुरक्षित रखा जा सके, तो बाद में उनका विश्लेषण करके यह जाना जा सकता है कि वे किन जीनों से बने थे और किन जीनों की गतिविधि पहले हुई थी। शुरुआत में उन्होंने पोली A बाइंडिंग प्रोटीन यानी PABP का सहारा लेने की सोची। यह प्रोटीन स्वाभाविक रूप से mRNA के एक सिरे से जुड़ता है और उसकी रक्षा करता है। योजना यह थी कि इस प्रोटीन को किसी स्थाई संरचना के साथ जोड़ दिया जाए, ताकि जब यह mRNA से जुड़े, तो उसे लंबे समय तक सुरक्षित रखा जा सके। इस उद्देश्य से उन्होंने चाठच को एक बैक्टीरिया के प्रोटीन के साथ जोड़ने का प्रयास किया, लेकिन यह प्रयोग सफल नहीं हो पाया। इसके बाद वैज्ञानिकों ने वॉल्ट्स का सहारा लेने का विचार किया, क्योंकि यह संरचनाएं अंदर से खोखली होती हैं और अणुओं को अपने भीतर समाहित कर सकती हैं। m-RNA को वॉल्ट के अंदर पहुंचाने के लिए उन्होंने एक विशेष रणनीति अपनाई, जिसमें चाठच के जीन को वॉल्ट के अंदर मौजूद प्रोटीन से जुड़ने वाले जीन के साथ मिला दिया गया। वॉल्ट की संरचना तीन परतों से बनी होती है। इसकी सबसे बाहरी परत मेजर वॉल्ट प्रोटीन की होती है, जबकि अंदर की ओर छोटे प्रोटीन की परतें होती हैं। इसका बाहरी आवरण स्थिर नहीं होता, बल्कि समय-समय पर इसमें छोटे छिद्र बनते रहते हैं, जिनके माध्यम से छोटे अणु अंदर प्रवेश कर सकते हैं। वॉल्ट के अंदर प्रवेश करने के लिए किसी भी अणु को एक विशेष प्रोटीन, जिसे वॉल्ट पॉली (एडीपी राइबोस) पॉलीमरेज या VPARP कहा जाता है, से जुड़ना होता है। यह एक तरह का संकेत तंत्र होता है। जब कोई अणु इससे जुड़ता है, तो उसे वॉल्ट के भीतर जाने की अनुमति मिल जाती है। इसी तंत्र का उपयोग करते हुए वैज्ञानिकों ने m-RNA को वॉल्ट के अंदर पहुंचाया। उन्होंने कोशिका में संशोधित PABP जीन को प्रविष्ट कराया और साथ ही MVP जीन की अतिरिक्त प्रतियां भी डालीं। इसके परिणामस्वरूप संशोधित PABPने m-RNA को पकड़कर उसे वॉल्ट के अंदर पहुंचा दिया। बाद में वैज्ञानिकों ने इन वॉल्ट्स को रासायनिक रूप से खोलकर उनके अंदर मौजूद m-RNA का विश्लेषण किया और उसके न्यूक्लियोटाइड अनुक्रम को पढ़ा। इससे यह पता चल गया कि यह m-RNA किन जीनों से उत्पन्न हुए थे। इस तकनीक की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसमें m-RNA को वॉल्ट के भीतर कैद कर लिया जाता है, जहां वह लगभग सात दिनों तक सुरक्षित रह सकता है। इस प्रकार वैज्ञानिक अब कोशिका की पिछली गतिविधियों का भी अध्ययन कर सकते हैं, जो पहले संभव नहीं था। इस विधि को परखने के लिए कोशिकाओं को गर्मी और कम ऑक्सीजन जैसी परिस्थितियों में रखा गया और उनकी आनुवंशिक प्रतिक्रियाओं का अध्ययन किया गया।

**-स्रोत फीचर्स**

# अमेरिका और नाटो में बढ़ रही कलह

## ट्रम्प की धमकी के चलते जी-7 की बैठक में अमेरिकी विदेश मंत्री रूबियो की होगी अग्निपरीक्षा

**वाशिंगटन।** अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो फ्रांस में आयोजित हो रहे जी-7 सम्मेलन में शिरकत करने के लिए अमेरिका से रवाना हो गए हैं। मार्को रूबियो को इस जी-7 सम्मेलन में ईरान युद्ध के लिए जी7 देशों का समर्थन जुटाने की मुश्किल चुनौती है, खासकर तब जब अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प नाटो पर तीखा हमला कर रहे हैं।



■ पश्चिमी देशों में ईरान के खिलाफ युद्ध को लेकर शंका की स्थिति बनी हुई है और अधिकतर देश इस पर आपत्ति जता चुके हैं

वहीं पश्चिमी देशों में ईरान के खिलाफ युद्ध को लेकर शंका की स्थिति बनी हुई है और अधिकतर देश इस पर आपत्ति जता चुके हैं। नाटो के सदस्य देश ब्रिटेन, कनाडा, फ्रांस, जर्मनी और इटली, जी-7 का भी हिस्सा हैं, जबकि जापान इस सैन्य गठबंधन में शामिल नहीं है। रूबियो जब फ्रांस के लिए के लिए वाशिंगटन से रवाना हुए, ठीक उससे कुछ घंटे पहले ही ट्रम्प ने ईरान युद्ध में अमेरिका और इजरायल का साथ न देने के लिए नाटो देशों की आलोचना की। ट्रम्प ने कहा, ‘हम नाटो से बहुत निराश हैं, क्योंकि नाटो ने बिल्कुल कुछ नहीं किया। ट्रम्प ने ये भी कहा कि हम नाटो की रक्षा के लिए हैं, लेकिन वे हमारी रक्षा के लिए नहीं हैं। ऐसे में रूबियो का फ्रांस दौरा, यूरोपीय सहयोगियों के साथ रिश्तों को संतुलित करने की दिशा में भी अहम होगा। नाटो और अमेरिका के बीच बीते कुछ समय से तनाव बना हुआ है। दरअसल ग्रीनलैंड को लेकर ट्रम्प के रुख और रूस-यूक्रेन युद्ध में अमेरिका को लेकर भी यूरोप परेशान है। अब पश्चिम एशिया का मौजूदा संघर्ष इस तनाव को और बढ़ा रहा है। फ्रांस रवाना होने से पहले रूबियो ने कहा कि वह जी-7 देशों के विदेश मंत्रियों के साथ अच्छी बैठकों की उम्मीद कर रहे हैं। बाद में उन्होंने एक्स पर लिखा कि वह वैश्विक सुरक्षा चिंताओं, पश्चिम एशिया की स्थिति और रूस-यूक्रेन युद्ध पर चर्चा करेंगे। इससे पहले नाटो महासचिव मार्क रुते ने कहा कि नाटो के सदस्य रक्षा खर्च बढ़ा रहे हैं और अब अमेरिका की सैन्य शक्ति पर अत्यधिक निर्भरता कम करने की दिशा में बदलाव आ रहा है। उन्होंने यह भी दोहराया कि ईरान को परमाणु हथियार हासिल नहीं करने दिए जा सकते। जी-7 बैठक की मेजबानी कर रहा फ्रांस, ईरान युद्ध को लेकर चिंतित है। फ्रांसीसी रक्षा प्रमुख जनरल फैबियन मैंडों ने आरोप लगाया कि अमेरिका ने सैन्य कार्रवाई शुरू करने से पहले सहयोगियों को जानकारी नहीं दी, जिससे उनकी सुरक्षा और हित प्रभावित हुए।

### रैपर, मेयर, पीएमः नेपाल की राजनीति के शीर्ष तक बालेन्द्र शाह का सफर

**काठमांडू।** रैपर से राजनेता बने बालेन्द्र शाह ने चार साल में नेपाल की राजनीति के शीर्ष तक का सफर पूरा कर लिया है। राजनीति में शून्य से अपनी शुरुआत करने वाले शाह शुक्रवार को शपथ लेने के बाद नेपाल के सबसे युवा प्रधानमंत्री बन गए। काठमांडू में 27 अप्रैल 1990 को जन्मे शाह इससे पहले 2022 से 2026 तक काठमांडू के मेयर रह चुके हैं और युवाओं के बीच उनकी मजबूत पकड़ मानी जाती है। शाह का जन्म एक नेवार बौद्ध परिवार में हुआ। उनके पिता आयुर्वेद के चिकित्सक थे। उन्होंने काठमांडू के हिमालयन व्हाइटहाउस इंटरनेशनल कॉलेज से सिविल इंजीनियरिंग में स्नातक हासिल किया। इसके बाद भारत आकर 2018 में कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु स्थित निट्टे मीनाक्षी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी से स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग में परास्नातक की डिग्री प्राप्त की।



**बेरूत।** ईरान के दूतावास के बाहर हुए विरोध प्रदर्शन के दौरान खिलौने वाली बंदूक पकड़े एक लड़की।

### स्पेनः ईरान संघर्ष के परिणामों को कम करने के उपायों के पैकेज मंजूर

**मैड्रिड।** स्पेन की संसद के निचले सदन, कांग्रेस ऑफ डेप्युटीज ने पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के आर्थिक प्रभाव को कम करने के लिए पांच अरब यूरो (5.8 अरब डॉलर) के संकट-रोधी पैकेज को मंजूरी दे दी है। सदन की ओर से जारी बयान में कहा गया कि कांग्रेस ने ईरान में युद्ध से स्पेनिश परिवारों और व्यवसायों पर पड़ने वाले प्रभाव को कम करने के लिए सरकार द्वारा लागू किए जा रहे उपायों से संबंधित प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। रॉयल डिक्री-लॉ के रूप में तैयार इस दस्तावेज में ईंधन, गैस और बिजली पर कर में कटौती सहित कई प्रावधान शामिल हैं।

### ईरान ने 10 तेल टैंकर गिफ्ट किएः ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया था कि ईरान ने 10 तेल टैंकरों को गुजरने दिया, यह उनकी तरफ से गिफ्ट है। इन टैंकरों पर पाकिस्तान का झंडा था और ईरान इससे भरोसा जीतना चाहता था। उन्होंने कहा कि ईरान ने भरोसा दिखाने के लिए 8 बड़े तेल टैंकरों को गुजरने दिया और बाद में 2 और भेजे। वहीं, ट्रम्प ने कहा कि ईरान के ऊर्जा ठिकानों पर हमले 10 दिन के लिए टाल दिए हैं। नई डेडलाइन अब 6 अप्रैल तय की गई है। उन्होंने कहा कि अमेरिका ईरान के एनर्जी इंफ्रास्ट्रक्चर पर फिलहाल कार्रवाई नहीं करेगा और 10 दिन की मोहलत दी गई है। उन्होंने बताया कि यह फैसला इसलिए लिया गया है ताकि दोनों देशों के बीच चल रही बातचीत को आगे बढ़ने का मौका मिल सके। इससे पहले भी ट्रम्प ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमले की योजना को टाल चुके हैं, जिसे अब फिर से आगे बढ़ाया गया है। इसी बीच खबरें हैं कि अमेरिका, ईरान के खार्ग द्वीप पर जमीनी हमला (ग्राउंड इनवेजन) कर सकता है। इसके जवाब में ईरान ने बाब-अल-मंदेब स्ट्रेट को बंद करने की चेतावनी दी है। बाब-अल-मंदेब रेड सी का एंट्री प्वाइंट है। यह रेड सी को अरब सागर से जोड़ता है। स्वेज नहर तक जाने वाले जहाज इसी रास्ते से गुजरते हैं। दुनिया के करीब 12 प्रतिशत तेल की सप्लाई यहीं से गुजरती है।

# स्कूल पर हमला गलती नहीं, युद्ध अपराधः अराघची

## ईरानी विदेश मंत्री ने यूएनएचआरसी को भेजे गए वीडियो संदेश में अमेरिका-इजरायल को ठहराया जिम्मेदार

**तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने शुक्रवार को अमेरिका और इजरायल की में आलोचना की। अराघची ने संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद (यूएनएचआरसी) को वीडियो संदेश में बताया कि मिनाब शहर के एक विद्यालय पर ‘सुनियोजित हमला’ किया गया था।

उन्होंने इसे ‘मानवता के खिलाफ अपराध’ करार दिया। अराघची ने बताया कि शजराह तैय्येबह प्राथमिक स्कूल पर किए गए इस हमले में 175 से अधिक छात्रों और शिक्षकों की मौत हो गई थी। अराघची ने कहा अमेरिका और इजरायल अपने पास अत्याधुनिक तकनीक होने का दावा करते हैं, इसलिए कोई यह नहीं मान सकता कि विद्यालय पर हमला जानबूझकर और इरादतन नहीं किया गया था। उन्होंने इसे युद्ध अपराध और मानवता के खिलाफ अपराध करार दिया। उन्होंने कहा, इस तरह के कृत्य की पूरी दुनिया में निंदा होनी चाहिए और दोषियों को इसकी सजा भुगतनी होगी। उन्होंने कहा, इस अत्याचार को न तो उचित ठहराया जा सकता है, न ही इसे छिपाया जा सकता है और न ही इस पर चुप्पी और उदासीनता बरती जानी चाहिए। उन्होंने जोर देकर कहा यह हमला केवल एक



■ ईरान को होर्मुज जलडमरूमध्य बंद करने का कानूनी अधिकार, संयुक्त राष्ट्र महासचिव गुटेरेस से बोले अराघची

‘घटना’ या ‘गलती’ नहीं थी। उन्होंने आगे कहा अमेरिका के विरोधाभासी बयान उनके अपराध को सही ठहराने के लिए दिए गए हैं। इस तरह के बयान से वे किसी जिम्मेदारी से भाग नहीं सकते। रिपोर्ट के मुताबिक, मिनाब के विद्यालय पर हमला 28 फरवरी को हुआ था। यह युद्ध का पहला दिन था। अराघची की ये टिप्पणियां ऐसे समय में आई हैं, जब शुक्रवार 27 मार्च को युद्ध का एक महीना पूरा हो गया है। यह हमला 28 फरवरी 2026 को ईरान-अमेरिका युद्ध के पहले दिन हुआ था, जब कथित तौर पर एक अमेरिकी टोमहाक क्रूज मिसाइल ने दक्षिण ईरान के मिनाब में शजराह तैय्यबेह प्राथमिक विद्यालय को निशाना बनाया। इसमें कम से कम 175 लोग मारे गए, जिनमें ज्यादातर छात्र और शिक्षक थे और कई घायल हुए थे। वहीं ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस से फोन पर बातचीत की और कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद करना ईरान का कानूनी अधिकार है। यह जानकारी प्रेस टीवी ने शुक्रवार को मंत्री के हवाले से दी। 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल ने तेहरान सहित ईरान में कई ठिकानों पर हमले किए, जिससे बहुत नुकसान हुआ और नागरिक हताहत हुए। ईरान ने जवाबी कार्रवाई करते हुए इजरायली क्षेत्र और पश्चिम एशिया में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर हमले किए। ईरान ने बढ़ते तनाव के कारण होर्मुज जलडमरूमध्य की नाकाबंदी की है जो फारस की खाड़ी के देशों से वैश्विक बाजार में तेल और तरलीकृत प्राकृतिक गैस की आपूर्ति का एक प्रमुख मार्ग है।

### ट्रम्प ने ईरान के ऊर्जा संयंत्र पर हमले को 10 दिनों के लिए किया स्थगित

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शुक्रवार को कहा कि ईरानी सरकार के अनुरोध पर उन्होंने ईरान के ऊर्जा संयंत्रों पर हमले की प्रक्रिया को 10 दिनों के लिए रोक दिया है। ट्रम्प ने कहा कि वे इस प्रक्रिया को छह अप्रैल को पूर्वी समयानुसार रात आठ बजे तक के लिए स्थगित कर रहे हैं। ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कहा कि ईरानी सरकार के अनुरोध पर, मैं ऊर्जा संयंत्रों पर हमले की अवधि को 10 दिनों के लिए सोमवार, छह अप्रैल को रात आठ बजे (पूर्वी समय) तक रोक रहा हूं। उन्होंने दोहराया कि बातचीत जारी है और फर्जी मीडिया और अन्य लोगों द्वारा इसके विपरीत दिए गए गलत बयानों के बावजूद, यह बहुत अच्छी तरह से आगे बढ़ रही है।

### स्पेन में पिता से कानूनी लड़ाई के बाद बेटी को मिली इच्छामृत्यू

**बार्सिलोना।** स्पेन में 25 साल की नोएलिया कास्तिलो ने लंबी कानूनी लड़ाई के बाद इच्छामृत्यु के जरिए अपना जीवन खत्म कर लिया। बार्सिलोना की रहने वाली नोएलिया का 2022 में एक फैसिलिटी सेंटर में 3 युवकों ने रेप किया था। इसके बाद नोएलिया ने आत्महत्या की कोशिश की और पांचवीं मंजिल से छलांग लगा दी। इस दौरान वह गंभीर रूप से घायल हुई और कमर के नीचे से लकवाग्रस्त हो गई। नोएलिया ने कहा था कि वह अपनी मौत के समय अकेली रहना चाहती हैं और नहीं चाहती थीं कि कोई उन्हें अंतिम समय में देखे। इच्छामृत्यु की प्रक्रिया में तीन इंजेक्शन दिए गए। पहले दो से गहरी बेहोशी लाई गई और तीसरे इंजेक्शन से दिल की धड़कन रुक गई। नोएलिया ने 2024 में इच्छामृत्यु के लिए आवेदन किया था, जिसे कैटेलोनिया सरकार ने मंजूरी भी दे दी थी। लेकिन आखिरी समय में उसके पिता ने अदालत में आपत्ति दर्ज कराई और प्रक्रिया रुकवा दी। पिता का तर्क था कि उनकी बेटी मानसिक रूप से पूरी तरह सक्षम नहीं है और देश को उसकी जान की रक्षा करनी चाहिए। यह मामला करीब डेढ़ साल तक अदालत में चला। अंत में यूरोपीय मानवाधिकार न्यायालय ने नोएलिया के पक्ष में फैसला सुनाया, जिससे इच्छामृत्यु का रास्ता साफ हुआ।

# अमेरिकी मुद्रा पर होंगे ट्रम्प के हस्ताक्षर

**वाशिंगटन।** अमेरिका की करेंसी डॉलर में बड़ा बदलाव होने वाला है। जल्द ही अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के हस्ताक्षर अमेरिकी नोटों पर दिखाई देंगे। साल 1861 में डॉलर बिल की शुरुआत होने के बाद यह पहली बार है, जब किसी मौजूदा राष्ट्रपति के हस्ताक्षर देश की मुद्रा पर होंगे। अमेरिकी ट्रेजरी द्वारा लिया गया यह फैसला, इस साल अमेरिकी आजादी की 250वीं सालगिरह के जश्न के मौके पर लिया गया है।

अमेरिकी ट्रेजरर ब्रैंडन बीच ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म ‘एक्स’ पर एक पोस्ट में इस बात की जानकारी दी। उन्होंने लिखा कि अमेरिका की 250वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में राष्ट्रपति डोनाल्ड जे ट्रम्प के हस्ताक्षर ट्रेजरी सचिव स्काट बेसेंट के हस्ताक्षर के साथ अमेरिकी मुद्रा पर नजर आएंगे। यह इतिहास में पहली बार हो रहा है। यह राष्ट्रपति के नेतृत्व और देश के प्रति उनके समर्पण का प्रतीक है, जिसका देश पर लंबे समय तक प्रभाव रहेगा। बीच ने आगे कहा इतिहास में राष्ट्रपति की पहचान अमेरिका के ‘स्वर्ण युग’ के आर्थिक सुधारों के निर्माता के रूप में है। अमेरिकी मुद्रा पर उनके हस्ताक्षर होना न केवल सही है, बल्कि वह इसके हकदार भी हैं। इससे पहले इसी महीने एक संघीय कला आयोग ने 24 कैरेट सोने के एक खास सिक्के के डिजाइन को



■ पद पर रहते हुए ये उपलब्धि हासिल करने वाले पहले राष्ट्रपति

मंजूरी दी थी। इस सिक्के पर राष्ट्रपति ट्रम्प की तस्वीर है और इसे भी आजादी की 250वीं सालगिरह के जश्न के हिस्से के रूप में तैयार किया गया है। ट्रेजरी सचिव स्काट बेसेंट ने एक बयान में कहा कि राष्ट्रपति ट्रम्प के नेतृत्व में देश आर्थिक विकास, डॉलर के दबदबे और वित्तीय मजबूती के रास्ते पर है। उन्होंने कहा देश की ऐतिहासिक उपलब्धियों और राष्ट्रपति डोनाल्ड जे ट्रम्प को सम्मान देने के लिए अमेरिकी डॉलर पर उनके नाम से बेहतर कोई और तरीका नहीं हो सकता। आजादी की 250वीं सालगिरह पर इस ऐतिहासिक मुद्रा को जारी करना बिल्कुल सही है।

# मेक्सिको की खाड़ी में तेल का रिसाव

## 600 किलोमीटर तक फैला प्रदूषण, सात प्राकृतिक रिजर्व प्रभावित

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको की खाड़ी में मार्च की शुरुआत में तेल का भारी रिसाव हुआ। अब इसका प्रदूषण 600 किलोमीटर से ज्यादा बड़े इलाके में फैल गया है। मेक्सिकन अधिकारियों ने बताया कि यह रिसाव एक ऐसे जहाज से शुरू हुआ जिसकी पहचान अभी तक नहीं हो पाई है।

■ यह रिसाव एक ऐसे जहाज से शुरू हुआ जिसकी पहचान अभी तक नहीं हुई

इसमें दो प्राकृतिक स्रोत भी शामिल हैं। इस घटना ने सात प्राकृतिक रिजर्व क्षेत्रों को अपनी चपेट में ले लिया है। नौसेना सचिव एडमिरल रायमुंडो मोरालेस ने मीडिया वार्ता में बताया कि सैटेलाइट तस्वीरों और जांच से रिसाव के तीन मुख्य ठिकानों का पता चला है। पहला स्रोत वेराक्रूज राज्य के कोत्जाकोआल्कोस बंदरगाह के पास खड़ा एक जहाज है। इस जहाज की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है क्योंकि उस समय वहां 13 जहाज मौजूद थे। दूसरा स्रोत इसी बंदरगाह से 8 किलोमीटर दूर एक ऐसी जगह है जहां से कच्चा तेल प्राकृतिक रूप से निकलता है। तीसरा स्रोत कैम्पेचे की खाड़ी में स्थित एक और प्राकृतिक रिसाव वाली जगह है। मोरालेस ने स्वीकार किया कि तेल का रिसाव अब भी जारी है। कैम्पेचे की खाड़ी में स्थित कंटारेल से सबसे ज्यादा रिसाव हो रहा है। यहां से प्राकृतिक रूप से तेल निकलता रहता है। हालांकि, पिछले महीने में प्रदूषकों का बहाव काफी ज्यादा रहा है। इस रिसाव ने वेराक्रूज और टबैस्को राज्यों के 200 किलोमीटर लंबे तट को प्रभावित किया है। अब तक 430 टन हाइड्रोकार्बन इकट्ठा किया जा चुका है। मामले पर पर्यावरण सचिव एलिसिया बारसेना ने बताया कि इस रिसाव से वेराक्रूज और ताबास्को राज्यों के सात संरक्षित प्राकृतिक रिजर्व प्रभावित हुए हैं, लेकिन उन्होंने जोर देकर कहा कि हमें पर्यावरण को किसी भी तरह का गंभीर नुकसान होता हुआ नहीं दिखा है।

### रूस के लेनिनग्राद क्षेत्र में 36 ड्रोन नष्ट किए गएः गवर्नर

**मॉस्को।** उत्तर-पश्चिमी रूस में फिनलैंड की खाड़ी के तट पर स्थित लेनिनग्राद शहर के गवर्नर अलेक्जेंडर ड्रोजडेन्को ने कहा कि क्षेत्र में 36 ड्रोन नष्ट किए गए।ड्रोजडेन्को ने टेलीग्राम पर लिखा कि लेनिनग्राद क्षेत्र में हवाई हमले की चेतावनी हटा दी है। हमले को नाकाम करने के दौरान 36 ड्रोन नष्ट किए गए। गौरतलब है कि रूस 24 फरवरी, 2022 से अपना विशेष सैन्य अभियान चला रहा है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा है कि इस अभियान का उद्देश्य यूक्रेन शासन द्वारा नरसंहार का शिकार हुए लोगों की रक्षा करना है।

# पश्चिम एशिया में 10000 अतिरिक्त सैनिक भेजेगा यूएस!

## ईरान के साथ बातचीत चलने के बावजूद अमेरिका यह बड़ा कदम उठा सकता है

**वाशिंगटन।** पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच एक रिपोर्ट्स में दावा किया गया गया है कि अमेरिका पश्चिम एशिया में 10,000 अतिरिक्त जमीनी सैनिक भेजने की योजना बना रहा है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि ईरान के साथ बातचीत चलने के बावजूद अमेरिका यह बड़ा कदम उठा सकता है। यरूशलेम पोस्ट ने वाल स्ट्रीट जर्नल की एक रिपोर्ट के हवाले से यह जानकारी दी है। रिपोर्ट में युद्ध विभाग के अधिकारियों का हवाला देते हुए बताया गया, इस नई तैनाती में पैदल सेना और बख्तरबंद गाड़ियां शामिल हो सकती हैं। अमेरिका की 82वीं



■ इस नई तैनाती में पैदल सेना और बख्तरबंद गाड़ियां शामिल हो सकती हैं

एयरबोर्न डिवीजन पहले से ही इस क्षेत्र में मौजूद है। विशेषज्ञों का कहना है कि इस डिवीजन की तैनाती का सीधा उद्देश्य ईरान के रणनीतिक हितों, जैसे कि खर्ग द्वीप, को निशाना बनाना है। हालांकि रिपोर्ट में कहा गया है कि यह स्पष्ट नहीं है कि अतिरिक्त सेना को कहां भेजा जाएगा या तैनात किया जाएगा। व्हाइट हाउस की उप प्रेस सचिव अन्ना केली ने इस मामले पर कहा कि सैनिकों की तैनाती से जुड़ी कोई भी आधिकारिक घोषणा युद्ध विभाग ही करेगा। उन्होंने साफ किया कि राष्ट्रपति ट्रम्प के पास सभी सैन्य विकल्प उपलब्ध रहते हैं। दूसरी ओर, अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने इस रिपोर्ट पर कोई भी टिप्पणी करने से मना कर दिया है।

### इजरायल ने मध्य तेहरान पर बड़े पैमाने पर सिलसिलेवार हमले किएः आईडीएफ

**मास्को।** इजरायल रक्षा बलों ने शुक्रवार को कहा कि उसने मध्य तेहरान पर बड़े पैमाने पर सिलसिलेवार हमले किए। आईडीएफ ने टेलीग्राम पर कहा कि कुछ देर पहले आईडीएफ ने तेहरान के केंद्र में ईरानी आतंकी शासन अवसंरचना को निशाना बनाते हुए बड़े पैमाने पर हमले किए। इसी बीच, प्रेस टीवी ने खबर दिया है कि ईरान ने ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस 4 की 83वीं लहर शुरू कर दी है।

# इजरायल का लेबनान की बस्तियों पर हमला

## नवम्बर 2024 के युद्धविराम समझौते के बावजूद, लेबनान ने बार-बार इजरायल पर अपनी संप्रभुता के उल्लंघन करने का आरोप लगाता रहा

**बेरुत।** इजरायली तोपखाने ने दक्षिणी लेबनान की आठ बस्तियों पर फास्फोरस युक्त गोला-बारूद से हमला किया। यह जानकारी लेबनानी राष्ट्रीय समाचार एजेंसी (एनएएनए) ने शुक्रवार को दी। अंतर्राष्ट्रीय कानून के तहत युद्ध क्षेत्रों में फास्फोरस युक्त गोला-बारूद का उपयोग निषिद्ध है।

संयुक्त राष्ट्र और रेड क्रॉस के मानकों के अनुसार, नागरिकों या आबादी वाले क्षेत्रों के खिलाफ ज्वलनशील हथियारों का उपयोग प्रतिबंधित है। यह विशिष्ट पारंपरिक हथियारों पर सम्मेलन में निहित है, जो ऐसे हमलों पर प्रतिबंध लगाता है जिनसे अत्यधिक पीड़ा होने की आशंका हो। फॉस्फोरस का उपयोग गंभीर जलन और आग का कारण बन सकता है, इसलिए नागरिकों के खिलाफ इसका उपयोग अंतर्राष्ट्रीय मानवीय कानून का उल्लंघन और संभावित युद्ध अपराध माना जाता है। इजरायल की राष्ट्रीय आपातकालीन

■ इजरायली सेना का दावाः वह हमलों में हिजबुल्लाह के सैन्य संरचनाओं को निशाना बना रहे हैं

सेवा यानी मैगन डेविड एडोम (एमडीए) ने कहा कि लेबनानी हिजबुल्लाह आंदोलन की गोलाबारी के परिणामस्वरूप उत्तरी इजरायल में एक व्यक्ति की मौत हो गई और 11 अन्य घायल हो गए। नवम्बर 2024 के युद्धविराम समझौते के बावजूद, लेबनान ने बार-बार इजरायल पर अपनी संप्रभुता के उल्लंघन करने का आरोप लगाता रहा है। इजरायली सेना दक्षिणी लेबनान के पांच रणनीतिक बिदुओं पर मौजूद है, जिनमें गजार गांव का उत्तरी भाग भी शामिल है, जिसे लेबनानी अधिकारी निरंतर कब्जा और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव 1701 का उल्लंघन मानते हैं। इजरायली सेना का दावा है कि वह हमलों में हिज्बुल्लाह के सैन्य संरचनाओं को निशाना बना रहे हैं। इजरायल ने बार-बार इस बात पर बल दिया है कि वह हिज्बुल्लाह के सैन्य विंग के नेताओं को खत्म करने और शिया आंदोलन से उत्पन्न खतरे को समाप्त करने के लिए लेबनान पर हमले जारी रखेगा।

### लेबनान पर इजरायली हमलों में अब तक 1116 की मौत

**बेरुत।** लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय की एक रिपोर्ट के अनुसार, दो मार्च से लेबनान पर होने वाले इजरायली हमलों में मरने वालों की संख्या 1116 हो गई है जबकि 3229 अन्य लोग घायल हुए हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि दो मार्च से शुरू हुए इस आक्रमण के कारण मरने वालों की संख्या 1116 तक पहुंच गई है और घायलों की संख्या 3229 हो गई है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि पिछले 24 घंटों के दौरान 22 लोग मारे गए हैं और 110 घायल हुए हैं। इजरायल और हिजबुल्ला के बीच यह तनाव दो मार्च, 2026 की रात को शुरू हुआ, जब लेबनानी संगठन ने क्षेत्रीय हालात खराब होने के बाद इजरायली क्षेत्र पर मिसाइल हमले फिर से शुरू कर दिए। इसके जवाब में इजरायल ने लेबनान के खिलाफ बड़े पैमाने पर हमले शुरू किए, जिनमें देश के दक्षिणी क्षेत्र, बेका घाटी और बेरुत के बाहरी इलाके शामिल हैं।

श्री कृष्णा वोकेशनल एण्ड पैरामैडिकल कॉलेज
गांधी कॉलोनी, मेन पचैण्डा रोड़, निकट गऊशाला, मुजफ्फरनगर
प्रवेश सूचना-पैरामेडिकल/वोकेशनल एण्ड यूनिवर्सिटी कोर्स
10th व 12th (OPEN Board) से करें (विषय-साइंस, आर्ट, कॉमर्स etc.)
प्रवेश- 10th हेतु- 8th पास/10thफेल, 12th हेतू-10th पास/12th फेल
(Fresh, Part Admission & TOC Facility Available) (Exam-July व Oct 2026)
NIOS(शिक्षा मंत्रालय) कोर्स- DNYS, Radiology (X-Ray Tech), CCH(एलोपैथिक), CAT(आयुर्वेदिक-पंचकर्मा टैक), CHD(होम्यापैथिक), Diploma in Yoga & YTTP, ECCE-(प्री-प्राईमरी शिक्षक हेतु), CCA (कम्पयूटर), ET (इलेक्ट्रिकल टैक.) ETC.
Contact us for UGC Approved University Courses:-
Dip. in CMS&ED, Dip. in Panchkarma Therapy, OT Tech., DMLT, BMLT, BNYS, Optometry, Ophthalmic, Dental Tech & Hygiene, Radiology & Imaging Tech, Dietician and Nutritionist, Optician Dispensing, MPHW, MRT, Agriculture, Bachelor (All Paramedical) BBA, MBA, BSC, MSC, B.Com, M.Com, M.A. B.A. Polytechnic, ITI, Nursing Assitant Etc.
M.: 8505978850, 9634519104

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108